ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • चैत्र शुक्ल पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 26 मार्च 2023 • वर्ष-24 • अंक-53 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

जैकलीन के खिलाफ मानहानि मामले की... पेज 12 पर



## वासंतिक नवरात्र

### पंचम : स्कन्दमाता



**नवरात्रि** के पांचवें दिन स्कन्दमाता की उपासना का दिन होता है। स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं। इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है।

सिंहासनगता नित्यं
पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी
स्कन्दमाता यशस्विनी॥

**मां** अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। भगवान स्कंद 'कुमार कार्तिकेय' नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति कह कर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इन्हीं भगवान स्कन्द की माता होने के कारण मां दुर्गाजी के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। नवरात्रि-पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित मनवाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाओं एवं चित्तवृत्तियों का लोप हो जाता है। वह विशुद्ध चैतन्य स्वरूप की ओर अग्रसर हो रहा होता है। मां स्कन्दमाता की उपासना से भक्त की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं। इस मृत्युलोक में ही उसे परम शांति और सुख का अनुभव होने लगता है। उसके लिये मोक्ष का द्वार स्वमेव सुलभ हो जाता है।

# नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व शुरू



**मंगलवार 28 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सम्पन्न होगा महापर्व**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ नहाय-खाय के साथ शनिवार से शुरू हो गया। चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार 26 मार्च को खरना, सोमवार 27 मार्च को शाम का अर्घ्य और मंगलवार 28 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व सम्पन्न हो जायेगा। हिन्दू पंचांग के अनुसार साल में दो बार छठ का महापर्व मनाया जाता है। कार्तिक माह में मनाए जानेवाली छठ पूजा की तरह ही चैती छठ पर्व श्रद्धालुओं द्वारा पूरी आस्था व विश्वास के साथ मनाया जाता है।

इधर, राजधानी रांची सहित विभिन्न हिस्सों में चैती छठ को लेकर तैयारियां भी जोर-शोर से की जा रही है। छठ घाटों की साफ-सफाई तेजी से की जा रही है। कुछ स्थानों पर कृत्रिम तालाब भी बनाए गए हैं। 28 मार्च मंगलवार को चौथे दिन सप्तमी तिथि को उदीयमान भगवान भास्कर को प्रातः 05:55 के बाद अर्घ्य दिया जाएगा।



## महिला विश्व मुक्केबाजी

# नीतू बनी विश्व चैम्पियन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की नीतू घंघास (48 किग्रा) ने दो बार की एशियाई चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की लुत्सेखान अल्तांसेटसेग को शनिवार को खचाखच भरे आईजी स्टेडियम में 5-0 से हराकर विश्व चैम्पियन बनने का गौरव हासिल कर लिया। दोनों मुक्केबाजों ने मुकाबले में आक्रामक शुरुआत की, लेकिन यह भारतीय मुक्केबाज थी जिसने मंगोलियाई मुक्केबाज के चेहरे पर पंच लगाए और पहला राउंड 5-0 से जीत लिया। दूसरा राउंड नजदीकी हुआ लेकिन नीतू इसे 3-2 से जीतने में कामयाब रहीं। तीसरे राउंड में नीतू ने स्मार्ट तरीके से खेलते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। टूर्नामेंट के दौरान नीतू ने अपना दबदबा बनाये रखा। उन्होंने रेफरी स्टॉप कॉन्टेस्ट (आरएससी) फैसलों के जरिये तीन बाउट जीती है।




# गांधी हूं, सावरकर नहीं

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले राहुल : मैं सवाल पूछना बंद नहीं करूंगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार दोपहर पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहाः मैं पहले भी कई बार कह चुका हूं कि देश में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। इसके उदाहरण हम आए दिन देख रहे हैं। मैंने संसद में पीएम मोदी और अडाणी के रिश्तों को लेकर सवाल पूछा, लेकिन मुझे बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि मेरा नाम सावरकर नहीं है, गांधी है और गांधी माफी नहीं मांगता है।

**हिन्दुस्तान में लोकतंत्र पर हो रहा है आक्रमण :** राहुल ने कहा, मैंने कई बार बोला है कि हिन्दुस्तान में लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है। इसके हमें रोज नए-नए उदाहरण मिल रहे हैं। मैंने संसद में सबूत दिए, अडाणी और मोदी के रिश्ते के बारे में बोला। अडाणी को नियमों में बदलाव करके एयरपोर्ट दिए गए, इस पर मैंने संसद में बात की। मैंने अडाणी पर केवल एक सवाल पूछा था। मैं सवाल पूछना जारी रखूंगा और भारत में लोकतंत्र के लिए लड़ूंगा।

पूर्व सांसद ने कहा कि संसद में दिया गया मेरा भाषण हटा दिया गया और बाद में मैंने लोकसभा अध्यक्ष को एक विस्तृत उत्तर लिखा। कुछ मंत्रियों ने मेरे बारे में झूठ बोला कि मैंने विदेशी ताकतों से मदद मांगी, लेकिन मैंने ऐसा कुछ नहीं किया है। मैं सवाल पूछना बंद नहीं करूंगा। मैं पीएम मोदी और अडाणी के रिश्तों पर सवाल उठाता रहूंगा।

**मुझे इन लोगों से डर नहीं लगता है :** राहुल ने पूछाः अडाणी का नरेंद्र मोदी से क्या रिश्ता है? इन लोगों से मुझे डर नहीं लगता। इनको लगता है कि मेरी सदस्यता रद्द करके, डराकर, धमकाकर या जेल भेजकर मुझे बंद कर सकते हैं, लेकिन मैं हिन्दुस्तान के लोकतंत्र के लिए लड़ रहा हूं और लड़ता रहूंगा।

**देश में लोकतंत्र पर हो रहा है हमला, आए दिन देखने को मिल रहे उदाहरण**



### राहुल के सवाल अब देश भर में गूंजेंगे : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता की आवाज दबाई नहीं जा सकती। ये सवाल अब देश भर में गूंजेंगे और उन्हें जवाब देना होगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द किए जाने पर प्रियंका गांधी ने शनिवार को ट्वीट कर कहाः इन्हीं सवालों के लिए राहुल गांधी पर हमला किया जा रहा है। जनता द्वारा चुने हुए जनसेवक ने जनता की तरफ से सवाल पूछे तो अडाणी-सेवक ने जनसेवक की आवाज दबाने की साजिशें रच डालीं। लेकिन जनता की आवाज दबाई नहीं जा सकती। ये सवाल अब देश भर में गूंजेंगे और जवाब देना होगा। प्रियंका गांधी ने कहा, राहुल गांधी ने एक सच्चे देशभक्त की तरह अडाणी की लूट पर सवाल उठाया। नीरव मोदी और मेहुल चौकसी पे सवाल उठाया। क्या आपका मित्र गौतम अडाणी देश की संसद और भारत की महान जनता से बड़ा हो गया है कि उसकी लूट पर सवाल उठा तो आप बौखला गए?

### मुझे सच्चाई के अलावा किसी चीज में दिलचस्पी नहीं

**कांग्रेस** नेता ने कहा कि उन्हें सच्चाई के अलावा किसी चीज में दिलचस्पी नहीं है। मैं केवल सच बोलता हूं, यह मेरा काम है और मैं इसे करता रहूंगा चाहे मैं अयोग्य हो जाऊं या गिरफ्तार हो जाऊं। इस देश ने मुझे सब कुछ दिया है और इसलिए मैं ऐसा करता हूं।

**भाजपा ध्यान भटकाने का काम करती है :** राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की मेरी कोई भी स्पीच देख लीजिए। मैंने हमेशा कहा है कि सब समाज एक हैं। नफरत, हिंसा नहीं होनी चाहिए। ये ओबीसी का मामला नहीं है। ये नरेंद्र मोदी और अडाणी के रिश्ते का मामला है। भाजपा ध्यान को भटकाने का काम करती है, कभी ओबीसी की बात करेगी तो कभी विदेश की बात करेगी।

**राहुल की सदस्यता रद्द होने पर भाजपा बोली**

## राजनीति कर रही कांग्रेस, क्यों नहीं लिया स्टे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर उनकी लोकसभा सदस्यता जाने के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि बड़े-बड़े वकील होने के बावजूद भी पार्टी राहुल गांधी के मसले पर दोष सिद्धि पर रोक लगाने के लिए कोर्ट क्यों नहीं गई। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर कहा कि उनकी सदस्यता का मुद्दा अडाणी मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए है।

राहुल गांधी के आरोपों के खिलाफ पत्रकार वार्ता में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी लगातार झूठ बोल रहे हैं। सूरत कोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के तहत उन्हें सजा सुनाई है। इस सजा पर वे या उनकी पार्टी चाहती तो स्टे ले सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसी के चलते प्रक्रिया के तहत उनकी लोकसभा सदस्यता गई।



उन्होंने कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा का उदाहरण दिया और कहा कि उन्हें बचाने के लिए 01 घंटे के अंदर सुप्रीम कोर्ट से स्टे लिया गया था। रविशंकर ने कहा कि राहुल गांधी के मामले में पार्टी ने ऐसा नहीं किया। इससे साफ स्पष्ट होता है कि कर्नाटक चुनावों की दृष्टि से पार्टी इस मुद्दे को भुनाने की कोशिश कर रही है।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आलोचना का मतलब गाली देना नहीं होता है। राहुल गांधी ने एक सरनेम का अपमान किया है। राहुल गांधी अकेले नहीं है जिनकी सदस्यता गई है। इससे पहले भी कई जनप्रतिनिधियों की सदस्यता गई है। उसमें सभी पार्टियों के नेता है। भाजपा के नेताओं की भी सदस्यता गई है।

# स्टील के कचरे से बन रहीं सड़कें

## रांची-जमशेदपुर रोड पर भी होगा इसका इस्तेमाल

**केंद्रीय सड़क-परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने की है इस प्रयोग की तारीफ**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश में स्टील उत्पादन के दौरान निकलने वाले कचरे यानी स्लैग का इस्तेमाल अब देश में सड़कों के निर्माण में किया जा रहा है। रांची-जमशेदपुर के बीच हाल में बनकर तैयार हुई इंटर कॉरिडोर फोर लेन सड़क में स्टील उद्योग से निकले कचरे का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हुआ है। वेस्ट मटेरियल माना जाने वाला स्टील स्लैग स्टील इंडस्ट्री के लिए बहुत दिनों से एक बड़ी मुसीबत बनकर सामने आ रहा था। देश के सड़क-परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस प्रयोग की तारीफ की है। गडकरी ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट डाला है। उन्होंने कहा है कि रोड निर्माण में स्टील स्लैग के इस्तेमाल से लागत में कमी आती है। सड़क मजबूत बनती है और इसकी थिकनेस भी कम हो जाती है। गडकरी के मुताबिक देश में सड़क निर्माण में अब एग्रीगेट के रूप में स्टील स्लैग का इस्तेमाल किया जा रहा है। सूरत (गुजरात) के हजीरा में सिक्स लेन का पायलट प्रोजेक्ट सफल होने के बाद झारखंड में भी इसका सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया है। रांची-जमशेदपुर इंटर कॉरिडोर में 4-लेन मार्ग निर्माण में स्टील स्लैग का इस्तेमाल हुआ है। इस सड़क में शहरबेड़ा नामक जगह से महुलिया तक 44 किमी की दूरी तक के निर्माण में इसका इस्तेमाल किया गया है।



सीएसआईआर (काउंसिल आफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) की मदद से सूरत में स्टील कचरे से बनाई गई पहली सड़क पूरे देश के लिए उदाहरण बन गई। सीएसआईआर के अनुसार देश में पारंपरिक सड़कों ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# पीएम की सुरक्षा में चूक

**पीएम मोदी की तरफ भागता हुआ आया शख्स**

**सुरक्षा एजेंसियों ने युवक को हिरासत में लिया, की जा रही है पूछताछ**

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में सेंध लगाने की घटना सामने आई है। पीएम की रैली के दौरान एक शख्स को पीएम की तरफ दौड़ लगाने की कोशिश करते वक्त पकड़ा गया है। वहीं, तीन महीने के अंदर दूसरी बार पीएम की सुरक्षा में सेंध लगने से हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों ने युवक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। शख्स के बारे में पूरी जानकारी जुटाई जा रही है।

बता दें कि यह पूरी घटना दावणगेरे की है। यहां पीएम मोदी का रोड शो निकाला जा रहा था। सड़क के दोनों तरफ भीड़ जुटी थी और नारेबाजी चल रही थी। इसी बीच शख्स ने भागकर पीएम तक पहुंचने की कोशिश की। बताया गया कि यह शख्स काफिले में घुसने की कोशिश कर रहा था। पीएम के इतने करीब पहुंच जाना गंभीर सवाल माना जा रहा है।



दरअसल, पीएम के रोडशो को लेकर तीन से चार लेयर की सुरक्षा रखी दी गई थी। रोड के दोनों तरफ बैरिकेड लगाए गए थे। यहां मौजूद लोगों को पहले से बता दिया गया था कि बैरिकेड जंप करके सड़क पर नहीं आना है, सिर्फ अभिवादन करना होगा। इसके बावजूद आरोपी युवक बैरिकेड जंप करके पीएम की तरफ बढ़ने लगा। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस और होमगार्ड ने उसे पकड़ लिया। इसे गंभीर सुरक्षा चूक माना जा रहा है।

## बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत, दो घायल

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-मैक्लुस्कीगंज पथ पर कुसुमटोली के के पास शुक्रवार की देर रात दो बाइक की टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान हेचकल तिर्की और छोटू गंझू के रूप में हुई जबकि अमित गंझु और सहदेव गंझू गंभीर रूप से घायल हो गया सभी चंदवा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सरहुल मनाने के बाद बाइक सवार युवक अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच कुसुमटोली के पास विपरीत दिशा से आ रहे दोनों बाइकों में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घर से बाहर निकले तो देखा कि युवक गंभीर अवस्था में सड़क पर पड़े हुए हैं। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## NEWS इन ब्रीफ

### राज्य के कुछ हिस्सों में आंधी-तूफान के साथ हल्की बारिश की संभावना

**रांची।** राज्य के मौसम में उतार चढ़ाव जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले तीन दिन राज्य के कुछ हिस्सों में आंधी-तूफान के साथ हल्की बारिश की संभावना है। आज और कल के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। आगामी 29 मार्च को मौसम के मुख्यतः साफ रहने का पूर्वानुमान है। हालांकि, इसके बाद 30 और 31 मार्च को बारिश के आसार हैं।

### आज से देवघर-पटना सीधी हवाई सेवा शुरू

**देवघर।** देवघर से पटना के लिए आज से पहली सीधी फ्लाइट शुरू हो रही है। ये सेवा इंडिगो के द्वारा यात्रियों को पटना और रांची से देवघर जाने के लिए शुरू की जा रही है। 26 मार्च को पटना से देवघर और 27 को रांची से देवघर के लिए विमान सेवा शुरू हो रही है। पटना से यात्री अब एक घंटे के अंदर बाबा बैद्यनाथ का दर्शन करने के लिए देवघर पहुंच सकेंगे। यात्रा शुरू होने से ठीक एक दिन पहले विमान का किराया करीब तीन हजार के आसपास पहुंच गया। पटना से देवघर फ्लाइट से यात्रा करने में यात्री काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।




**फैसला** **बदलते विश्व परिदृश्य में करीब आ रहे हैं दोनों देश**

# भारत-जापान की दोस्ती तोड़ेगी चीन का चक्रव्यूह!

**रूस-यूक्रेन** युद्ध में एक साल की मियाद पार हो जाने के बावजूद संघर्ष के खात्मे को लेकर दुनिया किसी एक राय पर पहुंचने के बजाय खेमों में ज्यादा बंटती जा रही है। एक नया सर्वेक्षण बताता है कि अमेरिका समेत समूचे यूरोप ने रूस को अपना साझा दुश्मन मान लिया है और इन देशों में यूक्रेन को युद्ध जीतने में मदद करने पर सर्वसम्मति है, भले ही इसके लिए युद्ध को कितना भी लंबा क्यों न खींचना पड़े। इस सर्वेक्षण का एक बड़ा संदेश ये दिख रहा है कि दुनिया एक बार फिर शीत युद्ध के दौर में पहुंच रही है और इस बार दो धुरी वाली दुनिया में अमेरिका के मुकाबले रूस नहीं बल्कि चीन खड़ा है। इस थ्योरी में काफी हद तक सच्चाई भी है, जिसके कारण अब यूक्रेन से जुड़े हर घटनाक्रम को इसी चश्मे से देखा जा रहा है। वो चाहे रूस विरोधी खेमे से जुड़े जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की औचक यूक्रेन यात्रा हो या चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का मॉस्को का पूर्व निर्धारित दौरा या फिर रूस का साथ देते हुए भी अमेरिका की अगुवाई वाले रूस-विरोधी खेमे से गर्मजोशी वाले रिश्ते बनाए रखने वाली भारत की संतुलित रणनीति।



उपेंद्र राय



### और मजबूत हो रहे हैं भारत और जापान के संबंध

**जापानी** प्रधानमंत्री के हाल के दौरे पर भारत इस रणनीति पर और आगे बढ़ा है। भारत और जापान के संबंध पारंपरिक रूप से मजबूत रहे हैं और यूक्रेन पर अलहदा राय रखने के बावजूद दोनों देश लगातार एक दूसरे के करीब आते जा रहे हैं। जाहिर है चीन से साझा खतरा इसकी एक बड़ी वजह है। जापान कई मौकों पर साफ कर चुका है कि शांत और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत अपरिहार्य है। इस क्षेत्र की शांति, समृद्धि और स्थिरता भारत के लिए भी जरूरी है। चीन ने जिस तरह अपनी बेल्ट एंड रोड पहल को बढ़ावा देते हुए यहां अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाई है, वो समूचे दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी एशिया के लिए खतरे की घंटी है। भारत दौरे पर जापान के प्रधानमंत्री किशिदा ने जिस तरह इस क्षेत्र के तमाम देशों की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# पलामू में टीएसपीसी के पांच नक्सली गिरफ्तार

**नावा बाजार ईंट भट्टे पर की थी आगजनी**

**एरिया कमांडर समेत पांच दबोचे गए**

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू पुलिस को शनिवार को प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी (टीएसपीसी) के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने टीएसपीसी के टॉप कमांडर रंजन सहित पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों ने 21 मार्च को नावाबाजार थाना के कंडा घाटी में स्थित एसकेएम ईंट-भट्ठे में खड़े पांच वाहनों को आग के हवाले किया था। पलामू पुलिस के अधिकारी गिरफ्तार नक्सलियों से पूछताछ कर रहे हैं। इस घटना के बाद पलामू पुलिस पूरे इलाके को घेरकर सर्च अभियान चला रही थी। इसी सर्च अभियान में जिला पुलिस को सफलता मिली है और टीएसपीसी के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

पलामू पुलिस ने नावाबाजार, पाटन, नावाजयपुर, मनातू, छतरपुर के सीमावर्ती इलाकों में सर्च अभियान चलाया और सभी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार नक्सलियों ने पलामू पुलिस के अधिकारी को कई अहम जानकारी दी है, जिसके बाद पुलिस के टॉप अधिकारी सर्च अभियान चला रहे हैं। गिरफ्तार नक्सलियों ने टीएसपीसी के समर्थक उसके ठिकाने समेत कई बिंदुओं पर पुलिस को जानकारी दी है।

# श्याम मंदिर में भंडारे का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड़ के श्री श्याम मंदिर में हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा से प्रतिदिन विशेष पूजन व अन्य कार्य हो रहे हैं। श्री श्याम मंदिर में प्रतिदिन हजारों हजार की संख्या में भगतजन पधार रहे हैं। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंदिर में बासन्तिक नवरात्र का अनुष्ठान मंदिर के आचार्य संजय पांडे द्वारा विधि विधान से किया जा रहा है। श्री दुर्गा सप्तशती के पाठ व आरती के समय भगतजन शेरावाली मैया के दरबार में मत्था टेक कर अपने परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना करते हैं। बासन्तिक नवरात्र के अवसर पर व प्रत्येक शनिवार को हो रहे श्री श्याम भंडारे के क्रम में शनिवार को 55 वां श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की देखरेख में भंडारे का प्रसाद निर्मित कर मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं व गुरुजनों को भोग अर्पित किया गया। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व अन्य भगतों ने श्री श्याम बाबा के भोग भजनों का गायन कर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पूर्व सांसद अजय मारु, राजीव रंजन मित्तल ने मंदिर के अचार्यो को भंडारे का प्रसाद खिला कर भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारम्भ किया। मंदिर परिसर भगतजनों भरा था। खाटु नरेश की जय जयकार हो रही थी। हरमू रोड़ में लम्बी लम्बी कतार लगी हुई थी। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि भंडारे के प्रसाद में आज हलवा,पूड़ी व सब्जी का प्रसाद बनाया गया था। 2500 से ज्यादा भगतों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। भंडारा वितरण में सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, पूर्व सांसद अजय मारु, राजीव रंजन मित्तल, प्रदीप राजगड़िया, श्रवण ढाढनिया, श्याम सुन्दर शर्मा, अमित सरावगी, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल,रमा सरावगी,अनिल नारनौली, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, स्नेह पोद्दार, श्याम सुन्दर जोशी, राहुल मारु, अभिषेक सरावगी, रतन शर्मा, संजय सर्राफ, राजेश चौधरी, साहित्य पवन, रौनक पोद्दार, मनोज खेतावत,मनीष वर्मा उपेंद्र पांडे, स्नेहा पोद्दार संजय अग्रवाल उअ, प्रकाश काबरा, संतोष पोद्दार,आचार्य रतनाकर शर्मा, आचार्य अनूप दाधीच, सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा व्यवस्था वितरण में सहयोग किया।

मंगलवार को श्री सुन्दरकांड :-
श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड़ के श्री श्याम मंदिर में 28 मार्च मंगलवार को सायं 4-30 बजे से 42 वां श्री सुन्दरकांड -श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन होगा। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी भगतजनों से चैत्र नवरात्रा के समय इस आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया है।

## मारंगहादा स्वास्थ्य मेला में एक हजार मरीजों की हुई जांच

**खूंटी।** खूंटी प्रखंड के मारंगहादा गांव में प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक ग्रामीणों ने इलाज कराया। 50 प्लस विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का इलाज किया। मोबाइल यूनिट के माध्यम से भी लोगों की जांच की गई। मौके पर साथ ही यहां आयुष्मान कार्ड के लिए भी विशेष शिविर लगाया गया। इस अवसर पर मातृत्व शिशु स्वास्थ्य, हृदय रोग, मोबाइल केयर, आंख, चर्म रोग, दांत , न्यूरो से संबंधित गंभीर रोगों का इलाज किया गया। साथ ही ग्रामीणों के बीच 130 चश्मा का भी वितरण किया गया। कैम्प में दिव्यांग जनों के बीच विभिन्न उपकरणों का वितरण भी किया गया। इस दौरान सिकल सेल एनीमिया शिविर में 60 लोगों की जांच की गई। इसमें तीन मरीज सिकल सेल पॉजिटिव पाए गए। इस दौरान लोगों को सिकल सेल एनीमिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह ने लोगों को स्वास्थ्य का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

# नामकुम में निकलेंगी 30 अखड़ों के साथ झांकियां



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
श्री महावीर मण्डल केंद्रीय समिति नामकुम बाजार की बैठक शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, आखड़ा अध्यक्ष अनिल वर्मा, उपाध्यक्ष बीकू सिंह राजा सिंह व अशोक मुण्डा कि अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान टांड़ में सभी अखड़ाधारियों व झांकियों के सदस्यों व पदाधिकारियों से बैठक कर तैयारी चर्चा कर आमंत्रण दिया गया। इस मौके पर मनोज कुमार सिंह व अनिल सिंह ने कहा कि सभी अखड़ाधारियों व झांकियों से अपील करते हुए कहा है कि शांतिपूर्ण ढंग अपने-अपने गणतव्य से निर्धारित समय पर पहुंचे अस्त्र-शस्त्र का प्रर्दशन करने का अवसर मिले। इस इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीकू सिंह राजा साहब ने रामनवमी में इस वर्ष नामकुम प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों से करीब 30 अखड़ा व झांकियां पहुंचेगी। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध करते हुए कहा कि रामनवमी गुरूवार होने के बाजारहाट न लगाया जाए। इस दौरान समिति की ओर से अखड़ाधारियों व झांकियों के सुविधा के लिए सैकड़ों की संख्या में वॉलिटियर के साथ-साथ डॉक्टर की टीम सहित अन्य प्रकार की सभी प्रकार व्यवस्था की गई। इस मौके पर रिंकू राय, मुन्ना बड़ाईक, बबलू सिंह, मंटू राय, शारदा देवी, अनिल कुमार अखिलेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## निर्माणाधीन दीवार गिरने से महिला की मौत

**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बसारगढ़ रोड नंबर तीन में स्थित निमार्णाधीन मकान की दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। घटना शनिवार शाम चार बजे की है। मृतक महिला का नाम कलावती देवी है और वह अपर हटिया पिथियाटोली की रहने वाली थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद महिला के परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजन और ग्रामीण हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि महिला की हत्या की गई है। खबर मिलने के बाद तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया, लेकिन हंगामा कर रहे लोगों ने शव उठाने देने से इंकार कर दिया। कहा कि जब तक निमार्णाधीन मकान के मालिक पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तब तक वे शव को उठाने नहीं देंगे। साथ ही मृतक महिला के परिजनों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे थे।

### नामकुम से 35 कुंतल डोडा बरामद, डोडा में बाजार मूल्य 35 लाख रुपए की

# बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
नामकुम थाना के सपारोम गांव से एक कन्टेनर में लदे 193 चीनी के बोरे में करीब 35 किंवटल डोडा बरामद हुआ है। घटना की जानकारी नामकुम थाना में मुख्यालय प्रथम की एएसपी मूमल राजपूरोहित ने पत्रकरों को बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सपारोप गांव से एक कन्टनेर से डोडा बाहर ले जाया जा रहा है, सूचना पाकर स्वंयम उनके नेतृत्व में थाना प्रभारी सुनील तिवारी, सब इंस्पेक्टर रवि केशरी व उनकी टीम पहुंची। पुलिस को देख मौके से कन्टेनर से चालक व खलासी फरार हो गए। वहीं कन्टेनर को दो बाइक स्कॉट कर रहें थें, इसी क्रम में एक युवक पकड़ा गया। जब पुलिस ने कन्टेनर की जांच शुरू किया तो देखा की 50 बोरियों में आलू का चिप्स रखे हुए है, और उसके अंदर सैकड़ों बोरियों में डोडा भरा हुआ है। जिसके बाद कन्टेनर सहित थाने ले आई, जहां पर सभी बोरियों गिनती व तौल एएसपी के सामने किया गया। 193 बोरियों में 35 क्विंटल डोडा है। बजार में इसकी किमत करीब 35 लाख रुपए बतायी गई है। कन्टेनर राजेस्थान के आरजे 14जीई 4072 को बाइक से स्कॉट कर रहें दो बाइक सवार में एक बाइक सवार सानिका पाहन (30) को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया की जांच किया तो पाया की कन्टेनर का मालिक जोधपुर का बल्देव विश्नोई है, वहीं चालक जैसलेमर का अमरडीन खान है। डोडा के खेप खरीद-ब्रिकी करने में वालो में सानिका पाहन के अलावे नामकुम के मादी मुण्डा डुडुरदाग नवाडीह खूटी का बिरसा मुण्डा व घाटीगढ़ा मारगहदा का विकास शामिल था।

## जमशेदपुर में 27 मार्च को आजसू पार्टी की होगी बैठक

**रांची ।** राहुल गांधी की सांसद की सदस्यता खत्म होने के संबंध में आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा है कि राहुल गांधी द्वारा जो टिप्पणी की गई थी वह राजनीतिक अशुचिता का उदाहरण है । राष्ट्रीय पार्टी के सबसे बड़े नेता द्वारा गैर जिम्मेवार बयान की समाज को उम्मीद नहीं थी । उन्होंने कहा कि न्यायालय का सम्मान करना हर नागरिक का मूल कर्तव्य है । पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होने कहा कि आजसू पार्टी 27 मार्च को गोल्डन लीफ रिजॉर्ट जमशेदपुर में आजसू पार्टी के केंद्रीय बैठक आयोजित की गई है इसकी अध्यक्षता पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो करेंगे । इस बैठक में जन पंचायत एवं अन्य भावी कार्यक्रम सहित 2024 के आने वाले चुनाव से संबंधित रणनीतियां भी तैयार की जाएगी एवं कई अन्य विषय पर चर्चा होगी।

# संगीत नृत्य का आयोजन 26 मार्च को मारवाड़ी भवन में



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राज्य राजधानी रांची की सुप्रसिद्ध नवगठित संस्था झारखंड राजस्थानी अकादमी द्वारा रविवार समयः सांय 4 बजे से स्थानः मारवाड़ी भवन, हरमु रोड, रांची में राजस्थान मुकुंदगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार संजय बिरख एवं 15 सदस्य टीम द्वारा राजस्थानी लोक संगीत व नृत्य का वृहद आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष अजय मारू व महासचिव विनय सरावगी ने संयुतरूप से देते हुए कहा की आयोजन का विधिवत उद्घाटन सुप्रसिद्ध समाजसेवी, डॉ. लोहिया के विचारों के चिंतक वयोवृद्ध देवकी नंदन नारसरिया द्वीप प्रज्वलित कर करेंगे। ज्ञातव्य हो कि नवगठित संस्था का मूल उद्देश्य राजस्थानी भाषा व संस्कृति को बढ़ावा देना व समाज को एक सूत्र मे पिरोना है। महासचिव बिनय सरावगी ने कहा की राज्यस्तरीय इस संस्था का निबंधन झारखंड सोसाइटी एक्ट 15/2020-21 में पंजीकृत है एवं आयोजन को सफल संचालन के लिए संयोजक रविशंकर शर्मा, सह संयोजक मनोज बजाज, अशोक पुरोहित, शिवशंकर साबू एवं प्रभारी आनंद गोयल, कुणाल जालान, राहुल मारू, किशन शर्मा व अन्य को मनोनीत किया गया है। विदित हो की झारखंड की राजधानी रांची में वर्षों पश्चात राजस्थानी लोक संगीत नृत्य का आयोजन प्रस्तुत होगा। कुरजा राजस्थानी की सुप्रसिद्ध संस्था के बेताज बादशाह संजय बीरख (मुकुंदगढ़) अपनी सुरीली शेखावटी आवाज के जादूगर है, उनके साथ मुख्यरूप से श्रीदीपक टेलर, श्रीकांत जांगिर, गोपाल सिंह, हरि मोहन, घनश्याम सुवेता सहित पंद्रह सदस्य कलाकारदल राजस्थान जयपुर से हवाई मार्ग से रांची पधारकर अपनी कला को बिखेरेंगे। संयोजक रवि शर्मा व मनोज बजाज ने कहा की आयोजन को लेकर तैयारी जोरों से चल रही है एवं समस्त समाज बंधुओं व सामाजिक संस्थाओं से निवेदन किया है की आयोजन में शामिल होकर अपनी सभ्यता संस्कृति को बढ़ावा दे।

# प्राकृतिक क्षतिपूर्ति मुआवजा के लिए राशि भुगतान की स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से मकान क्षति के प्रभावितों को मुआवजा हेतु राशि भुगतान की स्वीकृति दी है। अंचल अधिकारी, नामकुम के प्रतिवेदन अनुसार प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से आवेदक/ आवेदिका जेम्स सांगा एवं अन्य (कुल 13 प्रभावित व्यक्ति) सभी निवासी नामकुम अंचल, जिला-रांची को उनके मकान की प्रकृति के अनुरूप क्षति का आंकलन कर क्षतिपूर्ति राशि भुगतान करने की स्वीकृति दी गई है। क्षतिपूर्ति राशि का आंकलन निम्न प्रकार से है : कच्चा मकान की आंशिक क्षति हेतु कुल 08 आवेदकों (प्रत्येक आवेदक को 3,200/- रुपए) क्षतिपूर्ति राशि भुगतान की स्वीकृति दी गई है। 1. जेम्स सांगा, बलिकट, नामकुम, रांची , 2. सिला देवी, नचलदाग, हातुदामी, नामकुम, रांची, 3. हीरा एक्का, सिठियो, नामकुम, रांची, 4. सुनिता देवी, सिदरौल नामकुम, रांची, 5. मदन महतो, सिदरौल नामकुम, रांची, 6. घनश्याम मिर्धा, लोधमा तेतरी नामकुम, रांची, 7. मालती देवी, तंजु, नामकुम , 8. रवि नायक, नचलदाग, हातुदानी, नामकुम रांची। पक्का मकान की आंशिक क्षति हेतु प्रत्येक आवेदक 5,200/- रुपए क्षतिपूर्ति राशि भुगतान की स्वीकृति दी गई है। विनय महतो, टाटीसिलवे, नामकुम रांची। कच्चा मकान की पूर्ण क्षति हेतु प्रत्येक आवेदक 95,100/- रुपए क्षतिपूर्ति राशि भुगतान की स्वीकृति दी गई है। ठिबु कच्छप, चन्दाघासी नामकुम, रांची, रामु कुमार महतो नामकुम गुरुटोली, नामकुम, रांची, कच्चा मकान गंभीर क्षति हेतु प्रत्येक आवेदक 101900/- रुपए क्षतिपूर्ति राशि भुगतान की स्वीकृति दी गई है।, उमेश महतो, नचलदाग, हातुदामी, नामकुम, रांची, सावित्री देवी, नचलदाग, नामकुम रांची।

## अपराधी को हथियार के साथ पुलिस ने किया गिफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने सरहुल जुलूस के दौरान आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम ब्रजेश सिंह उर्फ राजा सिंह है और वह महावीर नगर खलारी का रहने वाला है। आरोपी के पास से पुलिस ने देसी पिस्टल के अलावा गोली भी बरामद की है। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली कि सरहुल के जुलूस में एक व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है। खलारी थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने केडी बाजार हिंदूगढ़ी चौक के पास से एक व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से हथियार बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने चार साथियों के साथ मिलकर आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहा था।

# भाजपा के राज में संविधान व लोकतंत्र को खतरा : भुवनेश्वर




**नवीन मल संवाददाता। रांची**
भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ट नेता सह हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने प्रेस बयान जारी कर कहा केंद्र की राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर आना और 2 साल की सजा दिलाना, केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए हर हथकंडे अपना रही है। देश में कार्यपालिका विधायिका ,न्यायपालिका और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ भी मोदी सरकार में प्रभावित हो रही है । सरकार के खिलाफ खड़े होने वाले, उनके खिलाफ बोलने वाले ,लिखने वाले सब उनके विरोधी खेमे में खड़े हैं। सब की आवाज को दबाने के लिए सीबीआई, ईडी, न्यायालय सभी को अपने व्यक्तिगत एजेंसी के रूप में इस्तेमाल कर रही है। देश में आपातकाल की स्थिति पैदा हो गई है। पूर्व में तानाशाह सरकार ने इंदिरा गांधी को भी जेल में डाला था, परिणाम उन्हें सत्ता गवाना पड़ा और इंदिरा गांधी प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में आई, आज देश के अंदर एक एक कर के तमाम विपक्षी पार्टी के बड़े नेताओं से लेकर निचले तबके के लोगों को भी केंद्र की सरकार परेशान कर रही है। उन्हें हर हथकंडे को अपनाकर लोकसभा विधानसभा की सदस्यता समाप्त करा रही है । उन्हें जेल भेजने के लिए हर साजिश को कामयाब बनाने के लिए लगी हुई है । नेताओं ने कहा ए मन शुबा मोदी सरकार का पूरा नहीं होने वाला है । आने वाले दिन 2024 लोकसभा के चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए तमाम विपक्षी पार्टियों को एक मंच पर आने की जरूरत है। नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में पूरे देश में विपक्षी चट्टानी एकता के साथ सड़कों पर उतरना चाहिए। केंद्र सरकार के विरोध में बड़े लड़ाई की शंखनाद करनी चाहिए। 2024 की लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की सरकार विपक्षी खेमे को तोड़ने के लिए हर हथकंडे अपनाएगी।

## कोल इंडिया की ओर से आज मैराथन का आयोजन

**रांची।** कोल इंडिया की ओर से रविवार को मैराथन का आयोजन किया गया है। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। सुबह चार से दस बजे दिन तक मोरहाबादी से कांके रोड व पिठोरिया इलाके में वाहनों के आवागणन पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार मैराथन मोरहाबादी फुटबाल स्टेडियम से शुरू होगी और सुतियाम्बे तक जाएगी, इसके बाद वहां से वापस फुटबॉल स्टेडियम लौटेगी। इसको लेकर पिठोरिया चौक से कांके रोड होकर राम मंदिर आने वाले मार्गों में वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। पिठोरिया चौक से कांके रोड राम मंदिर आने वाले सभी वाहन विपरीत मार्ग(रांग साइड) के माध्यम से अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। राम मंदिर चौक से सिद्धू कान्हू मोड़, राजकीय अतिथिशाला होकर मोरहाबादी तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

**सम्मान** ओडिशा ने हॉकी में बंगाल को 20-0 से पराजित किया

# सोनम हुई प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हॉकी झारखंड और जिला प्रशासन खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में खुटी के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बिरसा कॉलेज कैंपस में 19 से 26 मार्च तक आयोजित प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर महिला एवं जूनियर पुरुष पूर्वी क्षेत्र हॉकी चैंपियनशिप 2023 के आज सातवे दिन महिला वर्ग में तीन मैच खेले गए जिसमें हॉकी एसोसिशन ऑफ ओडिसा ने हॉकी बंगाल को 20-0 से पराजित किया। ओडिशा के सुप्रिया कुजुर को प्लेयर ऑफ द मैच, हॉकी झारखंड ने हॉकी मिजोरम को 2-1 से पराजित किया झारखंड के निशा मिंज को प्लेयर ऑफ द मैच हॉकी बिहार ने हॉकी असम को 2-1 से पराजित किया हॉकी बिहार के सोनम कुमारी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आज के महिला वर्ग के मैच में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड की प्रथम महिला अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सावित्री पूर्ति एवम पुस्पा टोपनो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया तथा प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड वितरण किया। पुरुष वर्ग में 2 मैच खेले गए हॉकी बिहार और हॉकी बंगाल के बीच दोनों ही टीमें 2=2 गोल के बराबरी पर रही इस मैच में बिहार टीम के दानिश को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही आज का अंतिम और लीग कभी अंतिम मैच हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिसाऔर हॉकी झारखंड के बीच खेला गया जिसमें हॉकी झारखंड उड़ीसा को 3-1 से पराजित किया झारखंड के दीपक सोरेन को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आज के पुरुष वर्ग के मैच में मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष श्री कड़िया मुंडा जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नवल टाटा हॉकी एकेडमी के डायरेक्टर गुरजीत एवं चंद्रानी मजूमदार सहित जिला के कई अधिकारी उपस्थित थे। कल प्रतियोगिता के अंतिम दिन 26मार्च को तीसरे एवं चौथे स्थान के लिए महिला वर्ग का सुबह 7:00 बजे हॉकी एसोसिएशन ऑफ उड़ीसा और हॉकी बिहार के बीच तथा पुरुष वर्ग का सुबह 9:00 बजे हॉकी बंगाल और हॉकी बिहार के बीच खेला जाएगा,तथा फाइनल मैच महिला वर्ग का 11:00 बजे हॉकी झारखंड और हॉकी मिजोरम के बीच तथा पुरुष वर्ग का 2:15 में हॉकी झारखंड और हॉकी एसोवियन ऑफ उड़ीसा के बीच खेला जाएगा। कल फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के माननीय खेल मंत्री हफीजुल अंसारी उपस्थित रहेंगे आज हॉकी झारखंड के सीईओ रजनीश कुमार और एसोसिएट उपाध्याय धर्मेंद्र सिंह ने खेल मंत्री से मिलकर इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच का मुख्य अतिथि का आमंत्रण दिया और माननीय खेल मंत्री जी ने अपने आने की सूचना स्वीकृति दी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में हॉकी झारखंड और जिला प्रशासन खूंटी के सभी पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, सुनील नायक ,शुशील टोपनो,जुनास मुंडा , विश्वाशी पूर्ति,सहित हॉकी खूंटी की पूरी टीम उत्साह से लगे हुए है ।

## डीडीसी ने गांव में बने अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया

**बुढ़मू।** रांची के डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने शनिवार को बुढ़मू प्रखंड के भांटबोडेया तथा कोराबार गांव में बने अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया। मौके पर डीडीसी ने उक्त तालाबों से अधिक से अधिक संख्या में किसानों द्वारा सिंचाई करने की बात कही। साथ ही उन्होंने तालाबों के मेड़ में मनरेगा से पौधरोपण करने का निर्देश भी दिया। इस अवसर पर पानी के लिए पंचायत के लाभुकों ने उपविकास आयुक्त से इन तालाबों को गहरीकरण करने की मांग भी किया। इस पर डीडीसी ने उपस्थित भूमि संरक्षण विभाग के अभियंता को प्राक्कलन बंनाने का निर्देश भी दिया। विदित हो कि भांटबोडेया में भूमि संरक्षण विभाग तथा कोराबार में जिला परिषद से अमृत सरोवर तालाब का निर्माण किया गया है। मौके पर बीडीओ नम्रता जोशी, बीपीओ निशिकांत ठाकुर, अभियंता शाहबाज, अमित कुमार, मुखिया दशरथ उरांव, हेसल पीढ़ी पंचायत के मुखिया कुसेन्द्र पाहन, कलेश्वर महतो समेत अन्य मौजूद थे।

# सरहुल शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू**
बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण सौहादपूर्ण वातावरण में भाई चारगी के साथ प्रकृति का पर्व सरहुल मनाया गया। सरहुल में सभी जगह लोग पारंपरिक वेशभूषा में झूमते गाते नजर आए प्रखंड क्षेत्र के उमेडंडा, सोसई, बड़का मुरू, ठाकुरगांव, ओझासाड़म, छापर सहित कई जगहों में जुलूस में निकाला गया। कई जगहों के जुलूस में बुढ़मू प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू , समाज सेवी सनोज यादव सहित अन्य लोग शामिल हुए। साथ ही छापर, हेंदाग, तिलैया, भवानी, लुती बेड़ा सहित कई गांवों में सरहुल धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान छापर में पंचायत समिति सदस्य निशा देवी, जितेंद्र मुंडा, चरकू मुंडा, प्रदीप मुंडा, ग्राम प्रधान शिबू मुंडा, महेंद्र मुंडा, समाजसेवी शिव लाल मरांडी, मनोज मुर्मू, सुखू मांझी, मित्रा उरांव सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर हेसल पीड़ी पंचायत के मुखिया कुसेंद्र पाहन, प्राचीन मुंडा धर्म संस्था के सचिव प्रोफेसर डॉक्टर चंद्रदेव मुंडा, बुढ़मू प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख जगजीवन महतो, आम आदमी पार्टी के रांची जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार गंझू , बुढ़मू प्रखंड के मतवे निवासी समाजसेवी हयूल अंसारी, समाजसेवी खल्लू खान, सीएसी क्लब बुढ़मू के युवा समाजसेवी शुभम सिन्हा,समेत प्रखंड के कई लोगों ने सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी।

# रामनवमीः 5000 होमगार्ड होंगे तैनात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रामनवमी पर विधि व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए राज्य के 24 जिलों में 5000 होमगार्डो की तैनाती होगी। ताकि शोभायात्रा में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं हो सके। इस साथ ही अपराधिक तत्वों के लोगों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सभी चौक-चौराहनों पर सीसीटीवी कैमरों से निगहबानी की जायेगी। पुलिस प्रशासन की ओर शोभायात्र जुलूस में एक दूसरों का सहयोग करते रहेंगे। इस यात्रा में जगह-जगह पर जुलूस में चल रहे श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया जायेगा। इससे भाईचारगी और बढ़ेगी। इन सभी समस्याओं को लेकर पुलिस प्रशासन होमगार्ड जवानों को तैनात करेगी। इस संबंध में एडीजी अभियान ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन सभी जवानों की तैनाती 28 मार्च से एक अप्रैल तक के लिए होगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने स्वीकृति आदेश में कहा है कि रामनवमी पर्व पर विधि व्यवस्था के संधारण के लिए सभी जिलों के लिए 28 मार्च से लेकर चार अप्रैल तक पांच दिन के लिए पांच हजार होमगार्ड जवानों की तैनाती पूरे प्रदेश में की जाएगी। 28 मार्च को सभी होमगार्ड अपने-अपने जिलों में योगदान देंगे, जहां से सभी पुलिस अधीक्षकों के जरिए उन्हें जिले की सुरक्षा और विधि व्यवस्था के संधारण के काम में लगाया जाएगा। रांची- 500, खूंटी- 100, रामगढ़- 100, लोहरदगा- 200, गुमला- 200, सिमडेगा- 100, जमशेदपुर- 300, चाईबासा- 200, सरायकेला- 150, धनबाद- 300, बोकारो- 300, पलामू- 250, गढ़वा- 250, लातेहार- 100, हजारीबाग- 500, चतरा- 200, कोडरमा- 100, गिरिडीह- 200, दुमका- 150, जामताड़ा- 300, साहिबगंज- 250, गोंदा- 100 और देवघर जिले में 150 होमगार्ड जवानों की तैनाती करने करने का आदेश है। हजारीबाग और राजधानी रांची में सबसे ज्यादा 500-500 होमगार्ड की तैनाती की जा रही है। क्योंकि, हजारीबाग की रामनवमी बेहद संवेदनशील होती है। अन्य जिलों में योगदान देने के बाद सभी होमगार्ड को जिलों के एसपी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों पर अन्य सुरक्षा बलों के साथ तैनात करेंगे। कुछ स्थानों पर इन्हें ट्रैफिक व्यवस्था में भी लगाया जाएगा।

# नक्सली को एनआईए ने लिया दो दिनों की रिमांड पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एनआईए ने कुख्यात नक्सली कमांडर अमन गंझू और जतरू खेरवार को रिमांड पर लिया है। अगले तीन दिन तक अमन और जतरू से एनआईए बुलबुल जंगल में आईईडी ब्लास्ट को लेकर पूछताछ करेगी। एनआईए की तरफ से दोनों ही कुख्यात नक्सलियों से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड की अवधि की डिमांड की गई थी। हालांकि अदालत ने फिलहाल मात्र दो दिनों तक की ही रिमांड को मंजूर किया है। दोनों नक्सली कमांडर रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं। एनआईए ने नक्सली अमन और जतरू को बुलबुल जंगल में चल रहे नक्सल अभियान के दौरान हुए सीरीज विस्फोट को लेकर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड के लोहरदगा जिले के घोर नक्सल प्रभावित बिहार थाना क्षेत्र के बुलबुल जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान कई आईईडी

**इलाके में कई स्थानों पर अभी भी गोला बारूद छुपाकर रखे गए हैं**

**नक्सलियों ने कई तकनीकों का भी इस्तेमाल किया था**

ब्लास्ट हुए थे। इस दौरान नक्सलियों ने कई तकनीकों का भी इस्तेमाल किया था। इस आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ में कई जवान भी घायल हुए थे। लोहरदगा के पेशरार थाना में इसकी प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसे एनआईए टेकओवर कर जांच कर रही है। इस ब्लास्ट की योजना बनाने में कई बड़े नक्सलियों के हाथ होने की संभावना है। जानकारी यह भी है कि इलाके में कई स्थानों पर अभी भी गोला बारूद छुपाकर रखे गए हैं। एनआईए की सूचना पर कई स्थानों से गोला बारूद बरामद भी किए गए हैं।

## अदालत की खबरें

### पूजा सिंघल पर बहस पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** मनी लान्ड्रिंग केस की आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में शनिवार को सशरीर हाजिर हुईं। इस दौरान खूंटी जिले से जुड़े मनरेगा घोटाला केस में पूजा सिंघल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर दोनों ओर से बहस हुई। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी और विक्रांत सिन्हा ने पक्ष रखा। ईडी की ओर से अधिवक्ता आतिश कुमार ने बहस की। अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी ने बताया कि बहस के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। उल्लेखनीय है कि पूजा सिंघल पर खूंटी मनरेगा घोटाला के जरिए करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित कर घोटाले के जरिये कमाए हुए पैसों को अलग-अलग जगह निवेश करने का आरोप हैं। पूजा सिंघल फिलहाल प्रोविजनल बेल पर हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने कई शर्तों के साथ दो महीने की जमानत दी है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को 25 वर्ष कारावास की सजा

**रांची।** जिले के अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी विशाल पाडेया को दोषी करार देते हुए पॉक्सो एक्ट के धारा 6 के तहत 25 साल की कारावास और 15 हजार जुमार्ने भरने की सजा सुनाई है। इस मामले में चाईबासा जिले के मुफ्फसिल थाना पुलिस ने वर्ष 2021 में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। नाबालिग लड़की टीवी देखने विशाल पाडेया के घर गई थी। उस वक्त विशाल घर में अकेले था और उसने अकेला पाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मामले की जानकारी मिलने पर नाबालिग के परिजनों ने मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।

### बर्खास्त मेयर की याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शनिवार को गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई हुई। मामले में अब 12 अप्रैल को कोर्ट इस केस के मेरिट पर सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने बहस की। एकल पीठ ने इस संबंध में याचिकाकर्ता सुनील कुमार पासवान की रिट याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके पास बाद उनकी ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गई है। अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने का आरोप सही पाए जाने के बाद सुनील पासवान को मेयर पद के अयोग्य घोषित किया गया था। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित गिरिडीह नगर निगम के मेयर पद पर सुनील कुमार पासवान का चयन वर्ष 2018 में हुआ था। उनके खिलाफ झामुमो कार्यकर्ता ने उनके जाति प्रमाण पत्र को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की थी। इसके बाद गिरिडीह डीसी ने जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द कर दिया था।

### राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ.शांडिल्य ने भागीदारी की

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने 23 से 25 मार्च तक मेघालय में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। यह सम्मेलन एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, नई दिल्ली और यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मेघालय की ओर से आयोजित था। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद थे। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन शनिवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और विशिष्ट अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी थे।

### सड़क दुर्घटना में मृत महिला के पुत्र को मिलेगा एक लाख

**रांची।** सड़क दुर्घटना में मृत महिला के पुत्र को जिला प्रशासन की ओर से एक लाख रुपया दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि 26 दिसम्बर 2021 को जगन्नाथपुर थाना निवासी कुंती देवी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। मामले को लेकर मृतका के पुत्र मिन्टु पासवान ने आवदेन दिया था। मृतका के पुत्र को एक लाख रुपये मुआवजा राशि दी गई। विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से आवदेन अनुसार मुआवजा दिया जा रहा है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। अंचल अधिकारी नगड़ी, उप समाहर्ता भूमि सुधार, सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि एक लाख रुपए मात्र मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति उपायुक्त की ओर से प्रदान की गई है।

# कांग्रेस ने पीएम का पुतला फूंका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शनिवार को रांची युवा कोंग्रेस महानगर कार्यकारी अध्यक्ष कुमार विक्की के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय के बगल में हरमू चौक पर केंद्र सरकार की तानाशाही रवैये के खिलाफ सर में काला पट्टा बांधकर नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। कुमार विक्की ने कहा की हमलोगों के नेता और कोंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी की सांसद की सदस्यता खत्म करने के विरोध में आज हमलोगों ने मोदी जी का पुतला दहन किया। यह हाइपर आक्टिव डिसीशन है। कोर्ट मोदी जी के इशारे पर कार्य कर रही है। भारत जोड़ों यात्रा से डर गई है भाजपा। सदस्यता समाप्त होना लोकतंत्र के लिए काला दिन है। देश अमृतकाल नही आपातकाल की ओर अग्रसर है। चोर, लुटेरे बेफिक्र घूम रहे है और



सजा आवाज उठाने वाले को मिल रही है। सदस्यता खत्म करवाना एवं चुनाव के लिए आयोगय ठहराने वाली करवाई से भाजपा का चेहरा साफ नजर आगया है जिसे जनता कभी स्वीकार नही करेगी। यह लोकतंत्र का अपमान है और तानाशाही के अंत की शुरूआत है। केंद्र सरकार ने देश की सभी इजेंसियो को विपक्ष के बिछे लगा दिया है ताकि विपक्ष की आवाज को दबा सके। कोंग्रेस ना तो कभी रुकी है और ना ही कभी रुकेगी। आने वाले दिनों में आंदोलन और भी तेज होगा। हमलोग न्यायालय का पूर्ण सम्मान करते है, हमलोग अपने नेता राहुल गांधी जी के साथ मिलकर सड़क से सदन तक आवाज बुलंद एवं संघर्ष करने का कार्य करेंगे। जिसमें मुख्य रूप से कोंग्रेस संगठन प्रभारी रवीन्द्र सिंह, ओबीसी अध्यक्ष अभिलाष साहू,प्रदेष कोंग्रेस के महासचिव अजयनाथ सहदेव, प्रदेश सचिव अमरेन्द्र सिंह युवा कोंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप रवि, प्रदेश महासचिव प्रियंका सिसोदिया,प्रदेश सचिव सदाब खान, महानगर अध्यक्ष जामिल अख़्तर, महासचिव मोहम्मद एनयतुला, राँची विधान सभा अध्यक्ष गौरव सिंह,हटिया विधान सभा अध्यक्ष रवि सिंह, हटिया विधान सभा के उपाध्यक्ष अंकित सिंह राठौड़ काँके विधान सभा के उपाध्यक्ष हुसैन अंसारी, चांदनी जी, आशिक अंसारी,पवन कुमार,तालिब, साहिल,आदि सेकड़ो कार्यकर्ता मोजूद थे

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**बुंडू।** रांची-टाटा हाइवे पर बुंडू के गोसांइडीह के पास एक बाइक (जेएच-01बीवाई-7556) अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। इसमें बाइक सवार विकास चंद्र ठाकुर (30 वर्ष) की मौत हो गई। जबकि, बाइक सवार अन्य युवक मंटू महली गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मंटू को रिम्स में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार शाम लगभग साढ़े तीन बजे की है। मृतक विकास चंद्र ठाकुर बुंडू के वारेडीह गांव का निवासी था। घायल मंटू बुंडू के ही गुटूहातु गांव का निवासी है। परिजनों के अनुसार, मृतक राज मिस्त्री का काम करता था। उसके दो बच्चे भी हैं। घटना के समय वह अपनी बाइक पर अपने मित्र मंटू के साथ सरहूल शोभायात्रा देखने बुंडू आ रहा था। गोसांइडीह के निकट वह रोड की दाहिनी ओर से बाईं ओर पार कर रहा था कि एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।

# रमजान का महीना सभी महीनों से बेहतर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। रामजान का महीना सभी महिनों से बेहतर मनाया गया। इस माह में अल्लाह की तरफ से गुनाहों की तलाफी होती है। शैतान को जंजीरों से जकड़ दिया जाता है ताकि नेक बंदों को किसी तरह से बहका नहीं सके। अल्लाह का फरमान है कि इस माह रोजा जो मोमिन रखता है उसकी बख्शाईश होती है। उसके गुनाह माफ होते हैं। इस माह में जितना भी हो सके लोगों को जकात अदा करनी चाहिए। जिससे गुनाहों से निजात मिल सके। रमजान की खूबियां इतनी हैं कि इस महीने का मुकाबला कोई और महीना नहीं कर सकता। अगर आपको पता हो कि रमजान के महीने में क्या-क्या फायदे और बरकते हैं तो वह शख्स साल भर रमजान के महीने की दुआ करेगा। रमजान का महीना परहेजगारी पर आधारित है। जिस घर की नींव कमजोर होती है वह घर कमजोर हो जाता है। जो मुसलमान रमजान



के महत्व को नहीं जानता वह कमजोर है। अल्लाह ने तीन अशरा पर रमजान को तय किया है। पहला अशरा रहमत का। अल्लाह ने पहले दस दिनों को रहमत का बनाया। ताकि तुम अपने हिसाब से अल्लाह की रहमत को अपनी झोली में भर सको। नबी करीम (स.) ने फरमाया ऐ लोगों अपनी ज़िंदगी के हर पल दुआ किया करो कि रमजान आने से पहले अगर तुम्हारी मौत लिख दी गई है तो अल्लाह से दुआ करो कि तुम्हारी मौत रमजान के महीने में हो। मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी, इमाम व खतीब मस्जिद जाफरिया रांची।

# कुरान को रमजान से और रमजान का कुरान से गहरा संबंध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रमजान का मुबारक महीना चल रहा है। जो रहमत, मगफि रत और जहन्नम से आजादी का महीना है। अल्लाह पाक इस महीने में मोमिन के कर्मों का सवाब दस से सात सौ गुना तक बढ़ा देता है। इसलिए इस महीने में इबादत, कुरान कि तिलावत ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए। अल्लाह ने रोजे का मकसद(तकवा) नफ्स पर कंट्रोल बताया है। रोजे में हर व्यक्ति को झूठ, छल, कपट, और वाद-विवाद से बचना चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि अल्लाह के रसूल सल्ल ने फरमाया है कि जो कोई रोजा रखे और झूठ बोले, धोखा दे और ऐसा करने से ना रुके तो अल्लाह को ऐसे इंसान के भूखे-प्यासे रहने की कोई जरूरत



नहीं है। इस महीने में, अल्लाह ने पवित्र कुरान को उतारा। कुरान को रमजान से और रमजान से निकटता से संबंधित हैं। अल्लाह के पैगंबर (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) रमजान के महीने में अक्सर पवित्र कुरान का पाठ करते थे। इसलिए हर मोमिन को चाहिए कि कुरआन की तिलावत करे और उसके माना मतलब को समझने की कोशिश करनी चाहिए। इसी तरह तरावीह में कुरान सुनने और पढ़ने का एहतमाम करें। हजरत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी काजी शरियत दारुल कजा इमारत शरिया रांची।

### सरहुल शोभायात्रा देखने गए युवक की दुर्घटना में मौत

**कांके।** सरना मैदान कांके में सरहुल की शोभायात्रा देखने गए गारू गांव कांके के 21 वर्षीय युवक विनय कुमार पिता कलेश्वर महतो उर्फ छेदी महतो की मौत वाहन दुर्घटना में हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों व सूत्रों ने बताया कि यह घटना लगभग शाम की 6:30 बजे की है। उस समय शोभायात्रा में आए महिला पुरुषों की संख्या काफी अधिक थी। सरना मैदान मुख्य सड़क से काफी ढलान पर है। इस दौरान चूड़ी टोला या अरसंडे से साउंड सिस्टम लेकर आए वाहन जेएच01 डब्ल्यू 1519 वापस ढलान से ऊपर चढ़ रहा था। उसी वक्त युवक रास्ते में आ गया और वाहन ने इसे कुचल दिया। युवक के ऊपर आगे और पीछे का दोनों चक्का चढ़ जाने के कारण यह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे सरना समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में 108 एंबुलेंस बुलाकर रिम्स भेजा। लेकिन तब तक रास्ते में ही इसकी मौत हो गई थी।

# डीजे बजाने को लेकर विवाद बढ़ा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिले के बेड़ो में दो समुदायों के बीच तनाव उत्पन्न होने पर गांव में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। दोनों समुदायों के स्थलों पर बजने वाले लाउडस्पीकर की आवाज को लेकर दोनों समुदाय आमने-सामने आ गए। जानकारी मिलते ही पुलिस पदाधिकारियों ने शुक्रवार देर रात से ही गांव में डेरा डाल दिया। इस संबंध में शनिवार को ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि धार्मिक स्थल से वाद्य यंत्र बजने के बाद दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने समझा-बुझाकर दोनों पक्ष के लोगों को घर भेज दिया। किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। स्थिति तनावपूर्ण पर नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि दोनों समुदाय के पूजा स्थलों पर बजने वाले लाउडस्पीकर को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की थी। दोनों पक्ष के लोगों को मामले के समाधान के लिए थाना बुलाया गया। थाना में



भीड़ के कारण दोनों पक्षों के पांच-पांच लोगों को 11 बजे बीडीओ कार्यालय में बुलाया गया। इसके बाद सभी ग्रामीण वापस गांव चले गए लेकिन शुक्रवार की रात ही दोनों समुदाय आमने-सामने आ गये और गांव में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता दलबल के साथ करांजी गांव पहुंचे। थाना प्रभारी की सूचना पर एसडीएम, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, डीएसपी रजत मणिक बाखला, बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार और सीओ सुमंत तिर्की मौके पर पहुंचे। इसके अलावा नरकोपी, इटकी व लापुंग थाना के साथ रांची से भी सशस्त्र बल के जवान व पुलिस पदाधिकारी गांव पहुंचे।

पदाधिकारियों ने दोनों पक्ष के लोगों से बात की। उनके समझाने पर दोनों पक्ष के लोग शांत होकर घर वापस चले गए लेकिन गांव की स्थिति को देखते हुए डीएसपी रजत मणिक बाखला, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, सीओ सुमंत तिर्की व थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता सशस्त्र बलों के साथ रात से ही गांव में कैंप कर रहे हैं।

**तकनीक** | **दलहन उत्पादन की उन्नत कृषि तकनीक पर किसान गोष्ठी**

# वैज्ञानिक परामर्श किसानों से साझा करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग के आरबी प्रसाद मेमोरियल हॉल में दलहन उत्पादन की उन्नत कृषि तकनीक विषय पर एकदिवसीय किसान गोष्ठी -सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित मुल्लार्प अनुसंधान परियोजना के जनजातीय उपपरियोजना अधीन संचालित इस कार्यक्रम में रांची जिले चान्हो प्रखंड के गोके, कजंगी, भदई, बेयासी, कुल्लू एवं चुरियों गांव के कुल 60 जनजातीय पुरुष एवं महिला किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह ने कहा कि दलहन बहुउपयोगी एवं महत्वपूर्ण फसल




है। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण एक बड़ी समस्या है और दाल से प्रोटीन स्वतः और सस्ता उपलब्ध हो जाता है। इसकी खेती से भूमि की उर्वरा शक्ति में बढ़ोतरी और इसके अवशेष का चारा के रूप में उपयोग किया जा सकता। उन्होंने कहा कि दलहनी फसलों की खेती सालोभर की जा सकती है। इसकी खेती में किसान उन्नत, प्रमाणित एवं स्वस्थ्य बीज एवं बुवाई पूर्व खेतों में चुना का प्रयोग करें। बुवाई पूर्व बीज का उपचार, राईजोबियम कल्चर का प्रयोग के साथ-साथ उचित शस्य प्रणाली एवं कीट-रोग प्रबंधन से अच्छी उपज ली जा सकती। उन्होंने किसानों को प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों से अपनी समस्यायों को साझा करने, वैज्ञानिकों के परामर्श एवं प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी जानकारी को अन्य किसानों से साझा करने की बात कहीं। मौके पर उन्होंने प्रतिभागी किसानों को उपादान स्वरूप वीडर मशीन, दवाई स्प्रे मशीन एवं कीड़ो से बचाव व सुरक्षित भंडारण के लिए सीड बीन बांटा। निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ एस कमार्कार ने किसानों को दलहनी फसलों के बीज उत्पादन से दुगुना लाभ लेने पर जोर दिया। ऊपरी भूमि में अधिक गहराई में मूंग एवं उरद तथा कम गहराई में अरहर लगाने की सलाह दी। उन्होंने किसानों को प्रमाणित बीज का प्रयोग, खेतों में सटीक स्थान पर उर्वरक का प्रयोग, उचित कतार एवं दुरी पर बुवाई तथा खेतों में प्रति एकड़ पौध संख्या बरकरार रखने की बात कहीं। मौके पर एसोसिएट डीन (कृषि अभियंत्रण) ई डीके रूसिया ने दलहनी फसलों में प्रयुक्त कृषि यंत्रो की उपयोगिता की जानकारी दी। ग्रामीण स्तर पर लघु दाल मिल में दालों का आसानी से प्रसंस्करण के बारे में बताया। स्वागत में मुल्लार्प परियोजना अन्वेंषक डॉ. सीएस महतो ने दलहनी फसल सुधार कार्यक्रम, फसल प्रबंधन एवं फसल बचाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आगामी खरीफ मौसम में मूंग, उरद एवं अरहर की खेती को बढ़ावा देने के कार्यक्रम किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. नीरज कुमार, डॉ. रवि कुमार, डॉ. नर्गिस कुमारी, डॉ सविता एक्का और डॉ. बिनय कुमार ने दलहन फसल प्रौद्योगिकी से किसानों को अवगत कराया। वैज्ञानिकों ने किसानों से दलहनी फसलों की खेती की समस्यायों को जाना और उचित सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद डॉ सीएस महतो ने दी।

### विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**रांची।** विधायक प्रदीप यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने गर्मी के मद्देनजर स्कूलों के समय में बदलाव करने का आग्रह किया है। प्रदीप यादव ने लिखा है कि 15 मार्च को एक आदेश दिया गया, जिसमें स्कूलों में एक अप्रैल से 30 जून तक प्रातः सात बजे से दो बजे दिन तक कक्षा संचालन का निर्देश है। इस अवधि में एक बजे दिन से दो बजे तक बच्चों की खेल गतिविधियां का भी आदेश है। यह समय ऐसा है जिस वक्त बहुत ज्यादा गर्मी होती है। विधायक ने लिखा है कि सुबह सात बजे कई बच्चे खाली पेट ही स्कूल जाते हैं। ऐसे में एक तो गर्मी ऊपर से खेल के दौरान कोई भी हादसा हो सकता है। विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन कक्षा संचालन के लिए प्रात सात बजे से बारह बजे तक ही रखा जाना चाहिए, जिसमें बच्चों के पढ़ाई की गतिविधियों के लिए सरल एवं व्यावहारिक होगा।

# झारखंड हेल्थ केयर समिट में राज्यपाल ने की शिरकत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शनिवार को रांची में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा झारखंड हेल्थ केयर समिट का आयोजन किया गया । इसके मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन थे । इस अवसर पर उन्होंने टीबी से मुक्त भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए झारखंड राज्य को उन्होंने बधाई दी । उन्होंने समाज की भलाई के लिए हर छोटे-बड़े प्रयासो की सराहना भी की। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने टीबी मुक्त अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 2025 तक झारखंड को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया गया है । उन्होंने झारखंड के चिकित्सा संरक्षण अधिनियम के बारे में भी उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है आने वाले समय में इसका साकारात्मक परिणाम मिलेगा।

NEWS इन ब्रीफ

## केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 27 से

**रांची।** केंद्रीय विद्यालयों में सत्र 2023-24 के प्रवेश के लिए 27 मार्च से आवेदन जमा होने शुरू हो जाएंगे। इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 27 मार्च से 17 अप्रैल तक आवेदन जमा किए जा सकते हैं। वही दसवीं कक्षा तक की खाली सीटों पर प्रवेश के लिए 3 अप्रैल से 12 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र और अभिभावकों का आधार कार्ड के अलावा निवास प्रमाण पत्र और बच्चे की पासपोर्ट साइज की फोटो जरूरी है। इसके अलावा अभिभावकों को अपना मोबाइल नंबर और मेल आईडी भी देना होगा।

## नामकुम में निकलेगी 30 अखड़ा और भव्य झांकियां

**रांची।** रामनवमी को लेकर नामकुम से 30 अखड़ा और झांकियां निकलेगी। श्री महावीर मण्डल केंद्रीय समिति नामकुम बाजार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह बताया कि अखड़ाधारियों और झांकियों से अपील किया कि शांतिपूर्ण ढंग अपने-अपने गणतव्य से निर्धारित समय पर पहुंचे और अस्त्र-शस्त्र का प्रर्दशन करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण कुमार, बबलू सिंह, मंटू राय, बिरसा पाहन, अनिल कुमार सहित अन्य लोग जुटे हुए हैं।

## दाहू यादव के पिता गिरफ्तार

**साहिबगंज।** ईडी साहिबगंज में एक हजार करोड़ से अधिक मनी लाउंड्रिंग की जांच कर रही है। ईडी को दाहू यादव की तलाश है। इस पर ईडी ने उसके परिवार के सदस्यों को आरोपित बनाया है। एक आपराधिक मामले में शनिवार को दाहू यादव के पिता पशुपति यादव को साहिबगंज से गिरफ्तार किया है। दाहू यादव मनी लाउंड्रिंग मामले में ईडी के द्वारा गिरफ्तार पंकज मिश्रा का खास सहयोगी है। पंकज मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद से ही दाहू यादव फरार चल रहा है। ईडी ने मामले में दाहू यादव के पिता पशुपति यादव और बेटे राहुल यादव को आरोपित बनाया है। दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव के खिलाफ भी वारंट लिया था।

## पिकअप वैन लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मांडर।** मांडर पुलिस ने अभियुक्त चचकोपी निवासी अबुतालिब अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है।चोड़ा चामा निवासी साबीर अंसारी जो पिकअप वैन के चालक उनके द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर अबुतालिब अंसारी अपने अन्य तीन साथियों के साथ दो बाईक पर दो दो सवार होकर नारो जंगल के समीप से उक्त पिकअप वाहन लूट कर भाग गए थे। मांडर थाना कांड संख्या 48/23के इसी अप्राथमिक अभियुक्त को मांडर पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया।

## पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खूंटी।** तेजस्विनी क्लब, कोड़ाकेल के तत्वावधान में प्रखंड कार्यालय मुरहू में शनिवार को पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुरहू मिथिलेश कुमार सिंह और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है। कि मिलेट उत्पाद के मामले में हमारा देश लगातर अग्रसर हो और हमारे गांव के लोग दैनिक जीवन में अधिक से अधिक मोटे आहार जैसे मूंग, बाजरा आदि का उपयोग करें।

# दिव्यांगों को सुविधा दे रही सरकार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
शनिवार को सिमडेगा नगर भवन में रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तत्वधान में दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण का निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी, विशिष्ट अतिथि नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू ,जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह,विधायक प्रतिनिधि शमी आलम रावेल लकड़ा, सिमडेगा बीडीओ एवं सीओ के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। इस मौके पर कोलेबिरा विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग समाज के सशक्त सोच को दशार्ता है। दिव्यांग अपने आप को कमजोर ना समझे वह समाज के एक अभिन्न अंग है सरकार उनके लिए सभी प्रकार की कार्य कर रही है ताकि उनका विकास हो सके। सरकार आज उन्हें पेंशन एवं सभी प्रकार की उपकरण देने का कार्य कर रही है जिससे कि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई ना हो। वर्तमान समय में झारखंड में भी दिव्यांगों के लिए कई प्रकार के सरकारी सुविधाओं का लाभ देने का काम वर्तमान सरकार कर रही है इसके अलावा इनके लिए विशेष कानून के तहत कई सुविधाएं दी गई है। उन्होंने सभी लोगों को परिश्रम करते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। वहीं नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू ने संबोधित करते हुए कहा कि आज रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से एलिम्को नामक कंपनी के माध्यम से जो उपकरण दी जा रही है इससे दिव्यांगों को चलने-फिरने, सुनने,देखने आदि चीजों में सुविधा होगी। उन्होंने दिए हुए सामानों की सही तरीके से उपयोग एवं अपने आपको हमेशा स्वस्थ समझने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने आप को कमजोर ना समझे ईश्वर ने आपको भेजा है तो आप अपने आत्मविश्वास को बढ़ाकर समाज में एक नई कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं। इधर जिला परिषद सदस्य ने भी संबोधित करते हुए सभी को शुभकामना देते हुए साथ ही कंपनी एवं आयोजन करने वाले लोगों को भी शुभकामनाएं दी और कहा कि इसी प्रकार के सहयोग करने से समाज में दिव्यांगों के अंदर हौसला बढ़ेगी और अगर इनके अंदर हौसला बढ़ेगी तब जाकर यह समाज के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून अपने अंदर पैदा कर सकेंगे।कहा कि आप सभी कभी भी किसी भी समय हमें याद करें आपकी समस्याओं को सुनने के लिए हम हमेशा सदैव तत्पर रहेंगे । इधर कार्यक्रम में सिमडेगा सदर प्रखंड एवं जलडेगा प्रखंड के कुल 81 चयनित दिव्यांग जनों के बीच ट्राईसाईकिल सहित विभिन्न प्रकार के उपकरण वितरण किए गए साथ ही उन्हें चलाने के बारे में भी जानकारी दी गई इधर ट्राईसाईकिल सहित अन्य उपकरण पाकर काफी खुश नजर आ रहे थे।

## कृष्णा उरांव को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के कंजिया में एक 17 वर्षीय युवती के द्वारा प्रेम प्रसंग मामले में आत्महत्या के अभियुक्त कृष्णा उरांव को मांडर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है।मांडर थाना कांड संख्या 49/23 में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार प्रेमी के द्वारा प्रेमिका को घर से बाहर इधर उधर नहीं जाने के प्रतिबंध से तंग आकर बीते बुधवार की रात प्रेमिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था।मांडर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रेमी कृष्णा उरांव को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है। परिजनों के अनुसार कृष्णा का लड़की से लगभग तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।वह लड़की से शादी करने वाला भी था किंतु वह बराबर अपनी प्रेमिका को घर से बाहर कहीं भी आने जाने से रोकता रहता था जिससे वह मानसिक रुप से परेशान होकर आत्महत्या कर बैठी, ऐसी उम्मीद जताई जा रही है।

## सहारा इंडिया फ्रेंचाइजी कार्यालय का 14 वां स्थापना दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हिंडालको मोड़ के समीप स्थित सहारा इंडिया के मुरी फ्रेंचाइजी कार्यालय में मंडल प्रमुख संजीव कुमार की अध्यक्षता में 14 वां स्थापना दिवस केक काटकर मनाया गया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मंडल प्रमुख ने कहा कि सहारा इंडिया में लोगों का धन पूरी तरह से सुरक्षित है। वर्तमान में कानूनी अड़चन आने के कारण भुगतान में विलंब हो रहा है परंतु निकट भविष्य में भुगतान संबंधी समस्या का शीघ्र ही निपटारा हो जाएगा क्योंकि उच्च प्रबंधन भी लगातार प्रयासरत है। वही रीजनल प्रमुख बीपी मिश्रा के द्वारा उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संस्थागत गतिविधि की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। सभा का समापन फ्रेंचाइजी प्रमुख गौराग कोईरी के द्वारा किया गया। इस मौके पर सदानंद सोनार, कमलेश दुबे, मनोज कुमार, मोहम्मद अजीम, दशरथ कुमार, अनीता देवी, सोनाटा सेन, योगेंद्र कोइरी, राजेश कोइरी, चंदन कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वयं सेवी संस्था ने सरकार की नीति के खिलाफ किया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो / लोहरदगा**
स्वंय सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के सदस्यों ने शनिवार को हाई स्कूल शिक्षक बहाली में उर्दू/संस्कृत के अभ्यर्थियों से एम. ए. डिग्री की मांग किये जाने के खिलाफ चांदनी चौक कैरो में विरोध प्रर्दशन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए सोसायटी के महासचिव खुर्शीद अंसारी ने कहा कि झारखंड की मौजूदा सरकार पढ़े-लिखे नौजवानों को परेशान करने पर अड़ी रहती है।बिना जरूरत नये-नये हथकंडे अपना कर राज्य के युवाओं का मनोबल तोड़ना ही इस सरकार का काम रह गया है। मीडिया प्रभारी सोनू रजा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में 11-13 जिलों की नियोजन नीति का मामला जाने के बाद बहाली स्थगित थी।अब सुप्रीम कोर्ट के बहाली पूरी करने के निर्णय आने के बाद जेएसएससी द्वारा एम ए डिग्री मांगने कानया नौटंकी शुरू कर दिया है।आश्चर्य की बात यह है कि इस पर सरकार के मंत्री या विधायक कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। जहंगीर अंसारी ने कहा कि एक ही बहाली में दोहरी नीति नहीं चलेगी।सरकार शीघ्र इस मामले पर विचार कर जो प्रारंभ में नियमावली बनी है, उसी के आधार पर बहाली पूरा करे, अन्यथा राज्य के युवा अब उलगुलान करने पर विवश होंगे। मौके पर पूर्व महासचिव शकील अंसारी, रोजामात अंसारी, अरशद अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी, अबरार अंसारी, तुफैल खान, जीशान अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कैरो बाजार टाड़ में रामनवमी त्योहार को लेकर बैठक

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखण्ड के कैरो बाजार टांड़ में बजरंगबली मंदिर के सामने शनिवार को रामनवमी त्योहार को लेकर कैरो थाना के एस आई ऋषिकेश शर्मा के अध्यक्षता में क्षेत्रीय शांति समिति की बैठक हुई।मौके पर कैरो थाना सब इंपेक्टर हरिऔध करमाली ने कहा कि पर्व त्योहार शांति पूर्वक आपसी प्रेम सौहार्द के साथ मनाए,जुलुस में अभद्र गाने,नारे न लगाएं,किसी प्रकार का कोई अफवाह न फैलाएं, समय से उचित मार्गो से जुलूस को गुजारने में सहयोग करें।उन्होंने कहा कि जुलूस का विडिओ रिकार्डिंग कराई जाएगी,साथ साथ कैरो मस्जिद में लगे सी सी कैमरा के मदद से भी नजर रखी जायेगी एक दूसरे के सहयोग से ही शांति पूर्वक त्योहार मनाया जा सकता है।मौके पर एस आई संयज कुमार, महाबीर मंडल के अध्यक्ष विवेक प्रजापति, कृष्णा साहू,गंगा साहू, मोजहिर अंसारी, ईमतियाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने चान्हो प्रखंड में अमृत सरोवर का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**
शनिवार को चान्हो प्रखंड के बलसोकरा में अमृत सरोवर योजना के तहत चल रहे कार्य का राँची उप विकास आयुक्त दिनेश यादव द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। अमृत सरोवर का निर्माण भूमि संरक्षण एवं जिला परिषद के द्वारा किया जा रहा है उपविकास आयुक्त के द्वारा जिला अभियंता मिथिलेश पांडे, कनीय अभियता, जिला परिषद,बाली उरांव एवं कनीय अभियता भूमि संरक्षण आलोक कुमार व लाभुक समिति के सदस्यो को सरोवर की संरचना कार्य में सुधार हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही सरोवर की उपयोगिता, जीविकोपार्जन से संबधित जानकारी दी गयी।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, प्रोजेक्ट ऑफिसर मनीष कुमार,पंचायत के मुखिया ,प्रखंड के पदाधिकारियों, कर्मी के साथ ग्रामीण उपस्थित थे ।

# रामनवमी त्योहार पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजरः अख्तर अली

**नवीन मेल संवाददाता।
पेशरार/लोहरदगा**



जिले के अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र में रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली के द्वारा की गई। इधर बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह प्रमुख मौजूद रहे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव ने कहा कि पेशरार क्षेत्र में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराये जाने को लेकर प्रखंड और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है। त्यौहार को आपसी भाईचारा के साथ मनाएं किसी तरह का अफवाह और गड़बड़ी पैदा करने से परहेज करें यदि क्षेत्र में किसी तरह का कोई हुडदंग करते हुए पाए जाते हैं तो वैसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसे लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। त्यौहार के दौरान पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पेशरार थाना क्षेत्र में रामनवमी का त्यौहार पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच संपन्न कराई जाएगी। मौके पर पेशरार थाना के कई पदाधिकारी और प्रखंड प्रशासन के अधिकारी जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## सड़क हादसा में युवक घायल

भंडरा /लोहरदगा। लोहरदगा क्षेत्र में भी दुर्घटनाओं का मामला दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। आये दिन लोगा दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। अगर इस पर रोक नहीं लगा तो काफी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। भंडरा लोहरदगा मुख्यपथ में मैना बगीचा के समीप सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान नवडीहा चौक निवासी स्व गाजा उरांव 30 वर्षीय पुत्र जितिया उरांव के रूप में किया गया है। भंडरा पुलिस एवं नवडीहा निवासी राजेन्द्र भगत ने अपनी टेम्पू से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार जितिया सेंगराटोली बाजार से बाइक में घर वापस लौट रहा था उसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने ठोक कर फरार हो गया। घटना में जितिया गम्भीर रूप से घायल हो।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ्य मेला का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में स्वस्थ्य मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद बिरजो कंडुलना,प्रमुख सुधीर डांग,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ,चिकित्सा प्रभारी संजय कुमार रवि ने दीप प्रज्वलित कर किया ।मौके पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना ने कहा कि स्वस्थ्य मेला लोगो के लिए लाभकारी होनी चाहिए। ग्रामीण मेला में आकर लाभ ले।कई तरह के रोगों के बारे में हमे जानकारी नही रहती है।वहीं प्रमुख सुधीर डांग ने कहा सरकार द्वारा स्वस्थ्य मेला का हर प्रखण्ड में आयोजित की गई। समय पर आकर लाभ लेना चाहिए। चिकित्सा प्रभारी संजय कुमार रवि ने कहा स्वस्थ विभाग हर वर्ष स्वस्थ्य मेला का आयोजन करती रहती हैं। लोगो को अपने स्वस्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न बीमारियों के बारे में जानकारी दी जाती हैं। अपने नजदीकी उपकेंद्र से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।गाँव मे गम्भीर बीमारियों जो पीड़ित हैं उनके इलाज के सरकार निशुल्क इलाज करती हैं। हर व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड होना जरूरी है।आयुष्मान कार्ड स्वास्थ केंद्र निःशुल्क बनाया जा रहा है।

**आस्था** पारम्परिक वेशभूषा के साथ निकाली सरहुल की झांकी

# भव्य यात्रा में सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
सरहुल पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वाधान में बुधवार को ढोल ढांक नगाड़ा व मांदर के थाप पर पारम्परिक संस्कृति और वेशभूषा में झांकी के रूप में हजारों सरना आदिवासियों ने प्रकृति पर्व सरहुल की भव्य शोभा यात्रा और जुलूस निकाली। इस दौरान लोगों का जन समुद्र सड़कों पर उमड़ पड़ा। सरहुल जुलूस के दौरान बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांव से निकाली सरहुल शोभायात्रा जुलूस परंपरागत नाच गान करते हुए कॉलेज गेट तेतर टोली, देवी मंडप चौक, बेड़ो बाजार टांड़ होते सरना स्थल पहुंची। सरहुल शोभायात्रा जुलूस के दौरान शोभा यात्रा में शामिल हजारों का जत्था बेड़ो बस्ती होते हुए बड़ा सरना स्थल पहुंचा। जहां सरना स्थल पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में बेड़ो की मुखिया सुशांति भगत, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, सरहुल पूजा आयोजन समिति के संरक्षक राकेश भगत, सरहुल पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष सुका उरांव, पूर्व अध्यक्ष अनिल टोप्पो, जुगेश उरांव, शिशिर लकड़ा, अनिल उरांव समेत कई लोगों ने मां सरना की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद सरहुल जुलूस बड़ा सरना स्थल से निकलकर विनय बगीचा गुमला रोड महावीर चौक होते हुए बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान सरहुल की शोभायात्रा जुलूस पहुंची। जहां सरहुल शोभायात्रा जुलूस एक समारोह में बदल गई। सरहुल जुलूस समारोह के दौरान सरहुल पूजा महासमिति बेड़ो के संरक्षक राकेश भगत और अध्यक्ष सुका उरांव ने कहा कि मानवमात्र व आम जीवों के व्यापक कल्याण के लिए हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए। वहीं शोभायात्रा में मुख्य रूप से शामिल भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासी सरना समाज की एकता और अखंडता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि सरहुल के शोभायात्रा में सभी धर्म और समुदाय के लोगों ने हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, डीएसपी रजत मणि बाखला, अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की, सर्किल इंस्पेक्टर अरुण कुमार, थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, पतंजलि योगपीठ के मुकेश कुमार राय, भीखा उरांव, विश्वनाथ गोप,राजीव रंजन अधिकारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुकेश गोप, जूनियर वैध खिलेश्वर सिंह खेरवार, राजेश साहु, भाजपा के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु, रविंद्र वर्मा सहित कई विशिष्ट लोग मांदर की थाप पर थिरक उठे।

## लोक अदालत में हुआ 1,36,100 रुपये की हुई वसूली

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा द्वारा शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। इस दौरान कुल 4 बेंच का गठन किया गया। पीडीजे राजकमल मिश्रा ने वादी गण आम जनता से आग्रह पूर्वक कहा कि सुलह नहीं है वादों के निष्पादन में लोक अदालत सरल स्वच्छता एवं सुगम मार्ग है लोक अदालत में कुल 49 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया तथा ?136100 की राजस्व वसूली की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में 21 लंबित वाद ,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित 22 एवं जिला अपर सत्र न्यायाधीश में 1 तथा जिला के न्यायालय में 06 वाद का निष्पादन किया गया।

## सिमलिया में धूमधाम से मनाया गया सरहुल



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
प्रखंड के सिमलिया पंचायत स्थित सरना जतरा मैदान में प्रकृति पर्व सरहुल पूजा धूमधाम से मनाया गया। मौके पर पाहनों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर सभी के लिए सुख, समृधि, उन्नति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सिमलिया पंचायत की मुखिया फूलमानी देवी, पूर्व मुखिया मुकेश भगत, विधायक प्रतिनिधि संजय कच्छप, समाजसेविका बबीता कुजूर, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, समाजसेवी वीरेंद्र पांडे सहित अन्य ने शिरकत की। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सरहुल का त्यौहार एक ओर हमें प्रकृति से जोड़ता है तो दूसरी तरफ अपनी समृद्ध परंपरा और संस्कृति का सुखद अहसास कराता है। यही वजह है कि आदिवासी समाज वर्षों से प्रकृति पूजा की परंपरा को निभाते चले आ रहे हैं। आज के समय में जरूरतें पूरी करने के लिए जल, जंगल, जमीन काटे जा रहे हैं, इसका सीधा असर हमारी प्राकृतिक व्यवस्था पर पड़ रहा है। ऐसे में हम सब को प्रकृति को बचाने के लिए आगे आना होगा।

# विमल बुधिया गुट के प्रत्याशियों ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

## चुनाव के लिए जनसंपर्क अभियान तेज



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सत्र 2023–25 के चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने को लेकर प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान आरंभ कर दिया है। शनिवार को विमल बुधिया ग्रुप के प्रत्याशियों ने मेन रोड स्थित माता विघ्नेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना के के बाद जनसंपर्क अभियान शुरू किया। जनसंपर्क के क्रम में विमल बुधिया ग्रुप के प्रत्याशियों ने कुजू के ट्रांसपोर्ट नगर, रांची रोड, नईसराय व रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। मौके पर ग्रुप के प्रत्याशियों ने व्यवसायियों से मुलाकात किया और विमल बुधिया ग्रुप के सदस्यों के पक्ष में मतदान की अपील की। जनसंपर्क के दौरान विमल बुधिया ग्रुप के प्रत्याशियों ने व्यवसायियों से कहा कि इस बार चेंबर में बदलाव की जरूरत है। कहा कि चेंबर में अच्छे और ईमानदार लोगों की जरूरत है। जो रामगढ़ की जनता एवं व्यवसायियों के लिए बेहतर कार्य कर सके। साथ ही व्यवसायियों के सुख दुख में शामिल होकर उनकी समस्याओं को दूर कर सके। जनसंपर्क के दौरान विमल बुधिया ग्रुप के अमित कुमार सिन्हा, अमरेश कुमार सिंह, अरुण कुमार राय, विमल बुधिया, जितेंद्र कुमार अग्रवाल (जीतू) जितेंद्र प्रसाद (डब्लू) जितेंद्र सिंह पवार, मनोज कुमार मंडल, नंद किशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू, नीरज सिंह, निलेश कुमार गुप्ता, रवि शंकर चौरसिया, विजय कुमार मेवाड़, विकास सेठी (जैन), विनोद कुमार पंकज मौजूद थे।

## नहाय खाय के साथ 4 दिवसीय चैती छठ महापर्व आरंभ

**रामगढ़।** जिलाभर में नहाय खाय के अनुष्ठान के साथ 25 मार्च को 4 दिवसीय चैती छठ महापर्व आरम्भ हो गया। छठ महापर्व के पहले दिन व्रतियों ने निकतवर्ती नदियों एवं सरोवरों में स्नान कर छठी मैया व सूर्यदेव की विधि पूर्वक पूजा अर्चना किया और उनसे खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत व्रतियों ने अरवा चावल से बनी भात, चने की दाल और लौकी की सब्जी ग्रहण किया। 26 मार्च को महापर्व के दूसरे दिन व्रती खरना का अनुष्ठान संपन्न करेंगे।

## नमामि गंगे योजना के तहत छात्रों ने निकाली रैली



**रामगढ़ ।** नमामि गंगे योजना के तहत 16 मार्च से 31 मार्च तक की अवधि को स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न सरकारी विद्यालयों से शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के द्वारा नमामि गंगे योजना के तहत रैली निकाली गई। मौके पर विद्यार्थियों के द्वारा लोगों को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने, यत्र-तंत्र कूड़ा कचरा ना फेंकने आदि के प्रति जागरूक किया गया।

## माता छिन्नमस्तिके मंदिर की हुई साज सज्जा



वासंतिक नवरात्र को लेकर रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध सिद्धिपीठ मां छिन्नमस्तिके मंदिर को केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर फूलों से आकर्षक तरीके से सजाया गया है। मनमोहक एवं खुशबूदार फूलों से मंदिर की हुई साज सज्जा श्रद्धालुओं को खूब आकर्षित कर रही है। इस साज सज्जा के साथ जब विद्युत की आकर्षक लाइट आरंभ हो जाती है तो मंदिर का दृश्य और भी भव्य नजर आने लगता है। वहीं, वासंतिक नवरात्र को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए रजरप्पा धाम पहुंच रहे हैं। वासंतिक नवरात्र में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचकर 9 दिनों का पाठ, पूजा और हवन में शामिल होते हैं। शनिवार की सुबह माता की मंगला आरती हुई । जबकि शाम में विशेष श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर के पुजारी लोकेश पंडा और छोटू पंडा ने बताया कि प्रतिदिन सुबह भक्तों के लिए मंदिर में विशेष तौर पर पूजा-अर्चना का कार्यक्रम किया जाता है। सुबह-शाम भक्तों की भीड़ दर्शनों के लिए मंदिर भवन में पहुंच रही है। शनिवार को माता रानी के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गई।

### निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए डीसी ने की बैठक

# नियोजन अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करें



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए नियोजन अधिनियम 2021 का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए नियोजन अधिनियम 2021 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अंचल अधिकारियों को उक्त अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर जल्द से जल्द अंचल स्तर पर निजी क्षेत्र के संचालकों के साथ बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने कहा की 40000 तक के मानदेय वाले वैसे सभी निजी क्षेत्रों के प्रतिष्ठान( होटल, शॉपिंग मॉल आदि) जहां 10 या 10 से अधिक व्यक्ति नियोजित हो उनमें 75% कर्मियों का झारखंड राज्य से होना आवश्यक है। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार कर निजी क्षेत्र के संचालकों का पंजीकरण कराया जाए मौके पर उपायुक्त ने विभिन्न माध्यमों से निजी क्षेत्र के संचालकों का पोर्टल पर निबंधन सुनिश्चित कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

### विधायक ने किया मेला का उद्घाटन

# स्वास्थ्य मेले में लगाए गए दर्जनों स्टॉल



**नवीन मेल संवाददाता। चलकुशा**
प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ,जिप सदस्य सविता सिंह,प्रमुख नीतू देवी ,सीएचसी प्रभारी डॉ रत्ना रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेले में बीस सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी,बीडीओ समरेश प्रसाद भंडारी, उपाध्यक्ष मोइनुद्दीन ,उप प्रमुख शमशेर आलम ,मुखिया आलोक सिंह,कुमार अंशु,सुखदेव यादव,पंसस रिंकी देवी समेत अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की कमी,108 एम्बुलेंस सेवा,ममता वाहन,कुत्ते व सांप काटे जाने पर वैक्सीन आदि की कमी से विधायक को अवगत कराया। वहीं विधायक ने लोगों को बताया कि चिकित्सक के लिए सरकार एवं अन्य समस्याओं को लेकर वरीय पदाधिकारियों से बात हुई है। जल्द ही दो चिकित्सक एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

## बरही में शांति समिति की बैठक



**बरही ।** एसडीओ पुनम कुजूर की अध्यक्षता और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार के संचालन में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई । जिसमे उपस्थित लोगो ने महापर्व रामनवमी और माहे रमजान को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर अपनी बाते रखी । पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि त्योहार को लेकर पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है । अपराधियो पर पैनी नजर है । सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने प्रशासनिक गाइडलाइंस की जानकारी दिया । बताया कि रामनवमी की शोभायात्रा निर्धारित रूट से ही निकाली जायेगी, किसी नए रूट की अनुमति नहीं दी गई है। एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने एक बार फिर दोहराया कि बरही अमन चैन की धरती है । यहां के लोग सहयोगी और विवेकशील है । उनसे हमेशा प्रशासन को सहयोग मिला है । इन दोनो त्योहारों में भी भरपूर सहयोग मिलेगा ऐसी उम्मीद है । एसडीओ ने दो टूक कहा कि जुलूस में डीजे की अनुमति नहीं है, चोंगा बजा सकते है । उन्होंने भी सबों से गाइडलाइंस का पालन करते हुए महापर्व रामनवमी और रमजान मनाने की अपील किया ।

### मानसरोवर स्कूल

# छात्रों ने अजन्मे बच्चे का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के घंघरी स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय अजन्मे बच्चे का दिवस शिक्षकों ने बच्चों के साथ मनाया। मौके पर प्राचार्य सोनू कुमार ने विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय अजन्मे बच्चे का दिवस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी ।इस दौरान लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी ज्ञान के अनुसार अजन्मे बच्चे के प्रति लेख लिख कर अपना प्रेम दर्शाया । प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी कुमारी,सब्बू रानी,आशीष कुमार, पीयूष कुमार,प्रेम कुमार तथा द्वितीय स्थान कुंदन कुमार, राजवीर, साबिया अंजुम,पीयूष कुमार ने प्राप्त किया। मौके पर बच्चों ने भ्रूण हत्या को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रोकने का उपाय बताया । वहीं उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों ने यह प्रण लिया की वे भ्रूण हत्या को रोकने के लिए समाज के लोगों को प्रेरित करेंगे तथा इससे होने वाले नुकसान से लोगों को अवगत कराएंगे। मौके पर शिक्षक व अभिभावकों में रोहित मंडल,दिलीप कुमार ,मुकेश कुमार, कौशल पांडेय, एकता कुमारी, पूजा देवी ,निधि कुमारी ,नूरी खातून ,लक्ष्मी कुमारी ,मनीषा कुमारी, जेबा खातून,शिल्पा कुमारी, अर्जुन सिंह ,मनोज यादव ,संजय दास , हेमंती देवी, बबलू कुशवाहा, दुलारचंद प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## दंत चिकित्सक के बंद घर में नगद समेत जेवरातों की चोरी

**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के भंडारीडीह में चोरों ने एक दंत चिकित्सक के बंद घर में 50 हजार रुपए नगद समेत करीब पांच लाख रुपए के सोने-चांदी की जेवरातों व अन्य सामानों की चोरी की। चिकित्सक का नाम डॉ. मुर्शिद करीम है। वे अपनी बच्ची का इलाज कराने सपरिवार विगत 14 मार्च को दिल्ली एम्स गए थे। 25 मार्च को दिल्ली से लौटने पर घर का ताला टूटा देखा। अंदर जाने पर अलमारी का भी लॉक टूटा पाया। इसमें रखे नगद रुपए समेत जेवर गायब थे। कमरे में सामान बिखरे पड़े थे। घर की तलाशी लेने पर अन्य सामान भी गायब मिला। भुक्तभोगी ने मामले की शिकायत नगर थाना में की है।

# बरही में विधायक ने किया स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन, लगे दर्जनों स्टॉल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में प्रखंस्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक सह विस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, डीएस डॉ पी ज्ञानी, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि आदि उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया । उद्घाटन समारोह में उदगार व्यक्त करते हुए विधायक ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल में अब लगभग सभी सुविधाए उपलब्ध है। सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, महिला चिकित्सक आदि विशेषण पदस्थापित हो चुके है । इसके साथ ही एक्सरे, डायबिटीज जांच आदि सहित विभिन्न जांच की व्यवस्था हो चुकी है । अल्ट्रासोनोग्राफी भी जल्दी प्रारंभ किया जायेगा । मशीन हेतु सरकार ने सिग्नल दे दिया है, जल्दी ही चिकित्सक की सेवा बहाल की जायेगी । अब छोटे छोटे घटनाओं या रोग के लिए मरीजों को रेफर नही किया जायेगा । मौके पर उन्होंने सभी चिकित्सको की उपस्थिति की जानकारी भी लिया।

## प्रेम करना सिखाती है सरहुल पूजा : मुखिया



**बरकट्ठा।** प्रखंड के खैरियो स्थित लाल मैदान में आदिवासी बाहुल चेचकपी पंचायत के लोगों ने सरहुल पूजा धूमधाम से मनाया। वहीं पूजा में मुखिया रीता देवी ,उप मुखिया ममता देवी, पंसस सूरज मुनी देवी ,झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासीन खान ,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कूदुश अंसारी ,महेश मुर्मू ने सरणा स्थल पहुंचकर विधिवत फीता काटकर पूजा का शुभारंभ किया। लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि सरहुल पूजा हम सबों को प्रकृति से प्रेम करना सिखाती है ।हमारे आदिवासी भाई प्राचीन काल से जल ,जंगल और जमीन की रक्षा के लिए पूजा करते रहे हैं ।वही मांझी हड़म ने सरना स्थल पर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की । तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित लोग मांदर की थाप पर खूब थिरके। इस दौरान समाजसेवी राजा राम मांझी ने बताया कि हम लोग पारंपरिक नृत्य कर इस त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। कहा कि इसके बाद ही नई फसल का उपयोग करने की हमारी परंपरा रही है। मौके पर शिबू मांझी, बाबूलाल मांझी, बाबूराम मरांडी ,संजय हंसदा आदि शामिल हुए।

### बरकट्ठा थाना में रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

# डीजे पर रहेगी पूर्ण पाबंदी : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
रामनवमी त्योहार शांति पूर्वक मनाने को लेकर बरकट्ठा थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सी ओ श्रीकांतलाल मांझी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ,पुलिस निरीक्षक श्यामचंद सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष यासिन खान उपस्थित थे। मौके पर विभिन्न अखाड़ा के लोगों को सरकारी दिशा निर्देश की जानकारी दी गई। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि जुलूस में चलंत डीजे पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी। कहा कि नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष यासिन खान, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, मुखिया सुमन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र शर्मा, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष टिंकू प्रसाद, विहिप प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव,धीरज गुप्ता,पूर्व मुखिया मुंशी पासवान आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग : ऑटो पलटने से कस्तूरबा की 10 छात्राएं घायल, तीन की हालत गंभीर

**हजारीबाग।** केरेडारी प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 10 छात्राएं ऑटो पलटने से घायल हो गईं। सभी छात्राएं केरेडारी से परीक्षा देकर शनिवार को आवासीय विद्यालय कोदवे जा रही थीं। बाइक सवार को बचाने के क्रम में बेल चौक से आगे केरेडारी-टंडवा मुख्य पथ पर ऑटो पलट गई। घायल छात्राओं को आनन-फानन में केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां डॉ सुधीर रंजन ने छात्राओं का प्राथमिक उपचार किया। इनमें गंभीर रूप से घायल तीन छात्राओं को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर बीडीओ केस्टो कुमार बेसरा और खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रवि राजा केरेडारी सीएचसी पहुंचकर घायल छात्राओं का हाल चाल जाना और उन्हें ढांढ़स भी बंधाया। हादसे में मनीता कुमारी, संध्या कुमारी, चित्रा कुमारी, सबीना खातून, मीना कुमारी, नेहा कुमारी आदि छात्राएं शामिल हैं।

## हजारीबाग : रामनवमी में 18 जगहों पर पेयजल और 18 अस्थायी शौचालयों की होगी व्यवस्था

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में रामनवमी त्योहार को लेकर महासमिति के सदस्यों, अखाड़ा समिति एवं संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ प्रशासनिक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारा के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण रूप से जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए त्योहार को मनाएं। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए जुलूस मार्गों के 18 स्थलों पर पानी की व्यवस्था कराई जा रही है, वहीं निःशुल्क सामुदायिक शौचालय संचालित रहेंगे।

### रामनवमी

### रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

# आपसी भाईचारा के साथ शांतिपूर्वक मनाएं पर्व



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामनवमी पर्व को लेकर 25 मार्च को रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक,सीओ सुधीर कुमार, रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विद्याशंकर उपस्थित रहे। अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारगी के साथ शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व मनाने व प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोर्ट के निर्देशों का अक्षरशः पालन लोगों को करना है। पर्व एवं जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे की मदद से विधि व्यवस्था पर प्रशासन पैनी नजर रखेगी। अखाड़ा समिति के लोगों से उन्होंने लाइसेंस के लिए जल्द से जल्द आवेदन जमा करने की अपील की। ताकि अगला मंगला जुलूस से पहले सभी अखाड़ों को लाइसेंस उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि लोग सोशल मीडिया पर ध्यान न दें। साथ हीं सोशल मीडिया पर ऐसा कोई पोस्ट न करें जिससे सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगड़े और प्रशासन को कठोर कदम उठाने के लिए विवश होना पड़े। बैठक में जुलूस के निकलने व वापस लौटने तक मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती करने की मांग रखी। जिसे प्रशासन ने स्वीकार किया। साथ हीं सभी लोगों से अपने-अपने क्षेत्र में नशाखोरी पर रोक लगाने की अपील की गई। लोगों ने प्रशासन से जुलूस के दौरान एंबुलेंस, चिकित्सा सुविधा जगह जगह पर उपलब्ध कराने की मांग रखी। एसडीओ ने उनकी सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। बैठक में विजय कुमार पासवान, कमल बगड़िया, महेश ठाकुर, धनंजय कुमार पुटूस, अजीत गुप्ता, छोटू वर्मा ,दीपक मिश्रा ,छोटू पटेल, कार्तिक महतो, दिवाकर प्रसाद सिंह, संतराज पासवान ,सूरज कुमार पासवान ,प्रयाग महतो ,जितेंद्र ,तुलेश्वर कुमार पासवान, बिहारी पासवान, सुजीत कुमार ,गणेश महतो ,हरिचरण महतो ,मेवालाल महतो, नीरज कुमार पासवान ,उत्तम पासवान, हरेंद्र कुमार राय आदि शामिल हुए।

**NEWS इन ब्रीफ**

### संदेहास्पद स्थिति में इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल में संदेहास्पद स्थिति में 35 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के क्रम में मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुमबेड़ा नवाटोली निवासी संजय सोरेंग के रूप में हुई। बताया गया कि वह 1 दिन पूर्व शराब पिया था और बीमार था और उसे रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उसकी बिगड़ती तबीयत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। जहां पर इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इधर मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### गुमला में ट्रेन से कटकर वृद्ध चरवाहे की मौत

**गुमला।** जिले के कुरकुरा रेलवे स्टेशन के निकट शनिवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे बलंकेल गांव निवासी बालगोविंद गोप (70) की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह कामडारा प्रखंड के कुलबुरु पंचायत के बलंकेल गांव का निवासी था और रेलवे स्टेशन के समीप मवेशी चराने के लिए गया हुआ था। बताया जा रहा है कि मृतक व्यक्ति बहरा था, जिसके कारण ट्रेन के हॉर्न व आने की आवाज नहीं सुन सका। सूचना पर पहुंची बानो रेलवे थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गुमला भेज दिया।

### 23 अप्रैल से होगा श्री राम महायज्ञ का आयोजन

**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मेढो गांव मे अक्षय तृतीया के अवसर पर तीन दिवसीय श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ के आयोजक रविंद्र सिंह ने बताया की विगत 25 वर्षों से जन कल्याण के लिए प्रत्येक वर्ष अक्षय तृतीया को महायज्ञ किया जाता है। इसी क्रम मे इस वर्ष भी 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमे 23 अप्रैल को कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, वेदी पूजन महाआरती के पश्चात 36 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारम्भ किया जायेगा। 24 अप्रैल को मंडपस्थ देवताओं का पूजन संध्या मे महाआरती, 25 अप्रैल को मंडपस्थ देवताओं का पूजन, अखंड हरिकीर्तन का समापन, हवन, पूणाहुति और महाआरती के साथ यज्ञ का समापन किया जायेगा। यज्ञ के दौरान प्रत्येक दिन भंडारा चलता रहेगा।

### अत्यधिक बिजली बिल आने से नाराज ग्रामीणों ने की ग्रामसभा

**जलडेगा।** प्रखंड के राजस्व ग्राम बराईबेड़ा में बिजली बिल को लेकर ग्राम सभा की बैठक ग्राम प्रधान जतन मांझी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में बिना बिजली जलाए अधिक बिल आने को लेकर चर्चा की गई और विभाग का विरोध किया गया। बैठक में बिजली बिल को माफ करने के लिए बिजली आपूर्ति अभियंता के नाम कोलेबिरा विधायक को ज्ञापन सौंपने के लिए निर्णय लिया गया। इस बैठक में बिजली बिल वितरक समीर बोदरा, ग्राम प्रधान जतन मांझी, संदीप डुंगडुंग, सुरेश गोंड़, बिमल सोरेंग, के लिए अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष का सड़क दुर्घटना में मौत, शोक

**लोहरदगा।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय पासवान की सड़क दुर्घटना में हुई आकास्मिक निधन पर भाजपा ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। भाजपा जनों ने कहा कि संजय पासवान एक राजनीति कार्यकर्ता के साथ साथ समाज और संस्कृति के लिए योद्धा के रूप में लोगों के बीच मजबूती से हमेशा खड़े रहते थे। इनका यू आकस्मिक चले जाने से समाज को गहरा झटका लगा है। शोक व्यक्त करने वाले में दीपक प्रकाश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, समीर उरांव राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय अध्यक्ष एसटी मोर्चा, सांसद सुदर्शन भगत, प्रवीण सिंह पूर्व विधान पार्षद, रमेश उरांव पूर्व विधायक, ओमप्रकाश सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सही अन्य लोग शामिल है।

**पीएलएफआई के नाम पर घटना को दिया अंजाम**

## हथियार के साथ एक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
पीएलएफआई उग्रवादी के नाम पर बीते 17 नवंबर 2022 को नवनिर्मित पावर ग्रिड के कंस्ट्रक्शन साइट पर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी गोलीबारी करते हुए फरार हो गए थे। जिसके बाद घटना की जानकारी लेने कंस्ट्रक्शन साइट पर खुद एसपी सौरभ कुमार पहुंचे थे। घटना के बाद से ही पुलिस के द्वारा मामले की जांच सघनतापूर्वक की जा रही थी। जिसके बाद कोलेबिरा पुलिस ने घटना में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए एसडीपीओ डेविड ए डोडराय ने बताया कि कोलेबिरा थाना काण्ड संख्या-69/22 दिनांक-17.11.2022 धारा-385 / 387 भा०द०वि० 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के वादी जयप्रकाश मंडल के द्वारा यह कांड दर्ज कराया गया था। बिजली कंस्ट्रक्शन साईट पर आगजनी की घटना जो 16.11.2022 को अज्ञात पी0एल0एफ0आई0 उग्रवादियों द्वारा अंजाम दिया गया था तथा विकास टाइगर के नाम से पर्चा भी चिपकाते हुए फायरिंग कर भयादोहन करने का प्रयास किया गया था। उक्त समय पुलिस अधीक्षक सिमडेगा, घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए तत्काल अनुमंडल पुलिस पदा० सिमडेगा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों ने अपने आसूचना तंत्र एवं तकनीकी अनुसंधान करते हुए इस कांड का उद्भेदन कर दिया है। बताया कि यह आगजनी की घटना बिजली कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार का भयोदोहन कर लेवी वसुलना था। घटना स्थल पर चिपकाया गया पर्चा जो विकास टाईगर के नाम से चिपकाया गया था, जिसका मुख्य मास्टरमाइंड नितिश गोप पे0- छत्रपाल गोप सा0- ससिया थाना बसिया जिला गुमला है, सिमडेगा क्षेत्र में पीएलएफआई के नाम पर लेवी की मांग विकास टाईगर के नाम से इसी के द्वारा की जा रही थी और इसने ही अपने दो अन्य साथी सुमित डुंगडुंग पे- स्व० जोहन डुंगडुंग सा0- तिर्रा केमता टोली थाना बसिया एवं जगन्नाथ सिंह पे0- जगमणी सिंह, सा0- सरंगापानी सनबोथा थाना कोलेबिरा जिला सिमडेगा है इन्हीं के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें से जगन्नाथ सिंह पे0- जगमणी सिंह को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है एवं सुमित डुंगडुंग पे- स्व0 जोहन डुंगडुंग को 25.03.23 को पालकोट मोड़ के पास से हथियार एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है।

जिसकी अलग से प्राथमिकी दर्ज की गयी है। आरोपी के पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक अलग जिंदा गोली (कुल दो जिंदा गोली), एक यामाहा एम0टी0 15 मोटरसाईकिल जिसका रजि० सं०-जेएच 01 यू-1596, आधार कार्ड, मोबाईल फोन एवं चार अलग-अलग कंपनियों के सिमकार्ड पाए गए। गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रह चुका है। छापामारी दल में पु०अ०नि० प्रभात कुमार, थाना प्रभारी कोलेबिरा थाना, पु०अ०नि० रामदेव रविदास, कोलेबिरा थाना, पु०अ०नि० अंजन मंडल, कोलेबिरा थाना, पु०अ०नि० अरविन्द कुमार, कोलेबिरा थाना, तकनीकी कोषांग, कोलेबिरा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## स्वास्थ्य मेला का आयोजन, मरीजों का हुआ इलाज

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, बीडीओ पवन कुमार महतो, उपप्रमुख मधुलिका रानी, डॉ सोलामी होरो, उपमुखिया रवि प्रजापति के द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मेले में शिविर के माध्यम से चिकित्सकों ने मरीजों का विभिन्न बीमारियों का इलाज किया। इसमें एलयोपैथिक के अलावा, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी तकनीक से मरीजों का इलाज किया गया। यहां पर कुल दो सौ मरीजों का इलाज किया गया। शिविर में लोगों का कोविड जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, आखों की जांच सहित कई बीमारियों की जांच व इलाज कर मुफ्त दवाइयां दी गई। मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा लोग स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाएं और अपने विभिन्न बीमारियों का इलाज कराकर दवाइयां लें। बीडीओ ने कहा कि बहुत से ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने बीमारियों का इलाज बाहर जाकर नहीं कर पाते हैं।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
चैनपुर थाना क्षेत्र के छठी क्लास की छात्रा (13 वर्षीय) नाबालिग किशोरी का तीन युवकों द्वारा अपहरण कर दुष्कर्म का प्रयास मामले में आरोपित तीनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। चैनपुर पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है कि पीड़िता की माँ चैनपुर थाने में आवेदन देकर चैनपुर आजाद बस्ती निवासी अमीरुद्दीन खान पिता वकील खान व थाना क्षेत्र के जमगाई गांव निवासी महबूब खान पिता महफूज खान व शेख असलम पिता शेख हसन के द्वारा जबरन नाबालिग बेटी को गुरुवार शाम में गांव से अगवा कर ले जाकर छेड़खानी किया। विरोध करने पर मारपीट भी किया है। आवेदन मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें पु.अ.नि. प्रियंका तिर्की, पु.अ.नि आलोक कुमार व स.अ.नि मदन शर्मा एवं सशक्त बल के द्वारा छापेमारी कर घटना में शामिल उपरोक्त सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सभी अभियुक्तों ने अपना दोष स्वीकार किया है। वही पुलिस के द्वारा घटना में सम्मिलित 4 चक्का वाहन व एक मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है।

# नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व चैती छठ शुरू

**अंकित सिन्हा। सिमडेगा**
नहाय खाय के साथ सिमडेगा में आस्था और पवित्रता का महापर्व छठ की शुरूआत हुई। व्रतियों ने शनिवार को सुविधानुसार नदी तालाब या घर पर नहा कर अरवा चावल की भात और कद्दू की सब्जी बना कर सेवन किया। जिले के सिमडेगा सिमडेगा कुरडेग केरसई सहित कई जगहों पर छठ व्रतियों ने विधि विधान के साथ नहाए खाए के साथ व्रत को शुरू किया। व्रती रविवार को खीर प्रसाद से खरना करेंगी। महाषष्ठी को व्रती शाम को अर्ध्य करेंगी और महासप्तमी के दिन प्रातःकालीन अर्ध्य देकर व्रत का पारण करेंगी। सिमडेगा में अर्ध्य केलाघाघ और छठ तालाब में दी जाएगी। हिन्दू पंचांग के अनुसार साल में दो बार छठ महापर्व मनाया जाता है। एक कार्तिक मास में पड़ने वाली और दूसरी चैत्र मास में पड़ने वाली। हालांकि कार्तिक मास में पड़ने वाली छठ पूजा का ज्यादा महत्व है। इस पर्व में भी सूर्य की





उपासना करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि चैती छठ रखने से सूर्य देव की बहन छठी मईया प्रसन्न होती है जिससे परिवार में सुख-शांति और धन-धान्य बढ़ता है। कार्तिक मास की छठ के आधार में चैती छठ को काफी कम लोग जानते हैं। चैती छठ पूजा के नियम-कानून व पूजा विधी भी कार्तिक मास में पड़ने वाली छठ के जैसी ही होती है। आस्था और पवित्रता का महापर्व छठ पूजा मुख्यत पूर्वी भारत में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध पर्व है। बिहार में प्रचलित यह व्रत अब पूरे भारत सहित नेपाल में भी मनाया जाने लगा है। इस पर्व को स्त्री व पुरुष समान रूप से मनाते हैं और छठ मैया से पारिवारिक सुख-समृद्धी तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। कई लोग अपनी मन्नत पूरी होने पर भी यह व्रत उठाते हैं और आजीवन या जब तक संभव हो सके यह व्रत करते हैं। छठ पूजा में निर्जला व्रत रहकर उगते और डूबते सूर्य की उपासना की जाती है। यह पर्व चार दिवस का होता है और इस दौरान साफ-सफाई को विशेष महत्त्व दिया जाता है।

### छठ पूजा व्रत के महत्वपूर्ण नियम

छठ पूजा से सम्बंधित कई नियम व मान्यताएं हैं, हालांकि, समय के साथ-साथ इन नियमों में बदलाव होते जा रहे हैं। आइये **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** के माध्यम से हम छठ से सम्बंधित प्रमुख नियम जानते हैं। छठ पूजा के चार दिन घर पर मांस आहार, और लहसुन प्याज नहीं खाये जाते हैं। इस व्रत के दौरान व्रतधारी व्यक्ति जमीन पर सोते हैं। और बिछौने में चटाई और ओढ़ने में कंबल प्रयोग करते हैं। छठ पूजा में महिलाएं साड़ी और पुरुष धोती पहनते हैं। छठ व्रत स्त्री और पुरुष दोनों कर सकते हैं। व्रतधारी को इन चार दिनों में शारीरिक स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।छठ पूजा के दौरान अथवा यह पर्व आने वाला हों तब किसी करीबी सगे संबंधी का अवसान हो जाये तब उस वर्ष यह व्रत नहीं करना चाहिए। छठ पूजा के पवित्र पर्व पर काम, क्रोध, मोह, और लोभ का त्याग कर के सुगम सात्विक आचरण करना चाहिए। छठ व्रती बिना सिलाई वाले कपड़े पहनते हैं। जब की त्यौहार में शामिल व्यक्ति नए-नए वस्त्र धारण कर सकते हैं। एक बार छठ पूजा व्रत का आरंभ करने के बाद उसे प्रति वर्ष निरंतर करना चाहिए, जब तक की आगे की पीढ़ी की विवाहित महिला व्रत करना आरंभ न कर दे।

## रामनवमी को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
ठेठईटांगर थाना परिसर में रामनवमी पर्व को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी समीर कच्छप, सब इंस्पेक्टर मैथ्यू एक्का, सब इंस्पेक्टर बालमुकुंद मिश्रा एवं विभिन्न रामनवमी समिति एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि रामनवमी पर्व को ध्यान में रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार कार्रवाई करेगी। इसके अलावा प्रखंड प्रशासन की ओर से भी दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी जिससे कि किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत ना हो। इधर रामनवमी पर्व को ध्यान में रखते हुए विभिन्न समिति के सदस्यों के द्वारा बताया गया कि विशेष रूप से जुलूस के दिन क्षेत्र में शराब को पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए ताकि शराब के नशे में किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना ना हो। इसके अलावा अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार वाहन जांच अभियान चले ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। इधर पुलिस प्रशासन के द्वारा कहा गया कि पर्व के दौरान किसी प्रकार के माहौल खराब ना हो इस को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया व्हाट्सएप फेसबुक आदि सभी साइट पर किसी प्रकार की विवादित पोस्ट ना डालें। अगर कोई व्यक्ति इस पर प्रचार-प्रसार करता है तो उसके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि ठेठईटांगर प्रखंड में शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मनाया जाता है। जिसमें सभी धर्म समुदाय के लोगों की सहभागिता होती है और प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ आपसी सौहार्द्र पूर्ण तरीके से पर्व मनाया जाएगा बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की गई।

**युवा सद्भावना मंच ने सद्भावना क्रिकेट मैच का किया आयोजन**

## जिला प्रशासन इलेवन हुए विजयी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
युवा सद्भावना मंच के द्वारा शनिवार को सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन समाहरणालय मैदान में किया गया। मैच में जिला प्रशासन इलेवन ने सद्भावना मंच इलेवन को 25 रनों से हराया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि क्रिकेट को कॅरियर के रूप में अपनाने के लिए युवाओं को जो आवश्यकता होगी, जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त ने दोनों टीमों को खेल भावना के तहत क्रिकेट मैच खेलने के लिए सराहना की।इससे पहले मैच की शुरूआत पुलिस अधीक्षक आर० रामकुमार द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। जिला प्रशासन की टीम ने 15 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 107 रन बनाये। टीम की ओर से सन्नी कुमार ने सर्वाधिक 32, रघुवंश ने 21 और मिथलेश ने 19 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में सद्भावना इलेवन के गेंदबाज शिवा 5, दानिश और शुभम ने 2-2 विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी सद्भावना इलेवन की टीम 82 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से हिमांशु सर्वाधिक 18, आर्यन ने 17 व शेरबहादुर ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में प्रशासन इलेवन की ओर से गेंदबाज राजकुमार ने 3, संतोष ने 2, समर्पण ने 2, जिशान मलिक ने 1 व रघुवंश ने 1 विकेट प्राप्त किया। मैच के आयोजन में क्रिकेट कोच अमित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को पुरुस्कृत किया गया।

### सीएम पशुधन विकास योजना से संबंधित बैठक



**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अगुवाई में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से संबंधित बैठक हुई। बैठक में भंडरा प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2022-23 के कुल 13 अनुसूचित जनजाति के लाभुकों की सूची को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। यह सूची प्रखंड स्तर से प्राप्त थी। यह दो गाय की योजना 75 प्रतिशत अनुदान पर है। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा०एस०, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि बीरेंद्र उरांव, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**बैठक** शांति समिति में धारा 107 के तहत केस पर उठाया आवाज, बीडीओ ने कहा

# सौहार्द व भाईचारा के साथ मनाये रामनवमी

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना क्षेत्र में आगामी रामनवमी एवं रमजान माह को देखते हुए सेन्हा थाना परिसर में शांति समिति सदस्यों के साथ प्रखंड प्रशासन की बैठक सम्पन्न हुआ। आयोजित शांति समिति के बैठक में जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की प्रमुख फुलझरी उराव, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामलखन प्रसाद सहित पंचायत जनप्रतिनिधि एवं रामनवमी कमिटी के पदेन कार्यकर्ता के अलावे थाना क्षेत्र के अलग अलग पंचायत ग्राम से राम भक्त एवं विशेष समुदाय के लोग शामिल थे। शांति समिति बैठक के दौरान पर्व मनाने को लेकर जुलूस निकालने तथा रूट चाट सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक समापन के पूर्व शांति समिति सदस्यों द्वारा 107 धारा के तहत विद्यार्थियों व्यवसायिक एवं बुजुर्ग पर लगाए जाने का कारण भी पूछा गया। जिसपर अंचलाधिकारी विजय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा एवं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बारी बारी से उपस्थित सदस्यों एवं ग्रामीणों को धारा 107 को लेकर स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रखंड प्रशासन के ऊपर जो दायित्व है उसके अनुसार ही कार्य किया जा रहा है। साथ ही यह भी कहा गया कि अगर ऐसा हुआ है तो इसके लिए एक बार बैठ कर उसपर चर्चा किया जाएगा और आगे से उस बिंदु पर ध्यान रखी जाएगी। वहीं जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पर्व भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे समय पर हम सभी आपसी सद्भावना के तहत मिलजुल कर पर्व को मनाएं। एक दूसरे समुदाय के साथ अपने खुशियों का इजहार करें। विधार्थियो को केस में न डालें अच्छी तरह से जांच करके असमाजिक तत्वों को चिंहित करें। प्रमुख फुलझरी देवी ने कहा पर्व खुशियों का त्योहार है सौहार्द के साथ मनाने में काफी आनन्द मिलता है। मौके पर सर्कल पुलिस इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद, प्रमुख फूलझरी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, मुखिया कमला देवी, राजश्री उरांव, एसआई गणेश यादव, सहित दोनों समुदाय के शांति समिति सदस्य व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### रामनवमी व सरहुल त्योहार में गड़बड़ी पैदा करने वालों की खैर नहीं : बीडीओ

**किस्को।** जिले के अति सुदूरवर्ती व घोर उग्रवाद प्रभावित जोबांग थाना परिसर में आगामी रामनवमी और सरहुल त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराये जाने हेतु शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी रमेश कुमार यादव एवं जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्र में रामनवमी और सरहुल का त्योहार आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाये जाने को लेकर बैठक में चर्चा की गई। साथ ही सरहुल व रामनवमी के दौरान पूर्ण रूप से शराबबंदी एवं जुआ खेलने वालों पर शिकंजा कसे जाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। सीओ रमेश कुमार यादव ने कहा कि रामनवमी और सरहुल का त्यौहार क्षेत्र में आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि रामनवमी और सरहुल का त्योहार में किसी तरह का कोई हुड़दंग न हो इसे लेकर शांति समिति के सदस्यगण शत-प्रतिशत अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करेंगे। जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने कहा कि क्षेत्र में रामनवमी और सरहुल भाईचारे के साथ संपन्न हो इसे लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि रामनवमी और सरहुल त्योहार के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी पैदा करने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी महेश कुमार चौहान, देवदरिया मुखिया कामिल तोटनो, सीरम मुखिया भागवत खेरवार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रामनवमी पर संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी व ड्रोन लगाने के निर्देश

**गुमला।** एसपी डॉ एहतेशाम वकारिब ने शनिवार को जारी थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के सभी अभिलेखों और पंजियों को देखा।



लंबित कांडों के यथाशीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। साथ ही सीमावर्ती थानों के साथ समन्वय स्थापित कर जारी से सटे थानों के साथ विभिन्न समस्याओं को लेकर समय-समय पर बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने रामनवमी पर्व को लेकर जारी थाना क्षेत्र के सभी सीमावर्ती संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी, ड्रोन तथा क्यूआर कोड लगाकर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न गैंग, गिरोह, माओवादी सहित अन्य प्रतिबंधित गुटों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने, फरारियों की गिरफ्तारी तथा जेल से रिहा हुए व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। जारी थाना क्षेत्र में पशु, लकड़ी तस्करी की रोकथाम के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस क्षेत्र में डायन-भूत, ओझा-गुणी की सूचना प्राप्त होती है। इसकी रोकथाम के लिए जागरुकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी के साथ एसडीपीओ चैनपुर, गुमला के परीक्ष्यमान डीएसपी, पुलिस निरीक्षक चैनपुर अंचल, चैनपुर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### हम छोड़ आप पार्टी के हुए अबू फैजल : बच्चन

**मेदिनीनगर।** नगर अध्यक्ष अबू फैजल ने हम पार्टी की सदस्यता छोड़ आम आदमी पार्टी का दामन थामा। उन्होंने कहा कि जिस तरह अरविंद केजरीवाल पूरे भारत में शांति और प्यार का संदेश दे रहे हैं। सही मायने में अभी देश को इसकी जरूरत है। आम आदमी पार्टी के कार्य से प्रभावित होकर मैं आम आदमी पार्टी का सदस्यता ले रहा हूं और पार्टी को मेदिनीनगर सहित पूरे पलामू में तेजी से फैलाने का काम करूंगा। आम आदमी पार्टी सच्चे और ईमानदार लोगों की पार्टी है। यह शिक्षित और ईमानदार लोगों का समूह है। कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार ने टोपी पहना कर व राकेश तिवारी ने सदस्यता रशीद देकर पार्टी में स्वागत किया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि देश में अरविंद केजरीवाल की ईमानदार छवि से प्रभावित होकर दूसरे दल के भी लोग तेजी से आम आदमी पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। सही मायने में देश को आम आदमी पार्टी जैसा ही सरकार की जरूरत है। दिल्ली और पंजाब में आप की शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल झारखंड में भी होनी चाहिए इसके लिए आम आदमी पार्टी की सरकार बनाना होगा।

### झूठ की बुनियाद पर टिकी हैं मेयर : रूचिर

**मेदिनीनगर।** भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने नगर निगम में दीनदयाल मार्ग को खोलने का सबुद्धि बहुत लेट से भाजपा के मेयर को आया। इसके लिए उनको धन्यवाद देते हैं। शहर के बीचोबीच तालाब के बगल में दीनदयाल मार्ग बना था। जिसमें हजारों लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता था। जिसको भाजपा के ही मेयर अरुणा शंकर ने बंद किया और बोलने के बाद अपना पीठ स्वम ही थपथपा रही हैं। यह माजरा समझ से परे है। आखिर इतने दिन तक बंद किया गया मार्ग से जो निगम वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसका जिम्मेदार कौन है। क्या निगम के मेयर निगम के जनता से माफी मांगी। उनको जल्द से जल्द दीनदयाल मार्ग के रास्ता से जाने वाले सभी निगम वासियों आम जनता से माफी मांगना चाहिए कि भूलवश हमने मार्ग को बंद कर दिया था। वैसे भी भाजपा के बड़े नेताओं के द्वारा झूठ बोलने का परंपरा चलता रहा है, उसी का अनुसरण शहर की मेयर ने भी किया है। लेकिन अपनी गलती पर इल्जाम दूसरों पर लगा देना यह मेयर को शोभा नहीं देता है। भाकपा ने दीनदयाल मार्ग को चालू करने के लिए आंदोलन किया। पलामू उपायुक्त का घेराव भी किया था। निगम वासियों को इसका लाभ मिला। मार्ग से अवरूद्ध को हटाया गया। जिसके लिए निगम की जनता बधाई के पात्र हैं। क्योंकि उन्हीं के आंदोलन से शहर के मेयर को झुकना पड़ा।

### कारगर सिद्ध होगा आजीविका न्याय सलाह केंद्र : मीना

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के पंचायत सचिवालय नरसिंहपुर पथरा में पंचायत की मुखिया मीना देवी ने फीता काटकर आजीविका न्याय सलाह केंद्र का उद्घाटन किया। मुखिया मीना देवी ने कहा कि आजीविका न्याय सलाह केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश में जेएसएलपीएस के नेतृत्व में संचालित होगा। उन्होंने कहा कि नया सलाह केंद्र खुलने से वैसे लोगों को लाभ मिलेगा जो नियम कानून से अनभिज्ञ है। सरकारी स्तर पर या सामाजिक स्तर पर जिन्हें न्याय,हक, अधिकार नहीं मिलता है उन्हें सलाह मिलेगा। प्रक्रिया के तहत मदद मिलेगी। न्याय दिलाने में हरसंभव साथ निभायेगी। मुखिया ने कहा कि जनहित में गरीब गुरबों के लिए आजीविका न्याय सलाह केंद्र कारगर सिद्ध होगा। समाज में बहुत से ऐसे लोग हैं जो रोजी-रोटी के जुगाड़ में रहते हैं। वैसे लोग सामाजिक स्तर पर यदा-कदा सताये भी जाते हैं। आज लोग थाना, कचहरी और प्रखंड कार्यालय में जाने से डरते हैं। अपने हक अधिकार की बात कह नहीं पाते हैं।

# मेयर व फिल्म स्टार ने किया गोपा बाबू पार्क का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर और बॉलीवुड स्टार राहुल चटर्जी ने शुक्रवार की शाम नावाहाता स्थित गोपा बाबू स्मृति पार्क का शिलान्यास किया। गोपा बाबू का पूरा नाम अमिय कुमार घोष था। जो पलामू के पहले विधायक होने के साथ साथ संविधान सभा के सदस्य भी थे। शिलान्यास के मौके पर मेयर ने कहा कि गोपा बाबू जैसे शख्स किसी भी शहर के लिए धरोहर समान है। उन्हे याद करना शहर की जिम्मेवारी है। निगम यह प्रयास कर रही है की गोपा बाबू सहित शहर के सभी विभूतियों के नाम अमर हो ,इसलिए उनके स्मृति में सड़क, चौक, पार्क आदि बनाए जाये। उप मेयर मंगल सिंह ने कहा कि शहर को हर हाल में खूबसूरत बनाना निगम की पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर एक हिंदी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पलामू आए स्टार राहुल चटर्जी को बंगाली समिति ने सम्मानित किया। बंगाली समिति के तरफ से मेयर अरुणा शंकर, वरीय सदस्य देवेश मोइत्रा, मुनमुन चक्रवर्ती आदि ने उन्हें सम्मानित किया। तुम बिन, जुली आदि फिल्मों के अभिनेता ने कहा की समिति के द्वारा जिस तरह से उन्हे सम्मानित किया गया वो यादगार है। ये लम्हा उन्हे हमेशा याद रहेगा। मौके पर उप मेयर मंगल सिंह, वार्ड पार्षद जयश्री गुप्ता, फिल्म निमार्ता निर्देशक राहुल शुक्ला, बंगाली समिति के अध्यक्ष प्रभाष रंजन दासगुप्ता, देवेश मोइत्रा, गौतम घोष, आशीष दासगुप्ता, देवाशीष सेनगुप्ता, डॉ कौशिक मल्लिक, गौतम बोस, जया चक्रवर्ती, अर्पिता दासगुप्ता, मुनमुन चक्रवर्ती, अमर कुमार भांजा, उज्ज्वल सिन्हा, गिरिंद्र यादव, संजीत प्रजापति, मुकेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## कौन थे गोपा बाबू

अमिय कुमार घोष, जो गोपा बाबू की नाम से जाने जाते थे। वे स्वतंत्रता सेनानी भी थे। जब नेताजी सुभाषचंद्र बोस पलामू आए थे तो नावाहाता स्थित उनके ही आवास पर रुके थे। स्वर्गीय घोष का वो आवास वर्तमान में प्रकाश चंद्र जैन सेवा सदन है। स्वर्गीय घोष स्वतंत्रता की लड़ाई में नरम व गरम दोनों मत के साथ रहे। पर उनका झुकाव सुभाष बाबू के नेतृत्व वाली गरम दल के तरफ ही था।



# नियोजन नीति को लेकर छात्रों की बैठक आज

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू में झारखंड सरकार के द्वारा लागू 60:40 की नियोजन नीति को लेकर आज बैठक रखा गया है। पलामू के छात्रों का कहना है कि यह हम सभी के हित में कतई नहीं है। समस्त छात्र-छात्राएं इससे प्रभावित होंगे। इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए पलामू जिले के समस्त छात्र छात्राओं को सूचित किया गया है कि नियोजन नीति के विरोध में पैदल आक्रोश मार्च और मुख्यमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसमें कार्यक्रम की संगठनात्मक रणनीति हेतु आज स्थानीय जीएलए कॉलेज के ग्राउंड में सुबह 11 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। युवाओं के द्वारा शहर के सभी गणमान्य लोग, सभी छात्र संगठन समेत पूरे छात्र-छात्राओं से अपील किया गया है कि युवाओं के हक में इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हो।

# कचरा डंप कर आहर भरने की हो रही तैयारी : शैलू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार सैलू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि चैनपुर टेंपो स्टैंड स्थित मुख्य आहर को पूर्व में भू- माफियाओं के द्वारा भरवाया जा रहा था। परन्तु अब नगर निगम के द्वारा कचरा डंप करवाकर भरवाया जा रहा है। क्या घनी बस्ती में एवं आहार में कचरा डंप करना न्यायसंगत है या साजिश है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को प्रेस के माध्यम से पूर्व में भी सूचना दी गई थी कि तालाब का अतिक्र मण किया जा रहा है। जिसके बाद आहार भरने का काम रुक गया था। उन्होंने कहा कि इसी पोखरा से चैनपुर का जलस्तर हमेशा बना रहता है। जिसके कारण यहां के लोगों को पानी की परेशानी कम हो रही है। यदि पोखरा भर दिया जायेगा तो भविष्य में यहां का जल स्तर नीचे चला जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पोखरे में नगर निगम का कचरा फेंके जाने से आसपास के क्षेत्रों में गंदगी और बदबू से लोग परेशान हैं। अभी भीषण गर्मी आने वाली है। यदि कचरा फेंकने से नहीं रोका गया तो महामारी फैलने की आशंका है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। चैनपुर क्षेत्र में पूर्व में कई जल स्त्रोतों का अतिक्रमण हो चुका है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि इसे अविलंब रोका जाए और इस प्रकार के अनैतिक जनहित विरोधी कार्य करने वालो पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ताकि कोई भी इस तरह का कार्य ना कर सके।

# कद्दू-भात के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू, आज खरना



**छठव्रतियों के द्वारा नहाय खाये के अगले पूरे दिन उपवास के बाद शाम में खीर और रोटी से खरना किया जायेगा।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व शनिवार को कद्दू भात खाने के साथ शुरू हो गया। पलामू सहित उसके आस पास के क्षेत्रो में चैती छठ व्रतियों ने सूयोर्पासना किया। छठ पूजा में विशेषकर सूर्य की उपासना की जाती है। छठव्रतियों के द्वारा नहाय खाये के अगले पूरे दिन उपवास के बाद शाम में खीर और रोटी से खरना किया जायेगा। 27 मार्च को 36 घंटे का निर्जला उपवास रखते हुए छठ व्रती शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे और अगले दिन सुबह 28 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही यह व्रत पूरा हो जायेगा। नहाय खाये को लेकर सुबह से ही कोयल नदी और अमानत नदी में छठ व्रतियों की भीड़ रही। हालांकि छठव्रतियों संख्या कार्तिक छठ से कम रही। छठव्रतियों ने स्नान कर नदी से जल लाकर कद्दू और भात का भोग लगाया और प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। वही कई सामाजिक संगठनों ने भी व्रतियों की सुविधा के लिए योजनाएं तैयार कर छठ घाट जाने वाले रास्ते की साफ-सफाई कर उस पर पानी छिड़काव व बिजली, पानी दूध आदि उपलब्ध कराने की तैयारी में लगे हुए है। छठ पूजा का अनुष्ठान सकारात्मक ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है। शरीर और मन को शांति प्रदान करता है। यह व्रत प्रतिरक्षक शक्ति में भी वृद्धि करता है। छठ पूजा को लेकर व्रती चावल, गुड़, शुद्ध घी, गन्ना आदि को जुटाने की तैयारी में लगे हैं। वही कई छठव्रतियों के द्वारा बाजारों से कांसा, पीतल व बांस के सूप, डाला और साड़ी चूड़ी, बिदी, धोती, नारियल फल आदि खरीदारी कर रही है। स्वच्छता व शुद्धता के साथ मनाया जाने वाला पर्व के लिए गेहूं धोने व सुखाने का काम भी किया जा रहा है। महिलाएं गीत गाते हुए पूजा के हर कार्य को पूरा करने में लगी है।

**आज होगी खरना :** नहाय खाये के अगले दिन खरना किया जाता है। जिसमें छठ व्रतियों के द्वारा खीर का प्रसाद बनाकर सूर्य और छठी मैया को भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया जाता है और लोगों के बीच वितरित किया जाता है। लोग भी बड़े श्रद्धापूर्वक खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते है। खरना के प्रसाद में उपयोग में लाये जाने वाले ईख के कच्चे रस, गुड़ के सेवन में त्वचा रोग, आंख की पीड़ा, शरीर के दाग धब्बे समाप्त हो जाते हैं। सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य व संतान के लिए रखा जाता है।

## निगम व जेनरल ने किया छठ व्रतियों के लिए व्यवस्था

चैत छठ महापर्व को लेकर छठ व्रतियों के लिए निगम के द्वारा स्थानीय कोयल नदी के घाटों की साफ सफाई किया गया है। वही पंपू कल के पास भी छठव्रतियों के द्वारा घाट बनाये गए है। नवरात्रि और रामनवमी के अवसर पर जेनरल के द्वारा भी शहर में चारों ओर लाइट लगाया गया है। जिसके कारण छठ व्रतियों को प्रकाश की समस्या नही होगी। रात्रि में कोयल नदी के घाट पर भी लाइट की व्यवस्था की गई है।



# डीओ से मिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह के नेतृत्व में सहायक अध्यापकों की समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक से मिला। संघ ने कहा कि पलामू जिला से हर महीना राज्य को मानदेय का डाटा भेजने में लेट लतीफा किया जाता है जो चिंताजनक है। सहायक अध्यापकों का स्नातक स्तरीय सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन अभी तक नहीं हुआ है। वेरिफिकेशन का प्रक्रिया सरल बनाया जाए, ताकि सहायक अध्यापकों को परेशानी ना हो। संघ ने समस्या पर चर्चा करते हुए कहा कि 6 से 8 में चयनित सहायक अध्यापकों को 1से 5 अस्तर का मानदेय दिया जाना चिंताजनक है। इंटर साइंस और स्नातक के साथ नियुक्त शिक्षकों को 40 अनुपात 1 बताकर उनके प्रतिभा के साथ खिलवाड़ करना निराशाजनक है। चर्चा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि टीचर आईडी ,गूगल शीट और ई विद्या वाहिनी का मैच नहीं होना सहायक अध्यापकों के लिए परेशानी का सबब है। इसका निराकरण अस्थाई तौर पर किया जाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि आकलन फॉर्म भरने के बाद भी सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन में त्रुटि दिखाया जाना चिंताजनक है। यह टेक्निकल मसला है इसमें सुधार होना चाहिए। संघ ने जिला शिक्षा अधीक्षक से कहा कि सहायक अध्यापकों से जुड़े सभी समस्याओं का निराकरण हो ,ताकि शिक्षकों को बेवजह भागदौड़ ना करना पड़े। प्रतिनिधिमंडल में जनेश्वर सिंह, इमाम अजहर, प्रखंड अध्यक्ष आमलेस चौरसिया, रामनारायण पाल, सत्येंद्र कुमार व विजय तिवारी शामिल थे।

# शुरू होगा ब्राह्मण जोड़ो अभियान: जिला अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव झारखण्ड की इकाई पलामू द्वारा मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में एक भव्य परशुराम मंदिर का निर्माण किया जाना हैं। इसी के निमित राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला के नेतृत्व में पूरे पलामू ज़िले में ब्राह्मण जोड़ों अभियान शुरू की जायेगी। मंदिर निर्माण से पहले 22 अप्रैल अक्षय तृतीया को श्री परशुराम जन्मों उत्सव के दिन भूमि पूजन किया जाना है। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू के द्वारा पूरे झारखण्ड के परशुराम वंशजों को आमंत्रित किया जाएगा। पलामू प्रमंडल के उपाध्यक्ष अरविंद पांडे ने मधुकर शुक्ला को जिला अध्यक्ष के दायित्व दिए जाने पर बधाई देते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं माला पहना कर अभिवादन किया। इस स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि 22 अप्रैल को होने वाले भूमि पूजन से पहले पलामू जिला के सभी गांवों का भ्रमण किया जाएगा एवं उनको भूमि पूजन के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# राहुल को अयोग्य घोषित करने की पटकथा गुजरात से लिखी गई : पूर्णिमा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं वायनाड से पूर्व सांसद राहुल गांधी को सूरत कोर्ट के द्वारा 2 साल की सजा सुनाने के बाद केंद्र की मोदी सरकार द्वारा आनन-फानन में संसद की सदस्यता खत्म करने को लेकर कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव एवं जोनल प्रवक्ता पूर्णिमा पाण्डेय ने प्रतिक्रिया देते हुये बताया कि इस केस को फाइल करने वाला व्यक्ति जब खुद केस पर स्टे लगा रखा था। फिर राहुल गांधी के द्वारा गौतम अडानी के भ्रष्टाचार में मोदी के साथ साठ-गांठ पर संसद में घेरने और पर्दाफाश करने की डर से आनन-फानन में सदस्यता रद्द करके मोदी ने लोकतंत्र को शर्मसार कर दिया। वैसे राहुल गांधी ने क्या गलत पूछा था कि इस देश की जनता के टैक्स का पैसा लेकर जाने वाला व्यक्ति और उनको सहायता करने वाला मोदी ही क्यूँ है। ये सब सुनियोजित तरीके से किया गया है। क्योंकि मोदी सरकार को मालूम है कि अगर राहुल गांधी संसद गये तो मोदी की पूरे देश के सामने पोल खुल जाता। वैसे मोदी सरकार को ये सब तथाकथित पटकथा लिखने से एक और फायदा होगा कि अब यही मुद्दा में पूरा देश व्यस्त हो जायेगा और अड़ानी के भ्रष्टाचार का मुद्दा से अब देश की जनता भटक जायेगी। मगर यह बात देश की जनता को समझना होगा कि जिसके बाप और दादी जब इस देश की एकता और अखंडता के लिये अपना जान निछावर कर दिया तो क्या राहुल गांधी किसके लिये भ्रष्टाचार से लेकर महंगाई का मुद्दा उठा रहे हैं। इस देश से करोड़ों-अरबों का पैसा चोरी करके भागने वाला व्यक्ति को चोर नहीं बोला जायेगा तो क्या बोला जायेगा। इस देश का दुर्भाग्य है कि देश का पैसा चोरी करने वाला व्यक्ति चोरी करके भी एकदम सुरक्षित है। मगर उन चोरों के विरूद्ध आवाज उठाने वाला व्यक्ति को सजा हो रही है और संसद की सदस्यता भी खत्म की जा रही है ,क्या यही लोकतंत्र है।

## भूगोल व नागपुरी विषय की मेधा सूची जारी

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी के द्वारा शनिवार को भूगोल और नागपुरी विषय के अभ्यर्थियों का मेधा सूची जारी किया गया। जिसमें नागपुरी विषय के आठ अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है। जबकि भूगोल में 309 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है। अब आयोग के द्वारा सभी चयनित अभ्यर्थियों को जिला विकल्प के लिए लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। वही,पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों के जिला विकल्प के कार्य पूर्ण होने के बाद अंतिम मेधा सूची के इंतजार में अभ्यर्थियों में बैचैनी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर तीन महीने में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी किया जाना था। लेकिन अभी तक प्रक्रिया चल ही रहा है।

# एआईएसएफ ने प्रति कुलपति को ज्ञापन सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय की अध्यक्षता में एनपीयू के प्रति कुलपति को पीएचडी इंट्रेंस परीक्षा पुनः कराने हेतु पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें विवि के अधिकतम महाविद्यालय सीसीटीवी कैमरे से लैस है। फिर भी पीएचडी परीक्षा बिना सीसीटीवी वाले रूम में आयोजित क्यों की गई। विद्यार्थियों ने पीएचडी इंट्रेंस टेस्ट के लिए 1500 शुल्क दिए फिर भी प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं कराया गया। जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय का कहना है की पीएचडी की परीक्षा और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाले लोग शोधार्थी होते है। लेकिन विगत इंट्रेंस टेस्ट से यह लगता है कि एनपीयू प्रबंधन सबको कदाचार करवा कर यह साबित करना चाहती है की आने वाली पीढ़ी कदाचार ही सदाचार बनें। उन्होंने बताया कि परीक्षा में हुई कदाचार सुनियोजित प्रतित होती है। इस पर संज्ञान लेते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें और परीक्षा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। अन्यथा हम लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत अगले संघर्ष को स्वतंत्र होंगें और तत्काल प्रभाव से बाहर नहीं करते हैं,तो कुलपति खुल कर बताएं कि पीएचडी सीट का डील कितना में किए हैं। एक हफ्ता के अंदर प्रभाव मुक्त नहीं होता हैं,तो प्रेस कांफ्रेंस कर कुलपति के तीन साल का सारा काला चिट्ठा का पोल भी खोलेंगे। मौके पर मौजूद जिला कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कुमार, जी.एल.ए कॉलेज अध्यक्ष प्रियांशु आनंद, जेएस कॉलेज अध्यक्ष हिमांशु रंजन, शशिकांत मेहता, नीरज कुमार आदि छात्र मौजूद थे।

**चर्चा** | अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत राशि भुगतान की मिली स्वीकृति

# मूल्यांकन समिति की बैठक में राशि भुगतान का निर्णय

**21 मामलों में राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 संशोधित अधिनियम 2016 के द्वारा जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक हुई। बैठक में अधिनियम के तहत मामलों की चर्चा हुई। इसमें 21 मामलों के लिए राशि भुगतान की स्वीकृति दी गयी। जिले के विभिन्न थानों में दर्ज कांड एवं पुलिस प्रशासन की अनुशंसा प्राप्त मामलों को बैठक में रखा गया था। जिसमें राशि भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान करते हुए पीड़ितों के बीच भुगतान करने का निर्णय लिया गया। जिन 21 मामलों में राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। उसमें जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने, मारपीट करने एवं गाली-गलौज करने आदि से संबंधित था। इससे संबंधित जिले के विभिन्न थानों में कांड दर्ज कर अनुसंधान की गयी थी। जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने बताया कि 21 पीड़ित/पीड़िताओं के बीच 6 लाख रुपए की राशि भुगतान की स्वीकृति मिली है। निर्देशानुसार स्वीकृत राशि लाभुकों के बीच शीघ्र भुगतान की जायेगी। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे के अलावा जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार सिंह, पांकी, हुसैनाबाद व छतरपुर विधायक के प्रतिनिधि, चतरा सांसद प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**भंडरिया।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भंडरिया में शनिवार को प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिप सदस्य हिरवंती देवी अंचला अधिकारी मदन महली प्रखंड प्रमुख रुकमणी देवी उप प्रमुख श्रद्धा देवी भंडरिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह सांसद प्रतिनिधि रूप रंजन सिन्हा सिन्हा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक सब इंस्पेक्टर संजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मलेरिया, टीवी, कुष्ट, कुपोषण, परिवार नियोजन, टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य जांच, दंत जांच, मोतियाबिंद, आयुष्मान भारत, मानसिक स्वास्थ्य जांच, युवा मैत्री केंद्र, योगा, अनुभवी चिकित्सक के द्वारा परामर्श कोविड सहित विभिन्न तरह के स्टाल लगाए गए थे। सभी स्टाल पर संबंधित बीमारी के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक ने कहा कि यह स्वास्थ्य मेला सरकार के निर्देश पर गरीबों के बीच निशुल्क इलाज के लिए आयोजित की गई है। ज्यादा से ज्यादा लोग इस मेले शामिल हो कर इसका लाभ ले सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इलाज अनुभवी चिकित्सक के परामर्श से ही कराएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य हिरवंती देवी ने कहा कि यह क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से यहां के लोगों के लिए स्वास्थ्य मेला काफी लाभकारी होगा। अभी भी लोक स्वास्थ्य विभाग से कोसों दूर हैं। स्वास्थ मेले में लोग बेझिझक अपनी बीमारी बताकर अनुभवी चिकित्सक से परामर्श लेकर इलाज करा सकते हैं।

## एक नजर इधर भी

# इज्जत का दरवाजा



■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

उसके घर बैंक वाले आए थे। लोन देने के लिए नहीं वसूलने के लिए। बहुत देर की जिरह के बाद उन्होंने उसके घर का दरवाजा उखाड़ दिया। उसे अपने साथ ले जाने लगे। मुझे लगा हो न हो इस दरवाजे में कुछ खास है। इतने दिन उसके घर आया गया हूँ उधारी में बहुत सारी चीजें ली भी हैं, लेकिन कभी दरवाजे पर ध्यान नहीं दिया। लंबवत आयताकार वाला दरवाजा सागवान की लकड़ी का बना हुआ था। एक अरसा हुआ उसे रंगे हुए लेकिन अभी भी मजबूत था। बैंक वाले दरवाजा क्या ले गए मानो उसकी जान ले गए। घर वाले छाती पीट-पीटकर रोने-बिलखने लगे। ये पुरानी चीजें भी कब कूड़ा-कचरे की कैटगरी से उठकर मीठी यादें बन जाती हैं, पता ही नहीं चलता। पुरानी चीजों का तिरस्कार बड़ा दुखदायी होता है, क्योंकि हर एक नई चीज कभी न कभी पुरानी पड़ती ही है। नए के चक्कर में पुराने से मुँह मोड़ना संवेदना की कमी का प्रतीक है। मैंने उससे पूछा कि बैंक वाले दरवाजा क्यों ले जा रहे हैं? तो उसने रोते हुए कहा - क्या बताऊँ तुम्हें कि मुझ पर क्या बीत रही है? मैंने बैंक वालों से एक लाख रुपए का कर्जा लिया था। कर्जा देते समय उन्होंने मुझे मुस्कुराते हुए लाख हिदायतें दी थीं कि समय पर कर्जा चुका देना। वरना ब्याज बढ़ने का चक्कर हमेशा बना रहता है। ब्याज और लड़की देखते-देखते बढ़ जाते हैं। मैं फसल के भरोसे था। असमय बरसात के चलते सारी फसल बर्बाद हो गई। सरकार ने इस नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिया। उसमें मैं नहीं था। वह क्या था कि उनकी नजर में गरीबों की फसल कभी बर्बाद नहीं होती, होती है तो केवल अमीरों की। मुआवजा अमीरों को मिला और मुझे लानत। कमाल की बात तो यह थी कि मुआवजा उन अमीरों को भी मिला जिनकी ढेर सारी बंजर जमीनें थीं। सच है मुआवजा फसल की बबार्दी देखकर नहीं लोगों की हैसियत देखकर दिया जाता है। वह आगे कहने लगा - मैं बैंक वालों का कर्जा चुकाने में असमर्थ था। बाजार से जो कर्जा लिया था उसे चुकाने के लिए गाय-गोरू सब बेच दिए। अब मेरे पास कुछ नहीं था। बैंक वाले कई दिनों से धमका रहे थे। सोचा बैंक वाले हैं आज नहीं तो कल माफ कर ही देंगे। लेकिन मैं गलत था। मैं कर्ज लेने से पहले उनकी नजर में किसान था। कर्ज लेने के बाद ऋणी बना। ऋण चुकाने की असमर्थता ने कब मुझे उनकी नजर में चोर, उचक्का और नक्सली बना दिया, पता ही नहीं चला। आए दिन उनका घर पर आना। मुझे और बीवी-बच्चों का डराना अब हमारी खुराक का हिस्सा हो गए थे। जब उन्हें लगा कि मैं कर्जा नहीं चुका सकता तो आज वे दरवाजा उखाड़ ले गए। ऐसा क्या खास था उस दरवाजे में? कहीं उसमें सोना-चाँदी तो नहीं जड़ा था? या फिर पुरातत्व विभाग इसके पीछे लगा था?' मैंने उत्सुकतावश पूछा। उसने रोते हुए कहा - 'सोने-चाँदी से भी महँगी चीज थी उस दरवाजें में। और वह थी हमारी इज्जत। दुनिया की नजर में वे दरवाजा ले गए लेकिन हमें जीते जी अधमरा छोड़ गए। क्या हमारी इज्जत इतनी सस्ती है कि कोई भी आकर उसके साथ छेड़छाड़ कर सकता है? अब तक हम दरवाजा बंद कर इतने दिनों तक रूखा-सूखा जो कुछ भी खाते कभी दूसरों को पता नहीं चलता था। चलता भी कैसे? दरवाजे ने केवल हमें आने जाने का रास्ता ही नहीं इज्जत बचाए रखने का सहारा भी दिया था। देखा जाए तो वह लकड़ी है, महसूस करो तो इज्जत है।' मैं वहाँ से चला गया। अगले दिन समाचार पत्र में छपा था - 'एसबीआई बैंक ने अदानी का 12,770 करोड़ रुपए का कर्जा किया माफ।' साथ में उसी खबर के नीचे एक छोटी सी खबर छपी थी - 'दरवाजे के गम में एक किसान ने की आत्महत्या।'

# भाजपा के लिए नागफांस बन रहे हैं राहुल गांधी

**जब** से जीवन में देश की राजनीति के संबंध में कुछ जानने-समझने की क्षमता विकसित हुई, तभी से देखता–सुनता आ रहा हूं कि विपक्षी दलों के हंगामों के बीच संसद आज भी नहीं चली। लेकिन, आज जो कुछ सुन, पढ़ और देख रहा हूं, वह यह कि 'सत्तारूढ़ दल के हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही नहीं चली।' देश में संभवतः पहली बार ऐसा हुआ है जब सत्तारूढ़ भाजपा सांसदों और मंत्रियों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा लंदन के कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में दिये गये भाषण को विदेश की धरती पर देश का अपमान मानकर उन्हें संसद से निष्कासित अथवा माफी मांगने के मुद्दे पर हंगामा होता रहा। राहुल गांधी ने कहा कि 'शायद महिलाओं को गैस सिलिंडर देना और लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाना अच्छा कदम है। ऐसे कदम को गलत नहीं कहा जा सकता, लेकिन मेरे विचार में मोदी भारत की बनावट को बर्बाद कर रहे हैं। वह भारत पर एक ऐसा विचार थोप रहे हैं, जिसे भारत स्वीकार नहीं कर सकता।' राहुल बोले, 'भारत राज्यों का संघ है। भारत में धार्मिक विविधता है। यहां सिख, मुस्लिम, ईसाई सभी हैं, लेकिन मोदी इन्हें दूसरे दर्जे का नागरिक समझते हैं। मैं इससे सहमत नहीं हूं। जब आपका विरोध इतना बुनियादी हो तो फर्क नहीं पड़ता कि आप किन दो–तीन नीतियों से सहमत हैं।' राहुल ने यह बात उस सवाल के जवाब में कही, जिसमें उनसे पूछा गया था कि क्या आप नरेन्द्र मोदी की उन अच्छी नीतियों के बारे में बता सकते हैं जो भारत के हित में हैं? राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में 'लर्निंग टू लिस्निंग', यानी सुनना सीखने के विषय पर छात्रों को लेक्चर दे रहे थे। वहीं, विपक्षी कांग्रेस अन्य सोलह दल अदाणी-हिंडनवर्ग मामले के लिए जेपीसी का गठन करके जांच कराने की मांग कर रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब विदेश की धरती पर भारत के लिए अपमानजनक जो बात कहते रहे है, उसके लिए वह भी माफी मांगें। राहुल गांधी कहते हैं कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनते ही देश और विदेश में कहना शुरू किया कि पिछले सत्तर वर्षों में कांग्रेस ने देश के लिए कुछ नहीं किया। तो क्या यह भारत की तीन पीढ़ियों का अपमान नहीं है? यही नहीं चीन, दोहा और कई देशों सहित दक्षिण कोरिया के दौरे पर वर्ष 2015 में जब वह गये थे, तो उन्होंने सियोल में अप्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा था, 'पहले मुझे और तमाम लोगों को शर्म आती थी कि कैसा देश है यह, जहां हम पैदा हो गये। जरूर पिछले जन्म में कोई पाप किया होगा, लेकिन अब हमें गर्व है।' सियोल में दिये गये भाषण को लेकर पीएम मोदी के खिलाफ सीएमएम कोर्ट कानपुर में परिवाद भी दाखिल किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय राजनीति, खासतौर पर विपक्ष के बारे में की गई टिप्पणियों पर अब फिर से बहस छिड़ गई है। 6 जून, 2016 को कतर की राजधानी दोहा में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने फिर से विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था, 'मुझे दिक्कतें आई हैं, क्योंकि मैंने लोगों की मिठाइयां बंद करवा दी हैं और सरकारी स्कीमों और परियोजनाओं में धांधलियां रुकवाने से सालाना 36,000 करोड़ रुपये की बचत हो रही है, लेकिन अभी हमने भ्रष्टाचार की ऊपरी सतह को ही साफ किया है और भीतर से सफाई अभी शेष है।' प्रधानमंत्री के इस बयान की कांग्रेस ने निंदा की थी और कहा था कि विदेश में भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा विपक्ष की लगातार निंदा करते रहना, अब निराशाजनक होता जा रहा है। देश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और समर्थकों का कहना है कि राहुल गांधी ने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में ऐसी कोई बात नहीं कही,

> **राहुल गांधी ने कहा कि 'शायद महिलाओं को गैस सिलिंडर देना और लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाना अच्छा कदम है। ऐसे कदम को गलत नहीं कहा जा सकता, लेकिन मेरे विचार में मोदी भारत की बनावट को बर्बाद कर रहे हैं। वह भारत पर एक ऐसा विचार थोप रहे हैं, जिसे भारत स्वीकार नहीं कर सकता।' राहुल बोले, 'भारत राज्यों का संघ है। भारत में धार्मिक विविधता है।**

जिससे ऐसा लगता हो कि उन्होंने वहां भारत का अपमान किया। संसद में छह मंत्रियों और सत्तारूढ़ सांसदों ने राहुल गांधी के खिलाफ जो आरोप लगाये हैं, उन आरोपों का जवाब देना तो निश्चित रूप से राहुल गांधी के लिए बनता है; क्योंकि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं और उसकी मर्यादा का तो सभी को पालन करना ही होगा, लेकिन यदि सच में विदेशी धरती पर भारत की गरिमा को राहुल गांधी ने आहत किया है, तो निश्चित रूप से उसके लिए पहले एक सशक्त विश्वसनीय टीम का गठन करके उनकी सत्यता को परखना ही पड़ेगा। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो भारतीय लोकतंत्र से आमलोगों का विश्वास घट जायेगा। इसलिए आमलोगों के बीच और विशेष रूप से सोशल मीडिया पर यह विवाद छिड़ा हुआ है कि राहुल गांधी के इस मुद्दे को इतना तूल क्यों दिया जा रहा है? जवाब में कहा जाता है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है, ताकि इस नये विवाद को उठाकर सरकार उस मुद्दे से ध्यान हटा सके, जिसका आरोप सांसद और सांसद के बाहर राहुल गांधी ने लगाया है। सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने तो यहां तक कह दिया कि रहूल गांधी को देश से बाहर निकल दिया जाय। इसे हास्यास्पद बताते हुए कांग्रेस के नेता कहते हैं कि साध्वी का यह बयान गैर मर्यादित है। राहुल गांधी ने दिल्ली में एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि उनके ऊपर सांसद में जो आरोप लगाये जा रहे हैं, चूंकि वह संसद सदस्य हैं, इसलिए उसका जवाब वह संसद में ही देंगे। पत्रकारों से उन्होंने यह भी कहा कि उसके बाद विस्तृत जानकारी आपसे साझा करेंगे।

### इन दिनों



निशिकांत ठाकुर

वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक एनके सिंह एक संस्मरण के माध्यम से कहते हैं कि आजादी के बाद से अलग-अलग मुद्दों पर कई सदस्यों की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। पहला मामला एचजी मुद्गल का था, जिसे मुंबई की कार्यपालिका से प्रश्न के बदले धन स्वीकार करने के आधार पर वर्ष 1951 में संसद से बाहर कर दिया गया था। जून 1951 में भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया और अटॉर्नी जनरल से समिति की सहायता करने का अनुरोध किया गया। अंततः जब मुद्गल के निष्कासन का प्रस्ताव सदन के समक्ष लाया गया, तो संबंधित सदस्य को चर्चा में भाग लेने की अनुमति दी गई। अपने भाषण के तुरंत बाद मुद्गल मंच पर गये और अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि, इस इस्तीफे को स्वीकार नहीं किया गया और उन्हें सदन से निष्कासित कर दिया गया। इस मामले की एक खास बात यह थी कि जब मुद्गल को निष्कासित किया गया था, तब पं. जवाहर लाल नेहरू, डॉ अम्बेडकर और संविधान सभा के अधिकांश दिग्गज मौजूद थे। मुद्गल ने अपने निष्कासन को कभी चुनौती नहीं दी। राहुल गांधी के मामले में भ्रष्टाचार का मुद्दा तो नहीं है, लेकिन तथाकथित विदेश की धरती पर भारत को अपमानित करने का जो आरोप है, क्या उसका उत्तर संसद में राहुल गांधी को देने का अवसर दिया जायेगा? भाजपा के लिए मोदी-अदाणी के संबंधों के बारे में न बताना नागफांस बन गया है। अब कांग्रेस को तो संसदीय गरिमा का पालन करना ही होगा, तब तक जब तक कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित छह सदस्यों की कमेटी की और सेबी की जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती है। कांग्रेस को रिपोर्ट का इंतजार तो करना ही चाहिए कि आखिर दोनो की जांच रिपोर्ट क्या कहती है।

# वैवाहिक जीवन की विसंगति है 'मैरिटल रेप'

**देश** का सर्वोच्च न्यायालय 'मैरिटल रेप' यानी वैवाहिक बलात्कार पर आगामी 09 मई को अपनी सुनवाई करेगा। स्त्री-पुरुष के वैवाहिक संबंधों को लेकर यह मामला बेहद संवेदनशील है। सवाल उठता है कि क्या शादीशुदा जीवन में 'बलात शब्द' का कोई स्थान होना चाहिए। विवाह एक आपसी और जीवनपर्यन्त चलने वाला रिश्ता है। दैहिक संतुष्टि स्त्री-पुरुष संबंधों की एक जरूरत है। यह जीवन की नैसर्गिक आवश्यकता है। लेकिन आधुनिक सभ्यता में 'मैरिटल रेप' अब सिर्फ एक शब्द नहीं, हाल के दिनों में स्त्री अधिकार और उसके विमर्श का केंद्र बन गया है। भारत जैसे उदार देश में एक तरफ तीन तलाक और हलाला जैसी कुप्रथाएं पुरुष के एकाधिकार को साबित करती हैं। वहीं 'मैरिटल रेप' यानी वैवाहिक बलात्कार भी स्त्री अधिकारों का दमन है। 'मैरिटल रेप' सामाजिक विद्रूपता और कुरूपता है। इसके पीछे पुरुष एकाधिकार की गंध आती है। महिलाओं को सिर्फ समर्पण, त्याग, दया और ममता की प्रतिमूर्ति समझना कहाँ का न्याय है। स्त्री और पुरुष अर्धनारीश्वर है। दोनों के बिना किसी एक का अस्तित्व नहीं है। आधुनिक युग में जहाँ 'लिव इन रिलेशन' समलैंगिकता और विवाह पूर्व सेक्स आम प्रचलन में है। वहीं इनके संरक्षण के लिए जैसी गैर सामाजिक संस्थाओं का उदय भी हो रहा है। हालांकि कुछ माँग तो भारत जैसे देश के लिए गैर जरूरी हैं। कोई भी अनैतिक संस्कृति निजता नहीं हो सकती। वैवाहिक जीवन में सहमति और असहमति के बीच 'सेक्स' स्त्री और पुरुष के बीच द्वंद की दीवार बन है। वैवाहिक जीवन में 'बलात्कार शब्द' का औचित्य ही नहीं होना चाहिए। विवाह जीवन की पहली सहमति है। वह स्त्री-पुरुष के आपसी समझौते का संस्थागत दस्तावेज है। दोनों के बीच 'दैहिक संतुष्टि' एक प्राकृतिक शाश्वत सत्य है। दैहिक संतुष्टि पर जितना प्राकृतिक अधिकार स्त्री का है उतना ही पुरुष का है। इस सत्य के पीछे सृष्टि संरचना का एक अनूठा संसार भी है। क्या हम ऐसे विवादों को खड़ा कर जीवन संरचना के 'शाश्वत सत्य' को ही मिटाने पर तुले हैं। क्या हम प्राकृतिक सत्य को ही नकारने पर अमादा हैं। वैवाहिक जीवन में 'दैहिक संतुष्टि' स्त्री-पुरुष का प्राकृतिक अधिकार है। इसे सिर्फ स्त्री विमर्श और उसके अधिकार के रूप में नहीं विश्लेषित किया जाना चाहिए। फिलहाल ऐसी बहस कितनी जायज है जब जीवन की निजी आजादी की आड़ में विवाह पूर्व 'उन्मुक्त सेक्स' की संस्कृति पनप रहीं है। इस तरह के विवाद से स्त्री-पुरुष संबंध अच्छे नहीं हो सकते। इसके पीछे स्त्री की उन्मुक्तता भी प्रमुख कारण है। वह सैक्स जैसे अधिकार पर पुरुष का एकाधिकार नहीं मानना चाहती। सफल वैवाहिक जीवन में यौन हिंसा का कहीं स्थान नहीं होना चाहिए। यौन हिंसा ही तलाक और दूसरे मुद्दों का कारण बनती है। भारत में 29 फीसदी महिलाएं वैवाहिक जीवन में यौन हिंसा का शिकार हैं। गांव और शहर में इसका अंतर साफ-साफ दिख सकता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के एक आंकड़े अनुसार यौन हिंसा का सबसे अधिक प्रभाव ग्रामीण इलाकों में देखने को मिलता है। ग्रामीण इलाकों में 32 फीसदी और शहरों में 24 फीसदी महिलाएं वैवाहिक जीवन में यौनिक हिंसा का शिकार हैं। महिलाओं को ऐसी हिंसा से बचने के लिए डॉमेस्टिक वायलेंस एक्ट (घरेलू हिंसा कानून) भी है। दुनिया के 185 देशों में सिर्फ 77 में 'मैरिटल रेप' पर कानून बना है। बाकी 108 देश में 74 देश ऐसे हैं जहां महिलाओं को रिपोर्ट दर्ज कराने का अधिकार है। भारत के समेत 34 देशों में मैरिटल रेप को लेकर कोई कानून नहीं है। आधुनिक परिवेश में यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। क्योंकि विवाह नामक संस्था को बनाये रखना भी हमारी सामाजिक चुनौती है। हम एक अच्छी स्त्री चाहते हैं, लेकिन हमें एक अच्छा पुरुष भी बनना होगा। अदालत के किसी भी फैसले का असर समाज पर दूरगामी हो सकता है। सरकार और संवैधानिक संस्थाओं को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। भारत में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे की एक रिपोर्ट के अनुसार शहरी 24 फीसदी महिलाएं इस समस्या से पीड़ित हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 18 से 49 साल की महिलाएं जो विवाहित हैं संबंध बनाने के दौरान यौनिक हिंसा की शिकार होती हैं। इसके पीछे पुरुष की सेक्सुअल उन्मुक्तता भी सबसे प्रमुख कारण बनती है।

> **भारत जैसे उदार देश में एक तरफ तीन तलाक और हलाला जैसी कुप्रथाएं पुरुष के एकाधिकार को साबित करती हैं। वहीं 'मैरिटल रेप' यानी वैवाहिक बलात्कार भी स्त्री अधिकारों का दमन है। 'मैरिटल रेप' सामाजिक विद्रूपता और कुरूपता है। इसके पीछे पुरुष एकाधिकार की गंध आती है। महिलाओं को सिर्फ समर्पण, त्याग, दया और ममता की प्रतिमूर्ति समझना कहाँ का न्याय है।**

■ प्रभुनाथ शुक्ल

## है न विचित्र बात !

# दूतावासों पर हमले क्यों?

**हाल** के दौर में ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका तथा आस्ट्रेलिया स्थित भारतीय दूतावासों/ उच्चायोगों पर लगातार हो रहे उग्र प्रदर्शन तथा हमले सिद्ध कर रहे हैं कि उपर्युक्त देशों की पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियां कितनी काहिल और नकारा हैं। वे इन हमलों को रोकने में नाकाम हैं। ये शर्मनाक है। बीते कुछ दिन पहले लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में लहरा रहे तिरंगे झंडे का जिस बेशर्मी से अपमान किया गया, उससे हरेक राष्ट्रवादी भारतीय का कलेजा फट रहा है। सारा भारत लंदन की घटना के कारण गुस्से में है। जिस भारतीय मूल के ऋषि सुनक के ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर सारा भारत गर्व महसूस कर रहा था, वे अपने पुरखों के देश के तिरंगे का अपमान झेलते रहे। उन्हें भारत से कुछ सबक लेना चाहिए जहां पर 160 देशों के दूतावास तथा उच्चायोग कार्यरत हैं। पर मजाल है कि कोई प्रदर्शनकारी उनके अंदर चला जाय। उस देश के राष्ट्र ध्वज का अपमान करने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता है। देखिये, भारत में बसे तिब्बती हर साल 10 मार्च को तिब्बत आजादी दिवस पर नई दिल्ली के चीन दूतावास के बाहर अवश्य प्रदर्शन करते हैं। 10 मार्च, 1959 को तिब्बत में विद्रोह हुआ, इसके बाद दलाई लामा को भारत में शरण लेनी पड़ी। तभी से तिब्बती 10 मार्च को अपने राष्ट्रीय दिवस के तौर पर मनाते आ रहे हैं। ये तिब्बती चीनी दूतावास के बाहर जोरदार तरीके से प्रदर्शन करते हैं। ये प्रदर्शनकारी चीन के दूतावास की ओर बढ़ने का प्रयास भी करते हैं। इस क्रम में इनकी पुलिस के साथ हाथापाई की नौबत भी आ जाती है। जाहिर है, तिब्बती चीनी दूतावास के बाहर अपने तिब्बत की आजादी के लिए नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करते हैं। इनके हाथों में तिब्बत सरकार के झंडे, पोस्टर और बैनर रहते हैं। पर, इन्हें कभी पुलिस एक सीमा से आगे बढ़ने की अनुमति नहीं देती। हालांकि तिब्बत के सवाल पर भारत की नीति एकदम साफ है। भारत यह मानता है कि चीन ने तिब्बत पर अवैध कब्जा कर रखा है। पर जब बात चीनी दूतावास पर प्रदर्शन की आती है तो भारत सरकार किसी भी सूरत में यह इजाजत नहीं देती कि तिब्बती प्रदर्शनकारी चीनी दूतावास पर हमला कर दें। हां, इन्हें दूतावास से थोड़ी दूर रहकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की अनुमति तो मिलती है। इसी नीति पर ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा तथा अमेरिका को भी चलना चाहिए था। पर ये अपने दायित्वों का निर्वाह करने में विफल रहे। इसके लिए इन्हें भारत से माफी मांगनी चाहिए। बेशक, तिब्बती आगे भी चीनी दूतावास पर प्रदर्शन करेंगे। जब तक तिब्बत आजाद नहीं हो जाता तब तक इनके विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। तिब्बती प्रदर्शनकारी अपने चेहरे पर काले रंग का मास्क पहन कर और कुछ गालों पर तिब्बती झंडा बनाकर प्रदर्शन करते हैं। यूं तो तिब्बती दशकों से चीनी दूतावास के बाहर प्रदर्शन करते हैं, पर इनका सबसे मुखर प्रदर्शन 2008 के बीजिंग ओलंपिक खेलों से पहले हुआ था। तब हजारों तिब्बतियों ने राजधानी की सड़कों से गुजरते हुए चीनी दूतावास का रुख किया था। इन्हें तब बड़ी संख्या में हिन्दुस्तानियों का भी साथ और सहयोग मिला था। तब सारी दुनिया में बसे तिब्बती विश्व बिरादरी से गुजारिश कर रहे थे कि वे बीजिंग खेलों का बहिष्कार करें। इनकी राजधानी में पुलिस से झड़पें भी हुई थी। तिब्बती एक्टिविस्ट पुलिस को चकमा देकर चीनी दूतावास की दीवारों पर चढ़ने की भी कोशिश कर रहे थे। पर सुरक्षा कर्मियों ने इन्हें किसी चीनी राजनयिक या फिर दूतावास की इमारत को क्षति पहुंचाने की इजाजत नहीं दी थी। मुझे चीनी दूतावास के बाहर अटल बिहरी वाजपेयी के अनोखे प्रदर्शन की भी याद आ रही है। उसका यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा। भारत-चीन के बीच जब 1962 में जंग छिड़ी हुई थी तब अटल बिहारी वाजपेयी ने चीनी दूतावास पर दर्जनों भेड़ों के साथ प्रदर्शन किया था।

■ आर.के. सिन्हा

# आजादी की पहली लड़ाई, इतिहास में पराई

**आदिवासी** असंतोष के प्रतीक ओडिशा के 'पाइक विद्रोह' को भी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का दर्जा प्राप्त है। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की शोषणकारी नीतियों के विरुद्ध ओडिसा में पाइक जनजाति के लोगों ने जबरदस्त सशस्त्र एवं विद्रोह किया था। इससे कुछ समय के लिए पूर्वी भारत में फिरंगी सत्ता की चूलें हिल गईं थीं। पाइक मे पारंपरिक भूमिगत रक्षा सेना के रूप में काम करते थे। 1857 के सैनिक विद्रोह से ठीक 40 साल पहले 1817 में अंग्रेजों के विरुद्ध इन भारतीय नागरिकों ने जबरदस्त सशस्त्र विद्रोह किया था। इसके नायक बख्शी जगबंधु थे। इस संघर्ष को कई इतिहासकार आजादी की पहली लड़ाई मानते हैं। इसको ऐतिहासिक स्वीकार्यता देने के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 2017 में केंद्र को पत्र लिखकर मांग की थी कि वास्तविक इतिहास लिखने के क्रम में 2018 के नये सत्र से एनसीआरटी की इतिहास संबंधी पाठ्य पुस्तक में 'पाइक विद्रोह' का पाठ जोड़ा जाय। इस पर तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने साफ किया था- '1817 का पाइक विद्रोह ही प्रथम स्वतंत्रता संग्राम है। 1857 का सिपाही विद्रोह किताबों में यथावत रहेगा। लेकिन देश के लोगों को आजादी का असली इतिहास भी बताना जरूरी है।' वैसे भी यदि घटनाएं और तथ्य प्रामाणिक हैं तो ऐसे पन्नों को इतिहास का हिस्सा बनाना चाहिए, जो बेहद अहम होते हुए भी हाशिए पर है। पाइक विद्रोह के 2017 में 200 साल पूरे होने पर इसके द्विशताब्दी समारोह मनाने के लिए केंद्र ने ओडिशा सरकार को 200 करोड़ रुपये दिये थे। आदिवासियों की जब भी चर्चा होती है तो अक्सर हम ऐसे कल्पना लोक में पहुंच जाते हैं, जो हमारे लिए अपरिचित व विस्मयकारी होता है। इस संयोग के चलते ही उनके प्रति यह धारणा बना ली गई है कि वे एक तो केवल प्रकृति प्रेमी हैं, दूसरे वे आधुनिक सभ्यता और संस्कृति से अछूते हैं। इसी वजह से उनके उस पक्ष को तो ज्यादा उभारा गया, जो 'घोटुल' और 'रोरुंग' जैसे उन्मुक्त रीति-रिवाजों और दैहिक खुलेपन से जुड़े थे, लेकिन उन पक्षों को कमोबेश नजरअंदाज ही किया गया, जो अपनी अस्मिता के लिए आजादी के विकट संघर्श से जुड़े थे? भारतीय समाजशास्त्रियों और अंग्रेज साम्राज्यवादियों की लगभग यही दोहरी दृष्टि रही है। देश के इतिहासकारों ने भी उनकी स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी लड़ाई को गंभीरता से नहीं लिया। नतीजतन उनके जीवन, संस्कृति और सामाजिक संसार को देश समाज से जुदा रखने के उपाय अंग्रेजों ने किये और उन्हें मानव शास्त्रियों के अध्ययन की वस्तु बना दिया। अंग्रेजों ने सुनियोजित ढंग से आदिवासी क्षेत्रों में मिशनरियों को न केवल उनमें जागरुकता लाने का अवसर दिया, बल्कि इसी बहाने उनके पारंपरिक धर्म में हस्तक्षेप करने की छूट भी दी। एक तरह से आदिवासी इलाकों को 'वर्जित क्षेत्र' बना देने की भूमिका रच दी गई। इसके लिए बहाना बनाया गया कि ऐसा करने से उनकी लोक-संस्कृति और परंपराएं सुरक्षित रहेंगी। जबकि इस हकीकत के मूल में आदिवासियों की बड़ी आबादी का ईसाईकरण करना था। इस कुटिल मकसद में अंग्रेज सफल भी रहे। ये उपाय तब किये गये, जब अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती देने के लिए पहला आंदोलन 1817 में ओडिशा के कंध आदिवासियों ने किया। दरअसल 1803 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने मराठाओं को पराजित कर ओडिशा को अपने आधिपत्य में ले लिया था। सत्ता हथियाने के बाद अंग्रेजों ने खुर्दा के तत्कालीन राजा मुकुंद देव द्वितीय से पुरी के विश्वविख्यात जगन्नाथ मंदिर की प्रबंधन व्यवस्था छीन ली। मुकुंद देव इस समय अवस्यक थे, इसलिए राज्य संचालन की बागडोर उनके प्रमुख सलाहकार व मंत्री जयी राजगुरु संभाल रहे थे। राजगुरु जहां एकाएक सत्ता हथियाने को लेकर विचलित थे, वहीं मंदिर का प्रबंधन छीन लेने से उनकी धार्मिक भावना भी आहत हुई थी। नतीजतन उन्होंने आत्मनिर्णय लेते हुए अंग्रेजों के विरुद्ध जंग छेड़ी। कंपनी की कुटिल फौज ने राजगुरु को हिरासत में लिया। विद्रोह के आरोप में बीच चौराहे पर फांसी पर चढ़ा दिया। अंग्रेज सोच रहे थे कि इससे ओडिशा की जनता घरों में दुबक जायेगी। मगर हुआ इसके उलट। घुमसुर के 400 पाइक आदिवासियों ने खुर्दा में जगह-जगह अंग्रेजों पर हमले शुरू कर दिए। ब्रिटिश राज्य के प्रतीकों पर आक्रमण कर पुलिस थाने, प्रशासकीय कार्यालय और राज-कोषालय आग के हवाले कर दिए। घुमसुर वर्तमान में गंजम और कंधमाल जिले का हिस्सा है। पाइक मूल रूप से खुर्दा के राजा के ऐसे खेतिहर सैनिक थे, जो युद्ध के समय शत्रुओं से लड़ते थे और शांति के समय राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने का काम करते थे। इस कार्य के बदले में उन्हें जागीरें मिली हुई थीं। इन जागीरों से राज्य कर वसूली नहीं करता था। शक्ति-बल से सत्ता हथियाने के बाद अंग्रेजों ने इन जागीरों को समाप्त कर दिया। यही नहीं कंपनी ने किसानों पर लगान कई गुना बढ़ा दी। जो लोग खेती से इतर नमक बनाने का काम करते थे, उसके निर्माण पर रोक लगा दी। इतनी बेरहमी बरतने के बावजूद भी न तो अंग्रेजों की दुष्टता थमी और न ही पाइकों का विद्रोह थमा। लिहाजा 1814 में अंग्रेजों ने पाइकों के सरदार बख्शी जगबंधु विद्याधर महापात्र, जो मुकुंद देव द्वितीय के सेनापति थे, उनकी जागीर छीन ली और उन्हें पाई-पाई के लिए मोहताज कर दिया। अंग्रेजों के यह ऐसे जुर्म थे, जिनके विरुद्ध जनता का गुस्सा भड़कना स्वाभाविक था। फलस्वरूप बख्शी जगबंधु के नेतृत्व में पाइकों ने युद्ध का शंखनाद कर दिया। देखते-देखते इस संग्राम में खुर्दा के अलावा पुरी, बाणपुर, पीपली, कटक, कनिका, कुजंग और केउझर के विद्रोही शामिल हो गए। यह संग्राम कालांतर में और व्यापक हो गया। 1817 में अंग्रेजों के अत्याचारों के चलते घुमसुर, गंजम, कंधमाल, पीपली, कटक, नयागढ़, कनिका और बाणपुर के कंध संप्रदाय के राजा और आदिवासी समूह इस संग्राम का हिस्सा बन गए। इन समूहों ने संयुक्त रणनीति एकाएक अंग्रेजों पर आक्रामण कर दिया। तीर-कमानों, तलवारों और लाठी-भालों से किया यह हमला इतना तेज और व्यापक था कि करीब 100 अंग्रेज मारे गए। जो शेष बचे वे शिविरों से दुम दबाकर भग निकले। एक तरह से समूचा खुर्दा कंपनी के सैनिकों से खाली हो गया। जनता ने अंग्रेजी खजाने को लूट लिया। इसके बाद इन स्वतंत्रता सेनानियों को जहां-जहां भी अंग्रेजों के छिपे होने की मुखाबिरों से सूचना मिली, इन्होंने वहां-वहां पहुंचकर अंग्रेजों को पकड़ा और मौत के घाट उतार दिया।

> **1817 में अंग्रेजों के विरुद्ध इन भारतीय नागरिकों ने जबरदस्त सशस्त्र विद्रोह किया था। इसको ऐतिहासिक स्वीकार्यता देने के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 2017 में केंद्र को पत्र लिखकर मांग की थी कि वास्तविक इतिहास लिखने के क्रम में 2018 के नये सत्र से एनसीआरटी की इतिहास संबंधी पाठ्य पुस्तक में 'पाइक विद्रोह' का पाठ जोड़ा जाय।**

■ प्रमोद भार्गव

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# एलएसएटी-इंडिया : 2023 जून सत्र के लिए पंजीकरण शुरू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जून सत्र के लिए एलएसएटी-इंडिया 2023 के लिए आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया 23 मार्च से शुरू की जा चुकी है। रजिस्ट्रेशन विंडो 26 मई 2023 तक खुली रहेगी। विश्व स्तर पर लॉ स्कूल प्रवेश के दिग्गज लॉ स्कूल एडमिशन काउंसिल (एलएसएसी) ने इसे डिजाइन किया है और पियरसन व्यू इन परीक्षाओं को आयोजित कराता है। 'एलएसएटी इंडिया' भारत भर के संस्थानों में एक स्थान सुरक्षित करने के इच्छुक संभावित उम्मीदवारों के लिए अग्रणी लॉ स्कूल प्रवेश परीक्षा है। उम्मीदवारों को अपने प्राप्त स्कोर के अनुसार कार्यक्रम से संबद्ध 12 संस्थानों में प्रवेश लेने का मौका प्राप्त होता है।

जून पंजीकरण विंडो 26 मई, 2023 को बंद हो जाएगी। परीक्षा की टेस्ट शेड्यूलिंग 17 अप्रैल से 29 मई 2023 से उपलब्ध होगी। जून सत्र की परीक्षा 8 जून से 11 जून 2023 तक कई स्लॉट में आयोजित की जाएगी। संभावित उम्मीदवारों को अपनी परीक्षा को पंजीकृत करने और शेड्यूलिंग के लिए www.lsatindia वेबसाइट पर जाना होगा।




**संस्थानों की सूची**

- जीडी गोयनका विश्वविद्यालय
- विआईटी चेन्नई स्कूल ऑफ लॉ (विट्सोल)
- एलायंस यूनिवर्सिटी
- प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी
- एशियन लॉ कॉलेज
- आईएसबीआर लॉ कॉलेज
- लॉयड लॉ कॉलेज
- मेवाड़ यूनिवर्सिटी
- शोभित यूनिवर्सिटी
- जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी
- यूपीईएस
- बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय

जनवरी 2023 पंजीकरण विंडो की सफलता के बाद ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में लॉ एडमिशन निदेशक और जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल (जेजीएलएस) के एसोसिएट डीन प्रोफेसर आनंद प्रकाश मिश्रा ने कहा, हमारे 5 साल के बीकॉम एलएलबी, बीए एलएलबी और बीबीए एलएलबी ऑनर्स प्रोग्राम में 100 प्रतिशत सीटें सिर्फ 'एलएसएटी इंडिया' स्कोर के आधार पर भरी जाती हैं। इसके अलावा, जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल में अध्ययन करने के लिए 10% से लेकर 75% तक की 400 से अधिक छात्रवृत्तियां एलएसटी-इंडिया स्कोर के आधार पर प्रदान की जाती हैं, अगर माता-पिता की आय निर्धारित सीमा के भीतर है। एलएसएटी-इंडियाद्ध भारत में कानून की पढ़ाई करने के इच्छुक हर व्यक्ति के लिए जून 2023 सत्र जरूरी है, चाहे आप 5 साल के कानून प्रोग्राम, 3 साल के एलएलबी या एक साल के एलएलएम कार्यक्रमों का लक्ष्य रखते हों।

मिश्रा ने बताया, एलएसएटी-इंडिया जनवरी 2023 के परिणामों के अनुसार 500 से अधिक छात्रों को पहले ही जेजीएलएस में प्रवेश मिल चुका है। वह आगे कहते हैं, छात्रों के लिए जून 2023 की परीक्षा के लिए पंजीकरण करने और अगर वे जेजीएलएस में एडमिशन चाहते हैं तो पूरी तैयारी के साथ इसमें भाग लेने का ये सही समय है। मैं एक अकादमिक दृष्टिकोण से जोड़ना चाहता हूं कि हमारे देश में कोई भी कानून प्रवेश परीक्षा इस परीक्षा के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मौलिकता और उच्च मानकों से मेल नहीं खाती है। सभी छात्र, भले ही वे किसी भी लॉ स्कूल में शामिल होने की इच्छा रखते हों, उन्हें अपने लॉजिक और रीजनिंग स्किल और कानून का अध्ययन करने की उपयुक्तता का आकलन करने के लिए एलएसएटी-इंडिया की परीक्षा देनी चाहिए।

एलएसएटी-इंडिया अब अपने 14वें साल में है। यह भारत के लॉ कॉलेजों द्वारा अंडर-ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट दोनों कार्यक्रमों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली प्रमुख कानून प्रवेश परीक्षाओं में से एक है। एनालिटिकल रीजनिंग, लॉजिकल रीजनिंग, रीडिंग कंप्रेंहस्सिव सेक्शन के साथ, एलएसएटी-इंडिया एडवांस रीडिंग स्किल, महत्वपूर्ण सोच और अनौपचारिक और निगमनात्मक तर्क कौशल के आधार पर कानून के उम्मीदवारों के कौशल का आकलन करने के लिए एक मानकीकृत परीक्षा है। परीक्षा में 92 प्रश्नों का जवाब 2 घंटे 20 मिनट के भीतर दिया जाना होता है। परिणाम स्केल्ड स्कोर और पर्सेंटाइल रैंक दोनों के साथ रिपोर्ट किए जाते हैं।

## सीएम नीतीश ने स्वतंत्रता सेनानी राम नंदन तिवारी को दी श्रद्धांजलि




## NEWS इन ब्रीफ

### चंपारण : निवर्तमान थानाध्यक्ष का शव थाना परिसर से बरामद

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिला के वाल्मीकिनगर थाना के निवर्तमान थाना प्रभारी शशि शेखर चौहान का शव शनिवार को थाना परिसर से बरामद किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत छत से गिरने से हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, चौहान का स्थानांतरण तीन दिन पहले मद्य निषेध प्रभारी, बगहा के तौर पर कर दिया गया था। शुक्रवार को अन्य कागजी औपचारिकता पूरा करने के लिए वाल्मीकि नगर आए थे। शनिवार तड़के इनका शव थाना परिसर में देखा गया। आनन फानन में इन्हे एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने इन्हें मृत घोषित कर दिया। बगहा पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव ने शनिवार को बताया कि पिछले कुछ दिनों से चौहान बीमार थे। उनका इलाज करवाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले इनका स्थानांतरण किया गया था। मामले की तहकीकात की जा रही है।

### अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या की

**समस्तीपुर।** ताबड़तोड़ बैंक लूट की घटनाओं के बाद अपराधियों ने शनिवार की सुबह-सुबह जिले के बंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरादपुर बंगरा पंचायत के डीह सरसौना गांव में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक डीह सरसौना गांव का मोहम्मद जफरुउल हक है। मामले की छानबीन में पुलिस जुट गई है। समाचार प्रेषण तक मामले का खुलासा नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगो ने एन एच 28 को जाम कर दिया है और पुलिस कप्तान को बुलाने की मांग पर अड़े हैं।

### अमृतपाल की तलाश में नेपाल बार्डर पर कड़ी निगरानी

**बरेली।** खालिस्तान समर्थक और 'वारिस पंजाब दे' संगठन के संचालक अमृतपाल की तलाश में पुलिस नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी बरत रही है। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली पीसी मीना ने शनिवार को बताया कि खालिस्तान समर्थक को लेकर देशभर में अलर्ट जारी हो चुका हैं। इसके अंतर्गत पीलीभीत- नेपाल बार्डर पीलीभीत जिले में नेपाल सीमा से लगे हजारा और माधोटांडा थाना क्षेत्र में पर चौबीस घंटे गहन निगरानी कराई जा रही है। शुक्रवार से बार्डर क्षेत्र में वाहनों की सघन चेकिंग शुरू हो गई है। उन्होने बताया कि संबंधित पुलिस कप्तानों को सतर्कता व चेकिंग के निर्देश दिए हैं। रामपुर जिला में बिलासपुर और पीलीभीत में पूरनपुर थाना क्षेत्र में अमृतपाल समर्थक चिन्हित कर सूची बनाई जा रही है। इन दिनों थाना क्षेत्रो पर विशेष निगरानी शुरू हो गई है। नेपाल सीमा खुली हुई है। आवाजाही पर कोई रोक नहीं है इसलिए आकस्मिक चेकिंग हर व्यक्ति की कराई जा रही है। स्थानीय अधिकारी पीलीभीत जिला को लेकर अधिक संवेदनशील दिख रहे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा : हमारा प्रयास, प्रयागराज कुंभ 2025 से पहले पूरा हो गंगा एक्सप्रेसवे का काम

# यूपी के नाम से अब चेहरे पर आती है चमक : सीएम

**देश में सबसे अधिक मेट्रो सेवा यूपी में**

**70 सालों में जिन्हें नहीं पूछा गया, उन्हें भी दी आवास की सुविधा**

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

सीएम ने कहा कि अपने कार्यों के माध्यम से हमने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पूरी ईमानदारी के साथ पहुंचाने का काम किया। पूर्वी यूपी आज पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और बुंदेलखंड बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के साथ जुड़ चुका है। पश्चिमी यूपी को मध्य यूपी और पूर्वी यूपी से जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे का काम तेज गति से चल रहा है। हमारा प्रयास है प्रयागराज कुंभ 2025 से पहले गंगा एक्सप्रेस वे का काम पूरा हो। गंगा एक्सप्रेसवे श्रद्धालुओं का स्वागत करे। हर जिला मुख्यालय को 4 लेन से जोड़ने की कार्रवाई या तो पूरी हो चुकी है या तेज गति से चल रही है। जिला मुख्यालय को रिंग रोड से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। देश में सबसे अधिक मेट्रो सेवा यूपी में है। पांच शहर में मेट्रो चल रही है, जबकि छठवें शहर आगरा में नवंबर-दिसंबर तक इसे चालू कर देंगे। रैपिड रेल सेवा भी अगले महीने तक पीएम के कर कमलों से लोकार्पित किया जाएगा।

### पूर्वी बंदरगाह से भी जुड़ गया यूपी

सीएम ने कहा कि 2017 में जब हम आए थे, तब दो एयरपोर्ट क्रियाशील और दो आंशिक थे, आज हमारे पास नौ एयरपोर्ट पूरी तरह से क्रियाशील हैं। 12 एयरपोर्ट पर हम वर्तमान में काम कर रहे हैं। इनमें से पांच को एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एयर कनेक्टिवटी के साथ जोड़ने के लिए सहमति दे दी है। अगले दो वर्ष के अंदर यूपी पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला पहला राज्य होगा। तीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट वर्तमान में क्रियाशील हैं। अयोध्या और जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अगले साल तक क्रियाशील कर दिया जाएगा। देश का पहला वाटर वे वाराणसी से हल्दिया के लिए शुरू कर दिया गया है। यूपी को हमेशा ये मलाल रहता था कि हम बंदरगाह से नहीं जुड़े हैं, मगर आज वाराणसी से हल्दिया को यानी पूर्वी बंदरगाह को यूपी को जोड़ दिया गया है। किसानों के उत्पाद को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं।



### बदला यूपी का परसेप्शन, डबल इंजन सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि

सीएम ने कहा कि यूपी ने बीते 6 साल में यूपी ने सचमुच परसेप्शन बदला है। आज यूपी के बारे में कोई नकारात्मक नहीं सोच रहा है। पहले लोग संदेह की दृष्टि से देखते थे, लेकिन आज यूपी का नाम सुनते ही लोगों के चेहरे पर चमक आ जाती है। ये हमारी डबल इंजन सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। हमारे नौजवानों के सामने अपनी पहचान छिपाने का संकट नहीं आ सकता है। आज उन्हें पूरे सम्मान के साथ अपने राज्यों और देशों मे कार्य देने के लिए लोग तैयार हैं। आज यूपी भी तैयार हो चुका है। हम आज डबल और ट्रिपल स्पीड के साथ अपने कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। याद कीजिए हमने यूपी में कार्यों की शुरूआत ही 80 हजार करोड़ के औद्योगिक विकास की परियोजनों के साथ की थी। यूपी में 6 साल में 5 लाख करोड़ की निजी क्षेत्र की परियोजनाओं की शुरूआत हुई, जिसमें लाखों युवाओं को नौकरियां मिली। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव ने सभी को चौंका दिया। 25 सेक्टरों में अलग-अलग रणनीति बनाकर पॉलिसी तैयार की गयी।

#### विद्युत आपूर्ति में वीआईपी कल्चर समाप्त

सीएम ने कहा कि पूववर्ती सरकार के पहले ढाई साल में मात्र ढाई लाख शौचालय बने थे, उसके बाद (वर्ष 2017) के डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में 2.61 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ। पीएम आवास योजना (शहरी) में 18 हजार स्वीकृत हुए थे पर बने नहीं थे जबकि 6 साल में शहरी/ग्रामीण क्षेत्र में 5,27,7000 आवास स्वीकृत किये गये हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख से अधिक गरीबों को आवास उपलब्ध कराए गये। इनमें मुसहर, वनटांगिया, थारू, कोल और सहरिया जैसी जातियां शामिल हैं, जिनकी आजादी के 70 साल तक आवाज नहीं सुनी जाती थी। वीआईपी कल्चर को समाप्त करते हुए समान रूप से सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की गयी। यूपी आज देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में देश में दूसरे स्थान पर है। यूपी के बजट को दोगुना बढ़ाया गया। पहले निराश्रित पेंशन के अंतर्गत 17 लाख महिलाओं को 500 रुपये प्राप्त होता था, आज 31 लाख महिलाओं को 1000 रुपये पेंशन दिए जा रहे हैं। पहले 37 लाख लाभार्थियों को 500 रुपये मासिक वृद्धावस्था पेंशन की सुविधा प्राप्त होती थी पर आज 56 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है, मासिक राशि भी दोगुनी की गई है।

#### किसान-नौजवान सभी है खुशहाल

सीएम ने कहा कि 2016 में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी, आज ये घटकर 3-4 प्रतिशत है। यूपी में 2007 से 2017 के बीच जितना गन्ना मूल्य का भुगतान हुआ, आज हमने उससे दोगुना गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। मुझे प्रसन्नता है हमने अब तक 2लाख 2 हजार करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य कर दिया है। धान और गेहूं में दलाल और एजेंट के माध्यम से खरीद होती थी। 2012 से 17 के बीच में मात्र 123 लाख मीट्रिक टन का धान क्रय बिचौलियों के माध्यम से हुआ था।

#### शिक्षा-स्वास्थ्य में यूपी समृद्धि की राह पर

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज यूपी इथेनॉल उत्पादन में देश में पहले नंबर पर है। यूपी आज 118 करोड़ लीटर उत्पादन कर रहा है। हम वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की ओर हम बढ़ रहे हैं। बहुत शीघ्र हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज होगा। हर कमिश्नरी स्तर पर एक विवि देने जा रहे हैं। मां शाकुंभरी के नाम से सहारनपुर, राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर अलीगढ़, महाराज सुहेलदेव के नाम पर आजमगढ़ में चल रहा है। गोरखपुर में गोरक्षनाथ के नाम से आयुष विवि का काम चल रहा है।

# जनता सब देख रही है और हिसाब लेगी : ललन सिंह

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सत्ताधारी महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने पर शनिवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि राहुल गांधी के मामले में 24 घंटे के अंदर जिस प्रकार से फैसला लिया गया है, वह दशार्ता है कि केंद्र सरकार हताशा में है। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि लोकतंत्र की प्रक्रिया होती है, अदालत का फैसला चुनाव आयोग में जाता है। चुनाव आयोग के माध्यम से वह लोकसभा अध्यक्ष के पास जाता है। ये सारी प्रक्रिया 10 घंटे में पूरी हो जाना दिखाता है कि इसमें केंद्र सरकार की भूमिका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बौखलाहट में है। उन्होंने कहा जनता सब देख रही है और हिसाब लेगी।

इस मामले में हालांकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अबतक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

इधर, बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से भी नौकरी के बदले जमीन के मामले में शनिवार को सीबीआई पूछताछ कर रही है। इस मामले पर सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के साथ जो हो रहा है, वैसा ही तेजस्वी यादव के साथ हो रहा है।



उन्होंने कहा कि ' लैंड फॉर जॉब स्कैम ' में 2008 से 2014 तक कोई जांच नहीं हुई। 2020 तक भी सीबीआई, ईडी चुप बैठी रही, लेकिन जैसे ही नीतीश कुमार महागठबंधन में शामिल हुए, वैसे ही सीबीआई और ईडी को दिव्य ज्ञान हो गया। जो फाइल बंद हो गई थी वह 2022 में फिर से खुल गई। उन्होंने कहा कि यह दशार्ता है कि केंद्र सरकार सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स विभाग का इस्तेमाल सिर्फ राजनीतिक कारणों से कर रही है, अपने विरोधियों को परेशान करने के लिए कर रही है। उन पर दबाव बनाने के लिए कर रही है।

## फसल काटने जा रहे मजदूरों का वाहन पलटा, दो दर्जन घायल

**सागर।** सागर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह मजदूरों से भरा माल वाहक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, हादसे में माल वाहक में सवार महिला, पुरुष सहित दो दर्जन से अधिक मजदूरों को चोटें आई हैं। जिन्हें देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, करीब 9 मजदूरों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया है। फसल कटाई के लिए शनिवार की सुबह महाराजपुर थाना क्षेत्र के रमखिरिया से मजदूरों को भरकर एक तीन पहिया माल वाहक महाराजपुर की ओर आ रहा था। तेज रफ्तार माल वाहक मोगरा के पास अनिंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में माल वाहक में सवार घायल मजदूरों को तुरंत ही राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस और पुलिस के वाहन से देवरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से करीब 9 मजदूरों को जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना की सूचना के बाद क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि सहित भाजपा, कांग्रेस सहित आदिवासी नेता देवरी अस्पताल पहुंच गए, जहां उन्होंने घायल मजदूरों का हाल जाना। मामले में पुलिस ने मालवाहक चालक पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जमीन के बदले नौकरी का मामला

# ईडी की सांसद मीसा से पूछताछ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती शनिवार को नौकरी के बदले जमीन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में शामिल हुईं। मीसा पूर्वाह्न करीब 11 बजे राष्ट्रीय राजधानी में ईडी मुख्यालय पहुंचीं। इस महीने की शुरूआत में जांच एजेंसी ने कहा था कि दिल्ली, मुंबई, पटना और रांची में 24 स्थानों पर छापेमारी के दौरान एक करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी, 1,900 डॉलर, 540 ग्राम सोना और 1.5 किलोग्राम सोने के आभूषण और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए थे। केंद्रीय एजेंसी ने लगभग 600 करोड़ रुपये का पता लगाने का भी दावा किया है, जो 350 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों के रूप में अपराध की आय थी और 250 करोड़ रुपये के लेन-देन बेनामीदारों के माध्यम से किए गए थे। जांच एजेंसी ने कहा कि अब तक की गई पीएमएलए जांच से पता चला है कि लालू प्रसाद के परिवार ने रेलवे में नौकरी के एवज में पटना और अन्य क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर कई जमीनें अवैध रूप से अधिग्रहित की थीं।



इन जमीनों का मौजूदा बाजार मूल्य 200 करोड़ रुपये से अधिक है। इन जमीनों के लिए कई बेनामीदारों, शेल संस्थाओं और लाभकारी मालिकों की पहचान की गई है। डी-1088, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली में स्थित एक संपत्ति (स्वतंत्र 4 मंजिला बंगला, एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत, एक कंपनी जिसका स्वामित्व और नियंत्रण तेजस्वी प्रसाद यादव और परिवार के पास है) को एक संपत्ति पर अधिग्रहित दिखाया गया था। ईडी के एक सूत्र ने दावा किया था कि यह संपत्ति मात्र 4 लाख रुपये में खरीदी गई, जिसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 150 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि इस संपत्ति को खरीदने में बड़ी मात्रा में नकदी/पीओसी का इस्तेमाल किया गया था और रत्न और आभूषण क्षेत्र में काम करने वाली मुंबई स्थित कुछ संस्थाओं का इस्तेमाल इस संबंध में अपराध की अवैध आय को चैनल करने के लिए किया गया था।

**जांच-पड़ताल** सारण में शराब कांड पर मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट, कहा

# जहरीली शराब से 77 लोगों की हुई थी मौत

**एजेंसी। पटना**

बिहार के सारण जिले में बीते वर्ष जहरीली शराब से मौत का आंकड़ा प्रशासन ने छिपाया था। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की रिपोर्ट में इसका दावा किया गया है कि सारण में जहरीली शराब से 42 नहीं, 77 लोगों की मौत हुई थी। आयोग की टीम, कांड की जांच के लिए 21, 22 और 23 दिसंबर को आई थी। उसने अपनी रिपोर्ट जारी कर दी है। 18 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब पीकर मरे 32 लोगों के शव बिना पोस्टमार्टम के जला दिए गए।

एनएचआरसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मरने वाले लोगों में अधिकतर किसान, मजदूर, ड्राइवर, चाय बेचने वाले, फेरी वाले या बेरोजगार थे। 75 प्रतिशत पिछड़ी जाति से थे। आयोग की जांच टीम को सुरक्षा और सहयोग नहीं मिला। उसने पीड़ितों से बात कर जानकारी जुटाई। आयोग ने पीड़ितों का पुनर्वास नहीं होने की बात कही है।आयोग के मुताबिक, मृतक के परिजनों को 4 लाख मुआवजा देना जिला प्रशासन का काम है। रिपोर्ट में पटना हाई कोर्ट की एक टिप्पणी का हवाला है, जिसमें पूर्ण शराबबंदी कानून को लागू करने में विफलता की बात है। एनएचआरसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि शराबबंदी लागू करने में अफसर और विभाग अपनी तय जिम्मेदारियां मुनासिब तरीके से पूरी नहीं कर पाए और इसकी वजह से इतने बड़े पैमाने पर लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। अधिकांश मृतक, पीड़ित परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके रहने की स्थिति बहुत खराब है।



दूसरी ओर बिहार सरकार के मद्य निषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग ने मानवाधिकार आयोग की इस बात को नकारा कि सारण शराब कांड में 77 मौतें हुई हैं। विभाग के अनुसार, 42 लोगों की ही मौत हुई। विभाग ने आयोग की इस बात पर भी आपत्ति दर्ज की कि शराबबंदी पूर्णता में कामयाब नहीं है। विभाग ने कहा कि शराबबंदी कानून तोड़ने वालों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। हालिया सर्वे के अनुसार 1.82 करोड़ लोगों ने शराब पीनी छोड़ दी।

# कोलकाता में 2022 में सामने आए 13,316 टीबी के मामले

**कोलकाता।** कोलकाता में 2022 में ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के कुल 13,316 मामलों की सूचना दी, जो पश्चिम बंगाल राज्य विभाग के साथ-साथ शहर के नगर निगम के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी से 31 दिसंबर, 2022 के बीच विभिन्न वार्डों से मामले सामने आए। इस बीच, इस अवधि के दौरान राज्य की राजधानी में टीबी से संबंधित 272 मौतें भी दर्ज की गईं। विकास के मद्देनजर, केएमसी अधिकारियों ने शहर की सीमा में इस बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों के साथ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। केएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इनमें से ज्यादातर मामले शहर की झुग्गी-झोपड़ियों में भीड़भाड़ वाले इलाकों से सामने आए हैं। केएमसी अधिकारी ने कहा, चिंता का कारण यह है कि 2022 कैलेंडर वर्ष में इस बीमारी का प्रसार दक्षिण, मध्य और उत्तर कोलकाता में भी रहा है। गार्डन रीच, गरिया, बेहाला, बेलगछिया, तोपसिया, तंगरा और बेलियाघाटा ऐसे पॉकेट हैं, जहां से ट्यूबरक्लोसिस से संबंधित पीड़ितों के अधिकतम मामले सामने आए हैं। कोलकाता के डिप्टी मेयर अतिन घोष के मुताबिक, शहर में टीबी से प्रभावित लोगों की समय पर जानकारी लेने के लिए एहतियाती कवायद भी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, पूरे शहर को दस जोन में बांटा गया है और ट्यूबरक्लोसिस के प्रसार के लिए अतिसंवेदनशील पॉकेट की पहचान की गई है।



# पंत का न होना दिल्ली कैपिटल्स के लिए बड़ा झटका

**आईपीएल 2023 :**

### दिल्ली पंत की जगह एक भारतीय विकेटकीपर अभी तक नहीं खोज पाई

### खेल के दौरान खिलाड़ियों को स्थानापन्न करने का नियम दिल्ली के लिए हो सकता है फायदेमंद



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऋषभ पंत के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण से बाहर होने पर दिल्ली कैपिटल्स के पूरे कैंप में खलबली मच गई है। कप्तान होने के अलावा, पंत ने अपनी विकेटकीपिंग और मध्य क्रम में बल्लेबाजी से टीम को संतुलन प्रदान किया है, इसलिए उनके स्थान को भर पाना दिल्ली के लिए कठिन है। दिल्ली पंत की जगह एक भारतीय विकेटकीपर अभी तक नहीं खोज पाई है, हालांकि खेल के दौरान खिलाड़ियों को स्थानापन्न करने का नियम उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहाः हम भारतीय विकेटकीपर का उपयोग करने के लिए सबसे अच्छे तरीके से काम करेंगे और जहां तक 'इम्पैक्ट प्लेयर' का सवाल है, हम वास्तव में समूह के साथ बैठे हैं और कुछ खिलाड़ियों के साथ पूरी रेंज में काम कर रहे हैं। अब ज्यादातर टीमें अपने पक्षों को संतुलित करने के लिए हरफनमौला खिलाड़ियों की तलाश में हैं। हालांकि, खेल के दौरान खिलाड़ियों को बदलने के नियम से हरफनमौला खिलाड़ियों की भूमिका थोड़ी कम हो गई है। उन्होंने कहाः वास्तव में इस नियम ने अब खेल में ऑलराउंडरों की भूमिका को लगभग नकार दिया है क्योंकि आपको ऑलराउंडरों को चुनने की आवश्यकता नहीं है। मैच की जरूरत के हिसाब से एक बल्लेबाज या गेंदबाज का नाम दें और बस एक को बाहर निकालें और दूसरे को अंदर लाएं। आप देखेंगे कि कई टीमें वास्तव में उस व्यक्ति का उपयोग करती हैं जो नंबर 7 पर बल्लेबाजी करता है और एक या दो ओवर फेंकता है। पंत की अनुपस्थिति में पृथ्वी शॉ बेहतर विकल्प हैं। पोंटिंग ने शॉ से कैपिटल्स की कमान संभालने की उम्मीदें लगा रखी हैं। हालांकि शॉ ऑफ फील्ड मुद्दों से जूझ रहे हैं और उनकी फिटनेस पर भी सवालिया निशान हैं। पोटिंग ने कहाः पृथ्वी को जितना मैंने देखा है, उसने, उससे कहीं बेहतर काम और प्रशिक्षण किया है। यह उनका सबसे बड़ा आईपीएल सीजन होने जा रहा है।

## जब मैं जेपेडा से रिंग में लड़ूंगा तब पता लगेगा कौन बेहतर है : नीरज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय प्रोफेशनल मुक्केबाज नीरज गोयत, जो शनिवार रात मेक्सिको में मुक्केबाजी में वापसी करेंगे, को अमेरिका के जोस जेपेडा के खिलाफ अपने मुकाबले को लेकर पूरा विश्वास है और वह अपने प्रतिद्वंद्वी को हलके में नहीं ले रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि यह मुकाबला फैसला करेगा कि कौन बेहतर मुक्केबाज है। जेपेडा ने अपना आखिरी मुकाबला नवम्बर 2022 में रेजिस प्रोग्रैस के खिलाफ लड़ा था और नॉक आउट में हार गए थे जबकि गोयत पिछले वर्ष जुलाई में चन्नारोंग इंजाम्पा के खिलाफ रिंग में उतरे थे और बैंकाक में नॉक आउट के जरिये जीत हासिल की थी। गोयत 2013 में प्रोफेशनल बने थे और तबसे उन्होंने 22 मुकाबले लड़े हैं। उनका 17-3 का रिकॉर्ड है। आईएएनएस से बातचीत करते हुए गोयत ने कहा कि वह जेपेडा को हलके में नहीं लेंगे जो प्रोफेशनल मुक्केबाजी के दिग्गज हैं और 40 मुकाबलों में 35 जीत चुके हैं। इन 35 जीत में 27 नॉक आउट हैं। गोयत ने मेक्सिको से कहाः जोस जेपेडा अपना आखिरी मुकाबला हार गए थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### मियामी ओपन : तीसरे दौर में अल्काराज

**मियामी।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने मियामी ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है जबकि इटली के जानिक सिनर और अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने भी अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। जापान के तारो डेनियल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए विश्व के पूर्व नंबर दो खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को शुक्रवार रात दूसरे दौर में 6-0, 6-4 से हराकर सबको चौंका दिया। अल्काराज ने फाकुण्डो बगनीस को मात्र 65 मिनट में 6-0, 6-2 से पीट दिया। अल्काराज को मियामी में ट्रॉफी जीतने की जरूरत है ताकि वह नोवाक जोकोविच को रैंकिंग में नंबर एक बनने से रोक सकें।

### सेमीफाइनल में पहुंची सात्विक-चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी

**बासेल।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में डेनमार्क के जेपी बे और लासे मोल्हेडे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने 54 मिनट तक चले मुकाबले में डेनमार्क की जोड़ी को जोड़ी को 15-21 21-11 21-14 से शिकस्त दी। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना ओंग यू सिन और टियो ई यी की तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगी।

### मियामी ओपन के तीसरे दौर में पहुंची बियांका एंड्रीस्कू

**अमेरिका।** कनाडा की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी बियांका एंड्रीस्कू ने मियामी ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। शुक्रवार को खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में एंड्रीस्कू ने ग्रीक की मारिया सक्कारी को 5-7, 6-3, 6-4 से हराया। 22 वर्षीय एंड्रीस्कू ने सक्कारी को अपनी लय खोजने का कोई मौका नहीं दिया और तीन घंटे तक चले मुकाबले में जीत दर्ज की। एंड्रीस्कू ने जीत के बाद अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहाः यह अब तक की सबसे अच्छी जीत है।

## अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ

# भारतीय जोड़ी नहीं जीत सकी खिताब

### भारतीय जोड़ी को हराकर आस्ट्रेलियाई-जापानी जोड़ी ने खिताब पर किया कब्जा

### अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ 25 हजार डालर वर्ल्ड टूर के युगल मुकाबला



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इकाना स्पोर्ट्स सिटी (इकाना स्टेडियम) में चल रहे अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ 25 हजार डालर वर्ल्ड टूर के युगल मुकाबलों के फाइनल में सबका दिल जीतने के बाद भी भारतीय जोड़ी खिताब नहीं जीत सकी। फाइनल में हुए कड़े मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक एलिस और जापान के शूची सेकीगूची की जोड़ी ने परीक्षित सोमानी और मनीष सुरेश कुमार की भारतीय जोड़ी को 6-2,7-6(4),10-8 से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया।

आस्ट्रेलियाई-जापानी जोड़ी ने पहले सेट में दमदार खेल दिखाया। उन्होंने भारतीय जोड़ी को पहले सेट में टिकने नहीं दिया। वहीं, दूसरे सेट में भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अपने विरोधियों से सेट छीन लिया। इस सेट में मनीष सुरेश कुमार और परीक्षित सोमानी ने अपनी शानदार सर्विस ओर नेट प्ले से अपने प्रतिद्वंदियों को हतप्रभ कर दिया। तीसरे और फाइनल सेट में दोनों ही जोड़ियों ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन भारतीय जोड़ी दो प्वाइंट से चूक गयी। तीसरे सेट के अंत में भारतीय जोड़ी की कुछ गलतियों ने मैच पर उनकी पकड़ ढ़ीली कर दी। वहीं, एकल सेमीफाइनल मुकाबले में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद को तीसरी वरियता प्राप्त एविगेनी डॉन्सकॉय ने 7-6(4), 7-5 से हरा दिया। मुकुंद ने शानदार खेल का परिचय तो दिया पर अहम प्वाइंट्स पर डॉन्सकॉय का अनुभव भारी पड़ा। डॉन्सकॉय ने अपने शांत चित से एक-एक प्वाइंट के लिए खेला और मैच को अपनी झोली में डाल लिया।

#### दूसरे एकल सेमीफाइनल मुकाबले में बड़ा उलटफेर

**वहीं,** दूसरे एकल सेमीफाइनल मुकाबले में बड़ा उलटफेर हुआ। यूक्रेन के खिलाड़ी और सातवीं वरीयता प्राप्त एरिक वैनशेलबोइम ने शीर्ष वरीयता प्राप्त नैम होंग ली को हरा दिया। तीन सेट तक चले इस मैच में वैनशेलबोइम ने नैम होंग को 6-1,2-6,6-3 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। एकल मुकाबले का फाइनल रविवार को खेला जाएगा। शनिवार को हुए युगल मुकाबलों में विजेता और उप विजेता जोड़ी को उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव, नगर विकास, रंजन कुमार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर यूपी टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल समेत लखनऊ के टेनिस प्रेमी भारी संख्या में मौजूद रहे।

## आईपीएल 2023 के अधिकांश मैचों में नहीं खेल पाएंगे मोहसिन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अनकैप्ड भारतीय तेज गेंदबाज मोहसिन खान, जो लखनऊ सुपर जायंट्स का प्रतिनिधित्व करते हैं, कंधे की चोट के कारण 2023 इंडियन प्रीमियर लीग के अधिकांश मैचों में नहीं खेल पाएंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार, मोहसिन ने पिछले साल अपने कंधे में जमे खून के थक्के को हटाने के लिए सर्जरी कराई थी। सर्जरी के बाद उन्होंने अभी तक गेंदबाजी शुरू नहीं की है। मोहसिन ने आईपीएल 2022 सीजन में नौ मैचों में 5.97 की इकॉनमी रेट से 14 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 4/16 था। उन्होंने ने 2022 सीजन के अंत में अपने कंधे में तकलीफ महसूस की थी। इसके बाद वे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) गए, जहां उन्होंने अपने कंधे से रक्त के थक्के को हटाने के लिए सर्जरी कराई। वह इस समय फ्रेंचाइजी के तैयारी शिविर का हिस्सा हैं जो लखनऊ में चल रहा है।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 198 रनों से रौंदा

### हेनरी शिप्ले ने झटके पांच विकेट

### तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बनाई बढ़त



**एजेंसी। आकलैंड**

मध्यम तेज गेंदबाज हेनरी शिप्ले के पांच विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पहले वनडे में शनिवार को 198 रन से रौंद कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। रनों के लिहाज से यह न्यूजीलैंड की श्रीलंका के खिलाफ सबसे बड़ी जीत है। न्यूजीलैंड ने 49.3 ओवर में 274 रन बनाये। शिप्ले ने 31 रन पर पांच विकेट और डेरिल मिचेल (2-12) तथा ब्लेयर टिकनर (2-20) ने दो-दो विकेट लेकर श्रीलंका को 19.5 ओवर में 76 रन पर समेट दिया। इस जीत से न्यूजीलैंड विश्व कप सुपर लीग तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके 22 मैचों में 160 अंक हो गए हैं। यदि वह सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप करता है तो वह पुरुष वनडे टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया से आगे निकलकर नंबर एक बन जाएगा।

श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। फिन एलेन (51) ने अर्धशतक और निचले क्रम के बल्लेबाजों ग्लेन फिलिप्स (39) तथा रचिन रविंद्र (49) ने उपयोगी योगदान दिया। श्रीलंका की तरफ से चमिका करुणारत्ने ने 43 रन पर चार विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम 76 रन पर सिमट गयी। इस बड़ी हार से श्रीलंका की सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। वह सुपर लीग तालिका में 77 अंकों के साथ 10वें स्थान पर है जबकि सीरीज में दो मैच बाकी हैं। यदि श्रीलंका बचे हुए दोनों मैच जीत जाता है तो सीधे क्वालिफिकेशन के लिए उसे अन्य परिणामों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। सुपर लीग में शीर्ष आठ टीमों को विश्व कप में सीधे क्वालिफिकेशन मिलता है जो इस वर्ष भारत में होना है।

## भूटान के खिलाफ जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी भारतीय टीम

### सैफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप

**एजेंसी। ढाका**

सैफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप 2023 में भारतीय टीम रविवार को भूटान के खिलाफ जीत दर्ज कर मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ मिली निराशाजनक हार को भूलाना चाहेगी। यह मैच ढाका के बीएसएसएस मुस्तफा कमाल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने सोमवार को नेपाल पर 4-1 की जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन शुक्रवार को बांग्लादेश के हाथों मिली 0-1 की हार से उन्हें बड़ा झटका लगा। भारत की मुख्य कोच प्रिया पीवी ने कहाः यह एक कठिन परिणाम था। लड़कियों ने मैच में अच्छा खेला, लेकिन एक रक्षात्मक गलती के कारण, हमें हार झेलनी पड़ी। इसके अलावा हम मिले मौकों को भी भुना नहीं सके। प्रिया ने कहाः अंतिम दो मैचों से पहले हमें अपने आक्रमण और पासिंग में सुधार करने की जरूरत है।

**यूरो 2024 क्वालीफायर**



## फ्रांस ने हॉलैंड को हराया

**लंदन।** विश्व कप उपविजेता फ्रांस ने यूरो 2024 क्वालीफायर्स में अपने पहले मुकाबले में हॉलैंड को 4-0 से हरा दिया जबकि बेल्जियम ने रोमेलू लुकाकू की हैट्रिक की बदौलत स्वीडन को 3-0 से हरा दिया। हॉलैंड के पांच खिलाड़ियों को मैच की पूर्व संध्या पर फ्लू वायरस से पीड़ित होने के कारण घर भेज दिया गया था। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार किलियन एमबापे ने पहली बार फ्रांस की नेशनल टीम की कप्तानी संभाली। एन्टोयन ग्रीजमैन ने दो मिनट बाद ही फ्रांस का खाता खोल दिया। छह मिनट बाद डिफेंडर डायोट उपमेकानो ने दूसरा गोल दाग दिया।

# पाकिस्तान पर अफगानिस्तान की ऐतिहासिक जीत



**एजेंसी। शारजाह**

अफगानिस्तान ने शुक्रवार को पहली बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान को मात दी है। अफगानिस्तान ने 11 साल से अधिक समय बाद पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच जीता है। इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम, कप्तान बाबर आजम सहित पांच बड़े खिलाड़ियों के बिना मैदान पर उतरी। टॉस हारकर पहले गेंदबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। अफगानी गेंदबाजों की अनुशासित गेंदबाजी के आगे पाकिस्तान की पारी ने कभी भी गति नहीं पकड़ी और वे नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर केवल 92 रन ही बनाए। पाकिस्तान के लिए इमाद वसीम (18), पदार्पण कर रहे सईम अयूब (17) और तैयब ताहिर (16) ही बल्ले से कुछ संघर्ष कर सके। अफगानिस्तान के लिए फजलहक फारूकी, मुजीब उर रहमान और मोहम्मद नबी ने दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में अफगानिस्तान ने 17.5 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया। मोहम्मद नबी ने लॉन्ग ऑफ पर सीधा छक्का लगाकर अफगानिस्तान को पाकिस्तान पर पहली जीत दिलाई। अफगानिस्तान के लिए मोहम्मद नबी ने नाबाद 38 रन बनाए।

## डब्लूपीएल 2023 इसी वोंग ने अपनी हैट्रिक पर कहा

# मैं अपनी लय ढूंढने की कर रही थी कोशिश



**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई इंडियंस की इंग्लैंड की महिला तेज गेंदबाज इसी वोंग ने महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) में पहली हैट्रिक लेकर अपना नाम टी-20 क्रिकेट के इतिहास बुक में लिखवा लिया है। वोंग ने 190 के लक्ष्य का पीछा कर रही यूपी वारियर्स की पारी को हैट्रिक लेकर ध्वस्त कर दिया। उन्होंने किरण नवगिरे (43), सिमरन शेख (0) और सोफी एक्लस्टोन (0) को लगातार गेंदों में आउट कर अपनी हैट्रिक पूरी की।

उन्होंने 15 रन पर चार विकेट लिए और यूपी की पारी 17.4 ओवर में 110 रन पर सिमट गयी। वोंग ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को कुछ खास नहीं किया, केवल अच्छी लय पर गेंदबाजी करने की कोशिश की। वह इससे पहले भी कुछ बार हैट्रिक मौकों पर रही थी, लेकिन चूक गयी थीं। मगर शुक्रवार को उन्होंने अपनी योजना को सही ढंग से निष्पादित किया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहाः मैंने पूरी कोशिश की कि इसे सही ढंग से निष्पादित कर सकूं। मैं पहले भी ऐसी स्थिति में रही थी लेकिन मैंने सब गड़बड़ कर दिया था। लेकिन इस बार मैंने शांत रहने की कोशिश की। मैंने इस बार यॉर्कर डाला और सफल रही। वोंग ने कहा कि वह गेंदबाजी करते समय अच्छी लय हासिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रही थी। अपनी हैट्रिक के लिए उन्होंने कहा कि यह उनके शीर्ष गेंदबाजी प्रदर्शन में सबसे ऊपर रहेगा।

#### ब्रंट का कैच छोड़ना भारी साबित हुआ : एलिसा

**क्रिकेट** में एक आम कहावत है कैच पकड़ो मैच जीतो लेकिन जब एक टीम महत्वपूर्ण नॉक आउट मैच में विपक्षी टीम के प्रमुख बल्लेबाज का कैच टपकाती है तो उसे हार का मुंह देखना पड़ता है। यूपी वारियर्स के साथ महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) के एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस के खिलाफ ऐसा ही हुआ। यूपी वारियर्स की इंग्लिश खिलाड़ी सोफी एक्लस्टोन ने मुम्बई की नताली शिवर ब्रंट का राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर आसान कैच ड्राप किया जब वह मात्र छह रन पर थी। शिवर ब्रंट ने इस जीवनदान का फायदा उठाते हुए 38 गेंदों में नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 72 रन ठोके जिससे मुंबई ने 20 ओवर में चार विकेट पर 182 रन का मजबूत स्कोर बनाया। मुंबई ने वारियर्स को 17.4 ओवर में 110 रन पर लुढ़काकर आसान जीत हासिल की और यूपी को बाहर कर दिया। मुम्बई की टीम इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ फाइनल में पहुंच गयी। यूपी की कप्तान एलिसा हीली ने मैच के बाद कहाः अगर हमने शिवर का कैच ड्रॉप नहीं किया होता तो शायद मैच हमारे पक्ष में होता। हमने अपने गेंदबाजी पर भरोसा दिखाया था। मैं उस पर ज्यादा कमेंट नहीं करूंगी। अंजली ने जो कैच लिया था वह रियल टाइम वीडियो में सही दिख रहा था। इस टूर्नामेंट में संघर्ष हमारा सबसे बड़ा हथियार रहा है। कोई भी यूपी वॉरियर्स को एक मजबूत टीम के तौर पर नहीं देख रहा था।



# चेन्नई में स्थापित हो सकती है आईफोन की नई फैक्ट्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिग्गज टेक्नोलॉजी फर्म एपल की प्रमुख पाट्र्स सप्लायर कंपनी पेगाट्रॉन कॉर्प भारत में अपना दूसरी फैक्टरी खोलने के लिए बातचीत कर रहा है। सूत्रों के हवाले से ये जानकारी ऐसे समय पर सामने आई, जब एपल भारत में अपना प्रोडक्शन बढ़ाने का ऐलान कर चुका है। सूत्रों के हवाले बताया कि पेगाट्रॉन तमिलनाडु राज्य की राजधानी चेन्नई में अपनी दूसरी फैक्ट्री लगाने के लिए बातचीत कर रहा है। बता दें, पेगाट्रॉन ने छह महीने पहले ही 150 मिलियन डॉलर की लागत से एक फैक्ट्री खोली है। एक सूत्र ने बताया कि पेगाट्रॉन की ये नई फैक्ट्री आईफोन के लिए होगी। हालांकि, किस मॉडल पर अधिक फोकस होगा। इसको लेकर फिलहाल कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक, पेगाट्रॉन की नई फैक्ट्री चेन्नई में महिंद्र वर्ल्ड सिटी के अंदर हो सकती है, जहां कंपनी की पहली फैक्ट्री है। भारत, एपल के लिए सबसे अधिक तेजी से बढ़ते हुए बाजारों में से एक है। अप्रैल 2022 से लेकर इस साल फरवरी तक भारत से 9 अरब डॉलर के स्मार्टफोन निर्यात किए थे, जिसमें से आईफोन की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत थी। चीन- अमेरिका के बीच बिगडते संबंधों के कारण एपल धीरे-धीरे अपना प्रोडक्शन अन्य देशों में शिफ्ट कर रहा है। इस कारण एपल के सप्लायर्स भी दूसरे देशों में फैक्ट्रियां स्थापित कर रहे हैं। इससे पहले कर्नाटक ने कहा कि उसने एक अन्य एपल सप्लायर फॉक्सकॉन द्वारा 968 मिलियन डॉलर के निवेश को मंजूरी दे दी है, जिससे 50,000 नौकरियों का सृजन होगा।

# बीएमडब्ल्यू की क्रूजर बाइक लॉन्च

**नवीन मेल संवाददाता। नई दिल्ली**
लग्जरी व्हीकल बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने इंडियन मार्केट में आर18 ट्रांसकॉन्टिनेंटल क्रूजर बाइक लॉन्च कर दी है। कंपनी की आर18 मॉडल रेंज में यह तीसरी और भारतीय लाइन-अप में सबसे महंगी बाइक है। इस रेंज में आर18 ट्रांसकॉन्टिनेंटल के अलावा आर18 फर्स्ट एडिशन और आर18 क्लासिक और आर18 लिमिटेड एडिशन शामिल हैं। कंपनी ने इसकी एक्स-शोरूम प्राइज 31.50 लाख रुपए रखी है।



बाइक 5 कलर ऑप्शन के साथ आती है। इसमें ब्लैक स्टॉर्म मेटैलिक, ग्रेविटी ब्लू मेटैलिक, मैनहट्टन मेटैलिक मैट, ऑप्शन 719 मिनरल व्हाइट मेटैलिक और ऑप्शन 719 गैलेक्सी डस्ट मेटैलिक/टाइटन सिल्वर 2 मेटैलिक शामिल हैं।

## डीए हाइक को कैबिनेट की मंजूरी

# केंद्रीय कर्मचारियों का 4% महंगाई भत्ता बढ़ा

### 52 लाख कर्मचारियों और 60 लाख पेंशनर्स को फायदा



**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्रीय कर्मचारियों का 4% महंगाई भत्ता बढ़ा दिया गया है। कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी है। अब केंद्रीय कर्मचारियों को 42% की दर से महंगाई भत्ते का भुगतान होगा। इसे मार्च की सैलरी के साथ ही अदा किया जाएगा। पीएम मोदी की अगुवाई में हुई कैबिनेट की बैठक मे केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनधारियों के लिए महंगाई भत्ता को 4% बढाने को मंजूरी दी। जनवरी 2023 से महंगाई भत्ते की बढी हुई दरें लागू होंगी। कर्मचारियों और पेंशनधारियों को मिलेगा एरियर। इससे सरकार पर हर साल 12815 करोड़ रुपए का वित्तीय भार पडेगा। शुक्रवार शाम केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डी हाइक का ऐलान किया गया। आज कैबिनेट कमिटी ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स की बैठक में महंगाई भत्ते में 4% की बढ़ोतरी की गई। महंगाई भत्ते अब कुल बढ़कर 42% हो गया है। आंकड़ों के आधार पर महंगाई की कैलकुलेशन करके कर्मचारियों को भत्ता दिया जाता है। इसे हर 6 महीने में रिवाइज किया जाता है। जनवरी के लिए महंगाई भत्ते में 4% का इजाफा हुआ है। इसे जनवरी से ही लागू किया जाएगा। जनवरी से पहले तक 38% की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा था। मार्च में इसका ऐलान होने की वजह से जनवरी और फरवरी का एरियर भी दिया जाएगा। महंगाई भत्ते को औपचारिक मंजूरी का ऐलान हो गया है, इसे बढ़ाकर 42% किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के तुरन्त बाद वित्त मंत्रालय इसे नोटिफाई करेगा। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी का भुगतान होगा। मार्च की सैलरी में नए महंगाई भत्ते का भुगतान होना तय है। वित्त मंत्रालय जब महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को नोटिफाई करता है तब से भुगतान शुरू हो जाता है। माना जा रहा है मार्च की सैलरी में इसका भुगतान होगा। लेकिन, 4% की बढ़ोतरी के साथ महंगाई भत्ते को जनवरी 2023 से लागू माना जाएगा। इस स्थिति में कर्मचारियों को 2 महीने का एरियर मिलेगा। देश के लाखों पेंशनर्स को भी सरकार ने गिफ्ट दिया है।

## एक अप्रैल से डेट म्यूचुअल फंड में निवेश पर नहीं मिलेगा फायदा

**रांची।** एक अप्रैल 2023 को या उसके बाद खरीदे गए म्युचुअल फंड में निवेश पर लागू कर दरों पर अल्पकालिक पूंजीगत लाभ के रूप में कर लगाया जाएगा। यानी, डेट फंड्स, इंटरनेशनल फंड्स और गोल्ड फंड्स से हुई पूंजी वृद्धि - चाहे उनकी होल्डिंग अवधि जो भी हो -पर व्यक्ति की प्रासंगिक लागू कर दर पर कर लगाया जाएगा। तीन साल से अधिक समय तक रखे गए ऋण म्युचुअल फंडों को अब इंडेक्सेशन का लाभ नहीं मिलेगा। इसके अतिरिक्त 31 मार्च 2023 को या उससे पहले किए गए निवेश के लिए मौजूदा एलटीसीजी लाभ जारी रहेंगे। इससे निष्कर्ष निकलता है कि इस बदलाव के साथ डेट फंड और पारंपरिक निवेश में अब करारोपण में समानता दिखेगी। ऐसे अवसरों के बीच तुलना काफी हद तक प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। इस समाचार प्रवाह के माध्यम से मौजूदा निवेशकों के लिए एक चेतावनी बनी हुई है कि डेट फंड, अंतर्राष्ट्रीय फंड और गोल्ड फंड में मौजूदा निवेश और यहां तक कि 31 मार्च, 2023 तक किए गए नए निवेश भी प्रस्तावित संशोधनों से प्रभावित नहीं होंगे। तीन साल पूरे होने के बाद इन निवेशों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ करारोपण लागू रहेगा।

## रिलायंस जियो की बड़ी तैयारी

# देशभर में 5जी नेटवर्क के लिए लगाए 1 लाख टावर



**एजेंसी। नई दिल्ली**
5जी नेटवर्क को रोलआउट करने के लिए रिलायंस जियो ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अभी देश के कई एरिया में इसका ट्रायल किया जा रहा है और अब एक नई जानकारी सामने आई है। दूरसंचार विभाग के नए डाटा के मुताबिक, भारत के सबसे तेज नेटवर्क देने और गहरी पैठ बनाने के लिए 5जी के 1 लाख टावर लगाए गए हैं, जो इसके अन्य टेलीकॉम कंपनी के 5 गुना है। डिपॉर्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन नेशनल ईएमएफ पोर्टल के अनुसार, मुकेश अंबनी की कंपनी रिलायंस जियो के पास खुद के 2 फ्रीक्वेंसी 700 मेगा हट्र्स और 3,500 मेगा हट्र्स पर 99,897 बीटीएस इंस्टॉल किए हैं। वहीं भारती एयरटेल के 22,219 बीटीएस इंस्टॉल किए गए हैं। जियो के पास हर बेस स्टेशन पर 3 सेल और एयरटेल के पास दो सेल इंस्टॉल हैं। अधिक टावर और सेल साइट का मतलब है कि नेटवर्क तेज हो जाएगी। ओकला ने रिपोर्ट में कहा कि भारत में चार महीने से ज्यादा समय से है और पहले से ही देश में मोबाइल की स्थिति पर इसका जबरदस्त प्रभाव पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जियो ने कोलकाता में 506.25 एमबीपीएस की टॉप एवरेज 5 जी डाउनलोड स्पीड हासिल की है, जबकि दिल्ली में एयरटेल ने 268.89 एमबीपीएस की स्पीड प्राप्त की है। एयरटेल और जियो देश के टॉप टेलीकॉम कंपनियां 5जी को रोलआउट करने के लिए तैयार हैं और ट्रायल कर रही हैं। भारत में आधे अरब से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स हैं, जो दुनिया में दूसरे नंबर का सबसे बड़ा मार्केट बन गया है।

# जल्द निपटा लें काम, अप्रैल में 15 दिन बंद रहेंगे बैंक

**एजेंसी। नई दिल्ली**
मार्च का महीना समाप्त होने में कुछ ही दिन का समय शेष रह गया है। इसके बाद अगला महीना अप्रैल शुरू हो जाएगा, जिसमें कई अहम बदलाव लागू होने वाले हैं। साथ ही बैंकों की छुट्टियों की लिस्ट भी जारी हो गई है। ऐसे अगर आपको बैंकिंग से जुड़ा कोई काम है, तो इन छुट्टियों के मुताबिक ही अपनी योजाना बनाए। बैंकिंग हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक, दूसरे और चौथे शनिवार और रविवार के साथ क्षेत्रीय और राष्ट्रीय छुट्टियों को मिलाकर अप्रैल में बैंक 15 दिन बंद रहेंगे। अप्रैल में बैंक महावीर जयंती, बाबू जगजीवन राम के जन्मदिन, गुड फ्राइडे, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जयंती, संक्रांति/बीजू महोत्सव/बिसू महोत्सव, तमिल नववर्ष दिवस, विशु/बोहाग बिहू, बंगाली नव वर्ष दिवस (नबबरशा), शब-एल-कद्र, ईद-उल-फितर (रमजान ईद)/गरिया पूजा/जुमात-उल-विदा और रमजान ईद (ईद-उल-फितर) पर बंद रहेंगे।

# बजाज पल्सर 220एफ का अपडेटेड वर्जन भारत में लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**
टू-व्हीलर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी बजाज ऑटो ने पल्सर 220एफ का अपडेटेड वर्जन भारत में लॉन्च कर दिया है। बाइक की एक्स-शोरूम कीमत 1.40 लाख रुपए है। पुराने मॉडल की तुलना में इसकी कीमत 3,000 रुपए ज्यादा है। कंपनी ने अप्रैल-2022 में अपनी इस सेमी-फायर्ड बाइक को बंद कर दिया था। लोगों के बीच बाइक की डिमांड को देखते हुए कंपनी ने कुछ अपडेट्स के साथ भारतीय बाजार में फिर से उतारा है। बजाज ने फिलहाल पल्सर 220एफ का एक ही वैरिएंट लॉन्च किया है। कंपनी मोटरसाइकिल को डिस्पैच करना शुरू कर दिया है। यह जल्द ही देशभर के अधीकृत डीलरशिप पर अवेलेबल होगी। नई पल्सर 220एफ टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 4वी, बजाज पल्सर एफ 250 समेत अन्य को टक्कर देगी। 2023 बजाज पल्सर 220एफ अपने पुराने लुक्स के साथ मेंटेन करती है। इसमें क्लिप-ऑन हैंडलबार्स, स्प्लिट सीट और पीछे की तरफ टू-पीस ग्रैब रेल भी पुराने मॉडल की तरह ही है।

## विदेश

## NEWS इन ब्रीफ

### मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग तीसरी बार बने पिता



**वाशिंगटन।** फेसबुक के सह-संस्थापक और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की पत्नी प्रिसिला चान ने एक बच्ची को जन्म दिया है। जुकरबर्ग ने सोशल मीडिया पर बेटी औरेलिया के साथ सुखद पलों की तस्वीर सांझा की है। सितंबर 2022 में जुकरबर्ग ने घोषणा की थी कि उनकी पत्नी प्रिसिला चान गर्भवती हैं। औरेलिया से पहले उसकी दो बड़ी बहनें हैं अगस्त और मैक्सिमा।

### मिसिसिपी में बवंडर ने मचाई तबाही

**मिसीसिपी।** अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी राज्य मिसिसिपी में 24 मार्च की देर रात विनाशकारी बवंडर और तेज आंधी चली। एबीसी न्यूज ने शनिवार को स्थानीय और संघीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि इस तबाही में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट में मिसिसिपी की आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के हवाले से कहा कि शार्की और हम्फ्रीज काउंटी में खोज और बचाव अभियान जारी है। पूरे राज्य में बवंडर आने की चेतावनी जारी की गई है। बता दें कि शार्की काउंटी में 13 लोगों की मौत हो गई है। कोरोनर एंजेलिया ईस्टन ने एबीसी न्यूज को बताया कि मृतकों के उम्र की पुष्टि नहीं हो सकी है। कोरोनर एलन गुरली ने कहा कि मोनरो काउंटी में दो और लोगों की मौत हुई है। 24 मार्च की देर रात राज्य में आंधी-तूफान आया और लगभग 8 बजकर 50 मिनट बजे एक बवंडर की सूचना मिली। यूनाइटेड काजुन नेवी के अध्यक्ष टॉड टेरेल ने एबीसी न्यूज के साथ एक फोन साक्षात्कार में कहा कि मिसिसिपी के टाउन रोलिंग फोर्क तूफान में सबसे ज्यादा तबाह हुआ है।

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का बयान

# वित्त मंत्रालय के पास चुनाव कराने के लिए धन नहीं



**एजेंसी। इस्लामाबाद**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ द्वारा जल्दी चुनाव कराने के लिए चल रहे आंदोलन के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के पास चुनाव कराने के लिए जरूरी धन नहीं है। पाकिस्तान की तहरीक ए इंसाफ पार्टी की तत्कालीन सरकारों ने 14 और 18 जनवरी को पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की विधानसभाओं को भंग कर दिया था। इसके बाद एक मार्च को पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा भंग होने के 90 दिनों के भीतर दोनों राज्यों में चुनाव कराने का आदेश दिया था। इसके तहत अप्रैल में पंजाब और मई में खैबर पख्तूनख्वा में चुनाव होने थे लेकिन अब चुनाव आयोग ने पंजाब में होने वाले प्रांतीय चुनाव को स्थगित करने का आदेश दिया है। देश में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति का हवाला देते हुए चुनाव आयोग ने यह कदम उठाया है। जिसका इमरान खान की पार्टी द्वारा विरोध किया जा रहा है। इस विरोध के बीच ही पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान चर्चा में आ गया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया से बातचीत में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि देश के वित्त मंत्रालय के पास चुनाव कराने के पैसे नहीं हैं। उनके इस बयान से साफ इशारा मिल रहा है कि पाकिस्तान की सरकार फिलहाल चुनाव नहीं कराना चाहती और इसे इमरान खान के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। ख्वाजा आसिफ ने ये भी कहा कि इमरान खान की पार्टी की तत्कालीन सरकारों द्वारा राज्य विधानसभाओं को भंग करना असंवैधानिक था। उन्होंने कहा कि देश की सत्ता से इमरान खान को संवैधानिक तरीके से ही बाहर किया गया था। वह विश्वास मत से हारे और अब वह कोर्ट के सामने भी पेश नहीं हो रहे हैं।

# अफगानिस्तान में तालिबान की कैद में 175 अमेरिकी नागरिक

**एजेंसी। वाशिंगटन**
अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार को एक बयान जारी कर बताया है कि उनके 175 नगारिक अब भी तालिबान की कैद में हैं। सरकार उन्हें वहां से निकालने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। दरअसल, अमेरिका ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अपने सारे सैनिकों को वापस बुला लिया था। इसके बाद तालिबान के सत्ता में आने के डर से दुनिया भर के देशों ने अपने नागरिकों को अफगानिस्तान से निकालने के लिए ऑपरेशन चलाए थे।
अमेरिका ने भी सुरक्षा के डर से अपने नागरिकों समेत कई अफगानों को वहां से निकाला था। अमेरिका के विदेश मंत्री ने तालिबान की कैद में अमेरिका के नागरिकों के फंसे होने का खुलासा अमेरिकन डिप्लोमेसी पर एक चर्चा के दौरान किया। ये चर्चा अमेरिका फॉरेन अफेयर्स कमिटी करवा रही थी। ब्लिंकन ने बताया



कि जो अमेरिकी अभी अफगानिस्तान में फंसे हैं सरकार ने उनके परिवार वालों की पहचान उजागर नहीं कर सकती है। साथ ही उन्हें इस मुद्दे पर सार्वजनिक तौर पर बात करने से मना किया गया है। बाइडेन प्रशासन को घेरने के लिए रिपब्लिकन अमेरिका के अफगानिस्तान से अचानक से निकलने के फैसले की जांच करवा रहे हैं। ट्रंप की पार्टी का आरोप है कि अफगानिस्तान से निकलने का फैसला हड़बड़ी में लिया गया था। जिससे 13 अमेरिकी लोगों की मौत हुई।

## पेज एक के शेष

### स्टील के कचरे...

की तुलना में स्टील की सड़क ज्यादा टिकाऊ और मजबूत पाई गई है। यह मॉनसून के सीजन में होने वाले नुकसान से भी बचा सकती है। बता दें कि देश में स्टील के उत्पादन में तेजी के कारण स्लैग भी बड़े पैमाने पर निकल रहा है। 2030 तक हर साल 30 करोड़ टन स्टील बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें हर साल 6 करोड़ टन स्टील स्लैग निकलने का अनुमान है। इसे नई तकनीक से इस स्टील स्लैग का इस्तेमाल सड़क निर्माण में एग्रीगेट के रूप में किया जा रहा है। गौरतलब है कि 23 मार्च को नितिन गडकरी रांची और जमशेदपुर आए थे। उन्होंने रांची में नेशनल हाईवे के रांची प्रक्षेत्र की 9400 करोड़ की 21 सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया था। शिलान्यास कार्यक्रम में कहा था कि रांची-जमशेदपुर रोड के निर्माण पर एक किताब लिखी जा सकती है।

### मजबूत रहे हैं...

मदद के लिए उद्योग से लेकर आपदा की रोकथाम में अरबों डॉलर के निवेश वाली योजना का ऐलान किया वो खुले और मुक्त इंडो-पैसिफिक की आवश्यकता को रेखांकित करता है।
आखिर चीन को लेकर जापान इतना बैचेन क्यों है? दरअसल, चीन अमेरिका के लिए भी एक खतरा है, लेकिन वहां भौगोलिक सीमाओं के अतिक्रमण की वैसी चुनौती नहीं है जो जापान के साथ है। जापान को अंदेशा है कि आज जो यूक्रेन में हुआ है, वो कल ताइवान में भी हो सकता है। ये एक तरह से चीन का जापान के दरवाजे पर ही जाकर खड़े हो जाने जैसा होगा। पिछले साल अगस्त में जब चीन ने ताइवान के चारों ओर बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया था, तो उसकी कुछ बैलिस्टिक मिसाइलें जापान के योनागुनी द्वीप तक पहुंच भी गई थीं। वो तो गनीमत रही कि दोनों ओर से संयम बरतने के कारण स्थिति विस्फोटक होने से बच गई। ताइवान पर चीन के कब्जे का मतलब होगा जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप समूहों में अनिश्चितता का पैर पसारना। इससे न केवल सेनकाकू द्वीपों के आसपास दबाव बढ़ेगा बल्कि जापान के महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्गों पर भी चीन की तलवार लटकने की आशंका है। इसलिए दिवंगत प्रधानमंत्री शिंजो आबे के कार्यकाल से ही जापान की मान्यता रही है कि ताइवान पर कोई भी चीनी खतरा जापान के लिए इमरजेंसी होगी। इसका एक कनेक्शन अगले पांच साल में भारत में 5 ट्रिलियन येन यानी करीब 3.2 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने के जापान के हालिया ऐलान से भी जुड़ता है। सच तो ये है कि भारत में जापान की ओर से इतना भारी-भरकम निवेश प्रधानमंत्री मोदी के करीबी दोस्त रहे शिंजो आबे के कार्यकाल में भी कभी नहीं हुआ। दरअसल, जापान जानता है कि ताइवान पर चीन के आक्रमण की स्थिति में भारत ही वो अकेला सामर्थ्यवान देश है जो उसकी ऐसी ढाल बन सकता है जिसे चीन भी नजरंदाज नहीं कर सकता।
पिछले दिसम्बर में तवांग में चीन की सेना के मुकाबले केवल एक-तिहाई बल होने के बावजूद भारतीय सैनिकों ने उसे पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया था। भारत की उत्तरी सीमाएं ही अकेला ऐसा मोर्चा नहीं है जहां चीन हमले कर रहा है। हमारे अधिकतर पड़ोसी देशों को अपनी महत्वाकांक्षी बेल्ट-एंड-रोड योजना के ऋण जाल में फंसाकर और उन्हें अपने रहमो-करम पर लाकर चीन लगातार दक्षिण एशिया में भारत के प्रभुत्व को कम करने की साजिशें करता रहता है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना एक महत्वपूर्ण मोड़ कहा जा सकता है। इस नई जिम्मेदारी की जिस तरह शुरुआत हुई है, उससे भारत एक बार फिर दुनिया के लिए आशा की उम्मीद बनकर सामने आया है। खुद जापान इस वर्ष दुनिया की सबसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले समूह जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है। ऐसे में एक टीम की तरह भारत और जापान के लिए चीन के मंसूबों पर पानी फेरने का यह सुनहरा अवसर है। चीन की चालबाजी का एक गौर करने वाला पक्ष ये भी है कि सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली की तर्ज पर वो अब अपनी छवि सुधारने की जुगत भी लगा रहा है। हाल ही में यूक्रेन के मामले में, चीन ने खुद को एक शांति दूत के रूप में स्थापित करने का दांव चला है।

## एकजुटता

## सैन फ्रांसिस्को वाणिज्य दूतावास पर हमले का विरोध

# भारतीय और अमेरिकियों ने रैली निकाली

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**
अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास पर खालिस्तान समर्थकों के हमलों के विरोध में भारतीय अमेरिकी समुदाय ने रैली निकाली। रैली में शामिल लोग भारत के साथ एकजुटता का संदेश दे रहे थे। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों ने तोड़फोड़ की थी। खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की ओर से लगाए गए अस्थायी सुरक्षा अवरोधकों को तोड़ दिया था और वाणिज्य दूतावास परिसर के अंदर दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगा दिए थे। हालांकि वाणिज्य दूतावास के दो कर्मियों ने जल्द ही इन झंडों को हटा दिया। इसी घटना के विरोध में भारत के साथ एकजुटता दिखाने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों ने शुक्रवार को सैन फ्रांसिस्को और उसके आसपास तिरंगा झंडा फहराया। रैली निकालकर भारतीय अमेरिकी भारतीय वाणिज्य दूतावास तक पहुंचे। इन लोगों ने अलगाववादी सिखों की गतिविधियों की निंदा की। मौके पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिस मौजूद थी। इस दौरान वहां पहुंचे कुछ अलगाववादी सिखों ने खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए, लेकिन बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों ने 'वंदे मातरम' के नारे लगाए और अमेरिका के साथ भारतीय राष्ट्रीय ध्वज लहराया। भारतीय-अमेरिकी भारत के पक्ष में नारे लगा रहे थे।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### एनआईए ने दो पीएफआई कार्यालयों को किया सील

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने राजस्थान में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के दो कार्यालयों को सील कर दिया है और इसके 10 बैंक खातों पर भी रोक लगा दी है। एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए राजस्थान में पीएफआई नेताओं और कैडरों द्वारा रची गई आपराधिक साजिश की जांच कर रही है, यह देश में विभिन्न समुदायों के बीच कट्टरपंथीकरण के जरिए खाई पैदा करने की कोशिश में शामिल हैं।

### भारत में कोविड के 1,590 नए मामले, छह की मौत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार के आंकड़ों के अनुसार 24 घंटों में भारत में कोविड-19 के 1,590 नए मामले सामने आए और छह मौतें हुईं। ताजा मौतों के साथ, वायरस के कारण देश में मरने वालों की संख्या 5,30,824 तक पहुंच गई। छह मौतों में से तीन महाराष्ट्र से और एक-एक कर्नाटक, राजस्थान और उत्तराखंड से बताई गई हैं। भारत का कुल सक्रिय केसलोड बढ़कर 8,601 हो गया है, जो कुल मामलों का 0.02 प्रतिशत है।

### गहलोत के खिलाफ मानहानि मामले की जांच का निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को पुलिस को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत की जांच करने का निर्देश दिया। गुरुवार को कोर्ट ने समन जारी करने के बिंदु पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने संबंधित संयुक्त पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया है कि वह इस मामले की जांच स्वयं या किसी ऐसे अधिकारी के माध्यम से करें जो इंस्पेक्टर के पद से नीचे का न हो और 25 अप्रैल को रिपोर्ट दाखिल करे।

### भीषण दुर्घटना में दो मजदूरों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में पुलिस ने एक राइस मिल के मालिक और उसके बेटे को एक दुर्घटना में दो मजदूरों की मौत के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक हादसा साकोतई स्थित मिल में उस वक्त हुआ, जब मजदूर चावल की बोरियों में भर रहे थे।

# सांसदी-विधायकी खत्म करने के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में याचिका

### जनप्रतिनिधित्व कानून के इस अनुच्छेद को ठीक करने की मांग

### प्रकृति व अपराधों की गंभीरता के बावजूद एक व्यापक अयोग्यता प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर करके जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 (1951 एक्ट) की धारा 8 (3) को चुनौती दी गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि प्रकृति और अपराधों की गंभीरता के बावजूद एक व्यापक अयोग्यता प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। धारा 8(3) स्वतः विरोधाभाषी, अस्पष्टता पैदा करती है। याचिका में कहा गया है कि 1951 के अधिनियम की धारा 8(3) भारत के संविधान का अधिकारातीत है, क्योंकि यह धारा 8(1), धारा 8ए, 9, 9ए, 10, 10ए और 11, 1951 के अधिनियम के विपरीत है। याचिका में कहा गया है कि धारा 8(3) सदस्यों को उनके संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं द्वारा उन पर डाले गए कर्तव्यों का स्वतंत्र रूप से निर्वहन करने से रोकता है, जो लोकतंत्र के सिद्धांतों के विरुद्ध है।

इसमें कहा गया है कि 1951 के अधिनियम की धारा 8 (1) संसद के सदस्यों की अयोग्यता के लिए अपराधों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट रूप से अपराधों को वर्गीकृत करती है। लेकिन धारा 8(3) सजा और कारावास की अवधि के आधार पर एक व्यापक स्वतः अयोग्यता प्रदान करती है। यह तर्क देता है कि 1951 के उक्त अधिनियम को निर्धारित करते समय विधायिका का इरादा उन सजायाफ्ता निर्वाचित सदस्यों को अयोग्य ठहराना था, जिन्होंने गंभीर या जघन्य अपराध किए थे।

मालूम हो कि सूरत की जिला अदालत ने मोदी सरनेम टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराया है और उनको इस मामले में जो अधिकतम सजा 2 साल की होती है वह सजा सुनाई है। इसमें कुछ मिनट में राहुल गांधी को न्यायालय से जमानत तो मिल गई, लेकिन किसी भी सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि को किसी केस में 2 वर्ष या उससे ज्यादा की सजा होती है तो उसकी संसद या विधान सभा सदस्यता खत्म कर दी जाएगी। ऐसे में यदि सूरत कोर्ट ने 2 वर्ष या पूरे 24 माह से एक दिन कम की भी सजा सुनाई होती तो राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त नहीं होती।

### पुराने कथनों और ट्वीट शेयर कर पूछने लगे लोग

## क्या इन पर भी होगी कार्रवाई?

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

क्या भाजपा के वे नेता जिन्होंने राहुल गांधी के विरुद्ध सूरत के एक न्यायालय में मानहानि का मुकदमा किया था, अब खुशबू सुंदर के विरुद्ध मानहानि का मुकदमा करेंगे? जिसने राहुल गांधी से कई माह पहले 2018 में मोदी सरनेम वाले कुछ घोटाला आरोपियों के विरुद्ध उसी तरह की टिप्पणी ट्वीट करके की थी, जिस तरह की टिप्पणी राहुल गांधी ने 2019 में कर्नाटक के कोलार में चुनाव प्रचार के दौरान की थी। जिस पर गुजरात के एक भाजपा विधायक ने सूरत के एक कोर्ट में मुकदमा दायर किया और कोर्ट ने इस मामले में जो अधिकतम सजा 2 वर्ष होती है, वह ठीक 2 वर्ष की सजा गुरुवार 23 मार्च 2023 को सुनाई। इस 2 वर्ष की सजा सुनाए जाने को आधार बनाकर, दूसरे ही दिन शुक्रवार 24 मार्च 2023 को लोकसभा से राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म कर दी गई।

खुशबू सुंदर ने 2018 में किए गए एक ट्वीट में मोदी सरनेम पर सवाल उठाते हुए लिखा था, यहां मोदी वहां मोदी जहां देखो मोदी, ले ये क्या? हर मोदी के आगे भ्रष्टाचार सरनेम लगा हुआ है...#मोदी मतलब #भ्रष्टाचार... लेट्स चेंज द मीनिंग ऑफ मोदी टू करप्शन...सुट्स बेटर..#नीरव#नमो=करप्शन


← Tweet
KhushbuSundar
@khushsundar
Yahan #Modi wahan #Modi jahan dekho #Modi..lekin yeh kya?? Har #Modi ke aage #bhrashtachaar surname laga hua hai..toh baat ko no samjho..#Modi mutlab #bhrashtachaar..let's change the meaning of #Modi to corruption..suits better..#Nirav #Lalit #Namo = corruption..
6:49 PM · Feb 15, 2018
268 Retweets 185 Quotes 554 Likes 34 Bookmarks

यह ट्वीट इस समय खूब वायरल हो रहा है। इस ट्वीट का स्क्रीनशॉट कांग्रेस के कई नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से साझा करते हुए सवाल करना शुरू कर दिया है कि क्या अब गुजरात के विधायक पूर्णेश मोदी खुशबू सुंदर के विरूद्ध मामला दर्ज करेंगे, जो अब भाजपा में हैं और राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य हैं। स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए विपक्षी दलों के तमाम नेता व अन्य लोग राहुल की सदस्यता जाने को राजनीतिक प्रतिशोध कहते हुए उन तमाम नेताओं, सांसदों, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री व उनके आका के भी पहले के कथनों, इस तरह की बातों, अखबार में छपी खबर की कतरन व ट्विट आदि शेयर करने लगे हैं।

## तीन मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इलाहाबाद, छत्तीसगढ़ और पटना उच्च न्यायालयों में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। नए मुख्य न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन हैं। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने एक ट्वीट में कहाः भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, भारत के राष्ट्रपति ने निम्नलिखित न्यायाधीशों को उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त किया है। मैं उन सभी को शुभकामनाएं देता हूं। 9 फरवरी को एक बयान में, शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने कहा थाः न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर इलाहाबाद में उच्च न्यायालय के न्यायपालिका में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं।

# कांग्रेस ने 124 उम्मीदवारों की पहली सूची की जारी

### वरुणा से सिद्धारमैया व कनकपुरा से डीके शिवकुमार लड़ेंगे चुनाव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 124 सीटों की सूची जारी की है। वरुणा से सिद्धारमैया और कनकपुरा से डी.के. शिवकुमार चुनाव मैदान में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दो सीटों से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। इनके अलावा एच.के पाटिल, रिजवान अरशद, कनीज फातिमा, यू.टी खादर, एच. नागेश, दिनेश गुंडू राव को भी टिकट दिया गया है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने 17 मार्च को बैठक की और प्रत्येक सीट पर विचार-विमर्श किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने राज्य में किसी गठबंधन की संभावना से इनकार किया है।



सूत्रों के मुताबिक, कुछ मौजूदा विधायकों के टिकट काटे जा सकते हैं। वर्तमान में, 224 सदस्यीय सदन में कांग्रेस के 68 विधायक हैं। पार्टी की राज्य स्क्रीनिंग कमेटी ने पहले ही अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों के नामों की एक सूची तैयार कर ली है। 224 सीटों के लिए 1,300 से अधिक आवेदन पार्टी को प्राप्त हुए थे। शिवकुमार ने कहा, राज्य के लोग बदलाव के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि वे भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं।

## राहुल एक कारोबारी के विरूद्ध अभियान परवान चढ़ाने में सफल हो जाएंगे?

### आखिरी दम तक लड़ाई करते रहने का जन समर्थन जुटा पाएंगे?

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

राहुल गांधी अब आखिरी दम तक लड़ाई का हुंकार भर रहे हैं। वह मॉरिशस की 20 हजार करोड़ रुपये की शेल कंपनियों के तथाकथित एक कारोबारी को बेनकाब करने की कोशिश कर रहे हैं और इससे पीछे नहीं हटने की बात कर रहे हैं। लेकिन जिस तेजी से उनको जाल बिछा कर ठिकाने लगाने की जो चालें चली जा रही हैं, उससे वह पार पा सकेंगे, कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। राहुल गांधी जितना आगे बढ़ेंगे, उनकी दुश्वारियां उतनी ही बढ़ती जाएंगी।



नहीं झुकने की हुंकार भरने वाले राहुल की मुश्किलें ईडी मामले में भी बढ़ सकती है। इन सब में इतना समय लग सकता है कि 2024 में होने वाला लोस चुनाव भी पार हो जाए। अपनी-अपनी देख रहे अन्य विपक्षी दलों में से भी कई सीबीआई, ईडी के जाल में फंस सकते हैं। ऐसे में बिखरी-बिखरी विपक्षी एकता तब किसी लायक नहीं रह जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर में अगले साल चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस : वैष्णव

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर श्रीनगर पहुंचे केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में अगले साल वंदे भारत ट्रेनें चलेंगी, क्योंकि जम्मू-श्रीनगर रेल लिंक इसी साल खोला जाएगा। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे भारत में रेल नेटवर्क को बदल दिया है और कश्मीर में भी रेलवे को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में कुपवाड़ा और अन्य दो स्थलों को जल्द ही भारतीय रेल से जोड़ा जाएगा।

### मनोज सिन्हा का विवादित बयान

## गांधी जी सिर्फ हाई स्कूल पास थे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल (लेफ्टिनेंट गवर्नर) मनोज सिन्हा ने कहा था कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सिर्फ मैट्रिक पास थे। उनके पास कानून की कोई डिग्री नहीं थी। अब उनकी कल की इस टिप्पणी पर शनिवार को महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने एक के बाद एक कई ट्वीट कर मनोज सिन्हा को जवाब दिया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के एलजी को प्रमाण के तौर पर गांधीजी की आत्मकथा भी भेज दी है।



दरअसल, शुक्रवार को मनोज सिन्हा ने एक कार्यक्रम में इस बात का दावा किया था कि महात्मा गांधी के पास लॉ की कोई डिग्री नहीं थी। अब शनिवार को महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने उनके इस दावे का खंडन किया है। तुषार गांधी ने ट्वीट किया- एमके गांधी ने राजकोट के अलफ्रेड हाईस्कूल से मैट्रिक पास की थी। उन्होंने लंदन में मैट्रिक पास की। इसके बाद इनर टेम्पल से लॉ की डिग्री हासिल की थी। उसके साथ-साथ उन्होंने दो डिप्लोमा भी लिए थे। एक डिप्लोमा लैटिन भाषा और दूसरा फ्रेंच भाषा में था। ये सारी चीजें आत्मकथा में दर्ज हैं। दरअसल, मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को आईटीएम ग्वालियर में डॉ. राम मनोहर लोहिया स्मृति व्याख्यान में अपने संबोधन के दौरान गांधीजी की शैक्षिक योग्यता के बारे में बयान दिया था।

तुषार गांधी ने यह भी ट्वीट किया- मैंने बापू की आत्मकथा की एक प्रति राजभवन, जम्मू को इस उम्मीद के साथ भेजी है कि अगर उप राज्यपाल पढ़ सकते हैं तो उन्हें इस बारे में जानकारी मिल जाएगी।

### रिपोर्ट कुल सांसदों में से आधे पर दर्ज हैं आपराधिक मुकदमे

# भाजपा के 116 सांसदों पर मुकदमे

### 2019 में कुल सांसदों में से 29 प्रतिशत के विरूद्ध बालात्कार, हत्या, हत्या के प्रयास, महिलाओं के विरूद्ध हिंसा जैसे दर्ज थे केस

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में 2019 में चुनावी भाषण में 1300 करोड़ रुपये. घोटाला करके विदेश भाग गये नीरव मोदी, ललित मोदी जैसों का नाम लेते हुए कहा था कि सभी मोदी नाम राशि वाले चोर हैं क्या? जिस पर राहुल के विरुद्ध सूरत की एक अदालत में मानहानि का मुकदमा एक व्यक्ति ने किया। उस मामले में 23 मार्च 2023 को जो फैसला आया उसमें राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा हुई। जिसे आधार बनाकर दूसरे दिन 24 मार्च 2023 को लोकसभा सचिवालय से राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने की नोटिस जारी कर दी गई। इसके मद्देनजर यदि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में जीते नेताओं को देखें तो केवल राहुल गांधी ही ऐसे सांसद नहीं थे, जिन पर आपराधिक मामला दर्ज था। 2019 के लोक सभा चुनाव में चुने गए सभी सांसदों में से लगभग आधे 233 सांसदों के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज थे। इनमें भी सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी के सांसद थे। इस बारे में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने 2019 के चुनाव परिणाम पर जो रिपोर्ट जारी की थी, उसमें 539 सांसदों के शपथ पत्र के विश्लेषण से पता चला था कि 43 प्रतिशत सांसद ऐसे थे जिन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज थे।

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के 303 सांसद चुनाव जीते थे। जिसमें से 39 प्रतिशत या 116 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। भाजपा के बाद कांग्रेस दूसरे नंबर पर थी। कांग्रेस 52 सीटें जीती थीं, जिसमें 29 सांसदों पर आपराधिक मामले थे। तीसरे नंबर पर जदयू के 13 सांसद थे। कुल जदयू सांसद के 81 प्रतिशत पर आपराधिक मामला चल रहा था। 2019 में कुल सांसदों में से 29 प्रतिशत के विरूद्ध बालात्कार, हत्या, हत्या के प्रयास, महिलाओं के विरूद्ध हिंसा जैसे गंभीर आपराधिक मामले चल रहे थे। यदि गंभीर मामलों की बात करें तो 2009 के मुकाबले 2019 आते-आते गंभीर मामलों का सामना कर रहे सांसदों की संख्या में 109 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। आंकड़ों के अनुसार लोकसभा में लगातार 'दागी' सांसदों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। 2009 से 2019 के बीच दस वर्ष में में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

## FILMY हलचल

### निर्माता रत्नाकर ने खेसारी लाल के साथ की भोजपुरी 'वीर हनुमान' की घोषणा

**एक** बार फिर से भोजपुरी इंडस्ट्री की तिकड़ी धमाल मचाने को तैयार है। जी, हां हम बात कर रहे हैं भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे सफल तिकड़ी की। इस तिकड़ी ने अब तक जितनी भी फिल्में साथ बनाई हैं, वे सभी सुपरहिट साबित हुई हैं। जी, हां ये तिकड़ी और कोई नहीं बल्कि वर्ल्ड वाइड रिकाड्र्स के एमडी-फिल्म निमार्ता रत्नाकर कुमार, भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और निर्देशक पराग पाटिल की है। आज ही वर्ल्ड वाइड रिकाड्र्स के एमडी-फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार ने खेसारी लाल यादव को लेकर अपनी नई भोजपुरी फिल्म वीर हनुमान को घोषणा की है, जिसका निर्देशन पराग पाटिल करने जा रहे हैं। फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी की है। वर्ल्ड वाइड चैनल जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत वीर हनुमान की शूटिंग जल्द ही शुरू की जाएगी। फिल्म की घोषणा करते हुए निर्माता रत्नाकर कुमार ने एक पोस्टर साझा किया है। इसमें वीर हनुमान का आधा भाग नजर आ रहा है और पूरा पोस्टर सिंदूर रंग के साथ बनाया गया है।

### जैकलीन के खिलाफ मानहानि मामले की 22 मई को सुनवाई

**दिल्ली** की एक अदालत ने शनिवार को जैकलीन फर्नांडीज के खिलाफ एक्ट्रेस नोरा फतेही की उस याचिका को 22 मई तक के लिए स्थगित कर दिया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जैकलीन ने उनके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण कारणों से मानहानि के आरोप लगाए और 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले में उनके करियर को बर्बाद कर दिया, जिसमें कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर मुख्य आरोपी है। यह मामला पटियाला हाउस कोर्ट के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एमएम) कपिल गुप्ता के समक्ष सूचीबद्ध था। नोरा ने 13 जनवरी को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट आकृति महेंद्रू की मौजूदगी में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गवाह के तौर पर अपना बयान दर्ज कराया। अदालत ने 19 दिसम्बर, 2022 को कहा था कि शिकायतकर्ता के वकील ने गवाहों की सूची दाखिल करने के लिए कुछ समय मांगा था। चंद्रशेखर से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) भी जैकलीन से पूछताछ कर रही है। इससे पहले नोरा ईओडब्ल्यू के सामने भी पेश हुई थी। नोरा ने आरोप लगाया है कि जैकलीन ने एक एक्ट्रेस होने के बावजूद उसके खिलाफ झूठा बयान दिया। याचिका में कहा गयाः जैकलीन ने अनावश्यक रूप से मुझे मामले में घसीटा और बदनाम किया, क्योंकि मैं भी उसी इंडस्ट्री में हूं। वह इस बात से पूरी तरह वाकिफ हैं कि किसी भी कलाकार का बिजनेस और उसका करियर पूरी तरह से उसकी इमेज पर आधारित होता है।



### 'फिल्म देवरानी जेठानी' में नजर आएंगी रिंकू घोष, फोटो वायरल

**मशहूर** फिल्म अभिनेत्री रिंकू घोष एक बार फिर से भोजपुरी सिनेमा में सक्रिय होती नजर आ रही हैं। रिंकू घोष की 'फिल्म देवरानी जेठानी' जल्द ही आने वाली है जिसमें उनके साथ भोजपुरी स्क्रीन की लोकप्रिय कलाकार काजल राघवानी, देव सिंह और गौरव झा भी मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म में रिंकू घोष मशहूर अभिनेता देव सिंह के साथ दिखाई देने वाले हैं। इस बात का अंदाजा इन वायरल तस्वीरों से लगाया जा सकता है। इसमें रिंकू घोष और देव सिंह साथ-साथ नजर आ रहे हैं। 'फिल्म देवरानी जेठानी' को वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शन प्रस्तुत कर रही है, जिसके निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह हैं। इस फिल्म को लेकर प्रदीप सिंह ने कहा कि 'फिल्म देवरानी जेठानी' पारिवारिक और संस्कारों वाली कहानी पर बनने वाली फिल्म है। इसे हम बेहद भव्यता के साथ बना रहे हैं।



### 'छोरी 2' की शूटिंग पूरी कर खुश हैं नुसरत और सोहा

अभिनेत्री नुसरत भरुचा और सोहा अली खान की खुशी का ठिकाना नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी हॉरर फिल्म 'छोरी 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। सोहा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें दोनों खुशी से झूम रहे हैं और फिर एक दूसरे को गले लगा रहे हैं। कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए दोनों की तस्वीरों के साथ वीडियो समाप्त होता है। एक्ट्रेस ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन दिया, छोरी 2 की शूटिंग पूरी कर काफी खुश हूं। साथ ही इसमें सोहा ने हैसटैग के जरिए छोरी 2, पोस्टरशूट, डनएंडडस्टड एट द रेट नुसरत भरुचा, विशाल को टैग किया। विशाल फुरिया, जिन्होंने 2021 में 'छोरी' का निर्देशन किया था, अगली कड़ी में निर्देशक की सीट पर लौट आए हैं।